रांची, सोमवार
16.04.2024
वर्ष : 9, अंक : 135 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988




## संक्षिप्त खबरें

### ओडिशा के जाजपुर में बस हादसा, पांच की मौत और 40 घायल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के जाजपुर जिले में सोमवार रात को हुए एक बस हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 लोग घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में करीब 50 लोग सवार थे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस दुर्घटना पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि जाजपुर जिले के बाराबती स्ट्रीट इलाके में यात्री बस दुर्घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। मैं मृतकों की अमर आत्मा के लिए प्रार्थना करता हूं और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही, मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। धर्मशाला पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक तपन कुमार नाइक ने कहा कि दुर्घटना में चार पुरुषों और एक महिला की मौत हो गई है। करीब 40 लोग घायल हैं। इनमें से 30 को कटक एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया जा रहा है। दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। पुरी से कोलकाता जा रही बस सोमवार की रात करीब नौ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-16 के बाराबती पुल से गिर गई। हादसा किस वजह से हुआ, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी को 25 रन से हराया

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 30वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) को 25 रन से हरा दिया है। हैदराबाद ने इस मैच में आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में आरसीबी की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी। हालांकि आरसीबी की तरफ से दिनेश कार्तिक ने साहसिक पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। जबकि विजयी टीम हैदराबाद की तरफ से सबसे ज्यादा ट्रेविस हेड ने 41 गेंदों पर नौ चौकों और आठ छक्कों की मदद से 102 रन बनाए। आरसीबी के होम ग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए ट्रेविस हेड के शतक और हेनरिच क्लासेन के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 287 रन बनाए। हैदराबाद ने आईपीएल के इसी सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाए थे, जो आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर था लेकिन इस मैच के कुछ ही दिन बाद उसने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। आरसीबी के लिए तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 52 रन देकर दो विकेट लिए।

# कामयाबी : टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**चतरा।** चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों और कोयला व्यवसायियों से लेवी वसूलते थे।इनके पास से मेड इन यूएसए लिखे दो पिस्टल, टीएसपीसी पर्चा सहित अन्य समान बरामद किया है।

चतरा एसपी विकास पांडेय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पिपरवार एवं टण्डवा थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसाय तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी। साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में कोल परिचालन में लगे हाइवा वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिस कारण कोल-व्यवसायियों तथा आमजन में भय व्याप्त था। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए टण्डवा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की टीम ने लगातार छापामारी कर टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल के रूप में हुई है। सभी टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा जिला के टण्डवा, पिपरवार, रांची जिला के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में खनन एवं विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों से लेवी वसूली की घटनाओं में शामिल थे। हाल ही में पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी गांव में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाइवा में आगजनी और जामडीह गांव स्थित श्री इन्टरप्राइजेज कम्पनी के हाइवा वाहन में आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों की पहचान की गयी है। साथ ही ये भी पता चला है कि नये लड़कों को संगठन में शामिल किया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**चाईबासा।** भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान चाईबासा पुलिस को सोमवार को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान के क्रम में तीर बम, आइईडी, प्रिंटर आदि भारी तादाद में समान बरामद किया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सोमवार को अभियान के दौरान टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम हुसीपी के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्र से पुराने नक्सली डम्प से भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य समान बरामद की गयी है। बरामद समान में दो प्रिंटर, मल्टी डीवीडी राइटर, लाल बैनर कपड़ा, अमोनियम नाइट्रेट 5 पैकेट (कुल 1 किलो प्रत्येक पैकेट-5 किलो), एमसील पैकेट 50 पैकेट, एमसील बड़ा पैकेट 5 पैकेट (कुल 25 किलो प्रत्येक 500 ग्राम), डेटोनेटर नॉन इलेक्ट्रिक कमर्शियल-09, सल्फर पाउडर 1 किलो, गन पाउडर कुल 2 किलो, केन (कंटेनर 5 लीटर क्षमता, भरा हुआ)-1, केन (20 लीटर क्षमता) गन पाउडर से भरा हुआ-1, लोहे के टुकड़े 1 किलोग्राम, सिरिंज 10, तीर बम 21, पेट्रोल- 2 लीटर, मिक्सर ग्राइंडर 1 छोटे जार के साथ, सेफ्टी पिन 100 पीस, स्विच 2 पीस, वोल्ट की बैटरी, छोटा एल्युमीनियम पाइप, प्लास्टिक पाइप, वायर कटर व अन्य दैनिक उपयोग की सामान शामिल है।

### नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, आठ आईईडी बम बरामद

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे गए आठ बम को बरामद किया। बरामद बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखी गई हैं। इस सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से जंगल में छापामारी अभियान चलाई। छापामारी के क्रम में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया। सभी बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया। एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम रखा होगा। उन्होंने बताया कि पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाई जा रही है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सुदूरवर्ती जंगली इलाकों में भी लगातार सर्च अभियान जारी है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया है कि किसी भी प्रकार की सूचना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

### बाईक सवार को बचाने में डिवाइडर पार कर बालू लदे ट्रैक्टर को मारी टक्कर

# चैती छठ पर सड़क हादसा, सूर्य भगवान को अर्घ्य देने जा रहे तीन लोगों की मौत, आठ घायल

बिभा संवाददाता



**रातू/रांची ।** रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड चौक स्थित शिव मंदिर के पास एनएच 75 में सोमवार की अहले सुबह 5.45 बजे भीषण सड़क दुर्घटना हो गईं जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई एवं आठ लोग घायल हो गए । घटना के बाद घायलों का ईलाज रातू सीएचसी में करने के बाद गंभीर रूप से घायल दो लॉगों को रिम्स भेज दिया गया । घटना के बारे प्राप्त जानकारी अनुसार सभी छठ व्रती पिक अप वैन जेएच 01ईई 1383 में सवार हो रातू चट्टी स्थित राजा तालाब में छठ घाट आ रहे थे तभी बाईक को बचाने के चक्कर में पिकअप डिवाइडर को पार कर बालू लदे ट्रैक्टर से टकरा गया । इस दुर्घटना में संत नगर झिरी निवासी दो महिला कमला देवी 55 वर्ष पति रामचंद्र यादव, कौशल्या देवी 55 वर्ष पति यदुनंदन प्रसाद तथा अराध्या कुमारी नौ वर्ष पिता राजेश साहु की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी तथा अन्य आठ लोग घायल हो गये । घायलों में गंभीर रुप से घायल दो महिला कमला देवी 55 वर्ष पति नंदू साव, निक्की कुमारी 22 वर्ष पिता नंदू साव को रिम्स भेजा गया है जंहा कमला देवी की हालत गंभीर बनी हुई है । वहीं रंजना कुमारी, सुषमा देवी, रुना देवी, प्रियंका देवी, कार्तिक, अभिमन्यू का सीएचसी में ईलाज कर घर भेज दिया गया ।

### रातू में जमीन कारोबारी से चार लाख एवं सोने की चैन की लूट

**रातू ।** रातू थाना क्षेत्र के मखमंद्रो बाजार के पास जमीन कारोबारी संतोष दुबे से सोने की चेन व चार लाख रुपए को लूटकर अपराधी भाग गए। घटना सोमवार की सुबह सवा दस बजे की है। जानकारी अनुसार बरियातु थाना क्षेत्र के मंडा बगीचा, मोराबादी निवासी संतोष दुबे पिता रामलखन दुबे अपनी एक्सयूवी कार जेएच 01 वीएस 6945 से ग्राहक को जमीन दिखाने बेलेंगी स्थित अपनी प्लॉट में आए हुए थे । प्लॉट दिखाने के बाद वह अपने साइड में ही रुक गए । थोड़ी देर बाद एक बाईक में दो अपराधी आए और एक ने संतोष दुबे के ऊपर चाकू से बार कर दिया जिसे वो बीच बचाव करने लगे तभी दूसरे ने पत्थल से उनके माथे में वार कर दिया जिसे वो बेहोश हो गए । उनके बेहोश होते ही दोनों अपराधी उनके गले से सोने का चैन और कार में रखे चार लाख रुपए को लूटकर भाग गए । थोड़ी देर बाद संतोष दुबे को होश आया तो देखा रूपए और सोना का चैन गायब है । इसके बाद पीड़ित दुबे अपने स्वजनों को इसकी सूचना दी एवं बगल में ही स्थित मादी अस्पताल में वो इलाज के लिए चले आए । घटना की जानकारी मिलते ही प्रोबेशनर आईपीएस मो याकूब और थाना प्रभारी शशीभूषण चौधरी घटना स्थल पहुंचे एवं अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दी । ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने भी घटना की जानकारी ली एवं कॉल डम्प समेत कई टेकनीकल जांच के आदेश दिए ।

### देश के चुनावों को कालेधन से मुक्ति की दिशा में बड़ा कदम है चुनावी बांड योजना : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी बांड योजना को देश के चुनावों को कालेधन से मुक्ति दिलाने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इससे राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे का स्रोत सार्वजनिक हो गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में विपक्ष पर चुनावी बांड योजना को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं के चुनावी बांड पर आरोप और क्या यह एक बुरा निर्णय था? इस सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में लंबे अर्से से चर्चा चली है कि चुनावों में कालेधन का बहुत बड़ा खतरनाक खेल हो रहा है। देश के चुनावों को कालेधन से मुक्ति मिलनी चाहिए। कालाधन खत्म करने के लिए पहले हमने 1000-2000 के नोटों को खत्म किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 20 हजार रुपये तक पार्टियां कैश ले सकती हैं। मैंने नियम बनाकर 20 हजार को ढाई हजार कर दिया, क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि ये कैश वाला कारोबार चले। उन्होंने कहा, ।जहां तक इलेक्टोरल बॉन्ड की बात है तो ये उसकी सक्सेस स्टोरी है, क्योंकि इससे मनी ट्रेल मिल रहा है कि किस कंपनी ने दिया, कैसे दिया, कहां दिया।

विपक्ष के इस आरोप पर कि भाजपा सभी संस्थानों पर नियंत्रण रखती है और कोई समान अवसर नहीं है? प्रधानमंत्री ने कहा, ।एक कहावत है- नाच न जाने आंगन टेढ़ा। ये कभी ईडी, कभी सीबीआई, कभी ईवीएम का बहाना निकालेंगे। मूलतः वो अपनी पराजय के लिए रीजनिंग पहले से सेट करने में लगे हैं, ताकि पराजय उनकी खाते में ना चली जाए।। उन्होंने कहा कि जहां तक ईडी, सीबीआई की बात है तो इसमें एक भी कानून मेरी सरकार ने नहीं बनाया है। हमने तो इलेक्शन कमीशन में सुधार किए हैं। पहले तो प्रधानमंत्री एक साइन करके इलेक्शन कमीशन बना देते थे, आज तो उसमें विपक्ष भी रहता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से आजकल हम देखते हैं कि एक शब्द के प्रति कोई प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी नहीं है।

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने अगली सुनवाई 23 अप्रैल को उन्हें फिर वर्चुअल माध्यम से पेश करने का ईडी को निर्देश दिया। श्री केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था। समान की अनदेखी के बाद ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने इसी मामले की सह आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया। उन्हें अदालत के समक्ष अलग से पेश किया गया। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता श्री केजरीवाल की अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर ईडी को आज ही (15 अप्रैल) नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

### भारत में इस साल भी जमकर होगी बारिशः आईएमडी

एजेंसी



**नई दिल्लीः** भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने अपने पूवार्नुमान में सोमवार को बताया कि इस साल मानसून के दौरान पूरे देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच मानसून ऋतुनिष्ठ वर्षा दीर्घावधि औसत का 106 फीसदी होने की संभावना है।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी अपने पूवार्नुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव पर विचार करता है और यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा वर्षा होने की बहुत संभावना है।

महापात्र ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों के आधार पर हाल के वर्षों में नई दीर्घावधि औसत पेश किया गया है जिसके तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। उन्होंने कहा कि अगर ऋतुनिष्ठ वर्षा दीर्घावधि औसत की 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच होती है तो वह सामान्य मानी जाती है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि दीर्घावधि औसत की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर वर्षा दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है।

# लोकसभा चुनावः चुनाव आयोग ने जब्त किए 4650 करोड़, 75 साल के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

एजेंसी

**नई दिल्लीः** लोकसभा और चार विधानसभा चुनावों को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए चुनाव आयोग की चौकसी के साथ देश भर में पुलिस और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक कुल 4650 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, मादक वस्तुएं और अन्य सामान जब्त किए हैं। आयोग की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में इस तरह की यह अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। विज्ञप्ति के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों ने 13 अप्रैल तक 395.39 करोड़ रुपए नकद, 489.3 रुपए मूल्य की शराब, 2068.8 करोड़ रुपए के मादक द्रव्य, 562.1 करोड़ रुपए की कीमती धातुएं और 1142.49 करोड़ रुपए की प्रलोभन की वस्तुओं सहित कुल 4650 करोड़ रुपए की जब्ती की है। पिछले आम चुनाव की पूरी अवधि में इस तरह की जब्ती 3475 करोड़ रुपए से कुछ अधिक थी। जब्ती में 45 प्रतिशत हिस्सा नशीली दवाओं और शराब कहा है। आयोग ने कहा है कि वह नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई पर विशेष ध्यान दे रहा है।

तमिलनाडु में 460 करोड़ रुपए की नकदी और अन्य चीजें, महाराष्ट्र में 431 करोड़ रुपए, पंजाब में 311 करोड़ रुपए, कर्नाटक में 281 करोड़ रुपए, पश्चिम बंगाल में 220 करोड़ रुपए और उत्तर प्रदेश में 141 करोड़ रुपए की नकदी और सामान जब्त किए गए हैं। आयोग ने कहा है कि इस काम में वृहद योजना, एजेसियों के परस्पर और एकीकृत निरोधक कार्रवाई, नागरिक भागीदारी और प्रौद्योगिकी के अच्छे उपयोग से यह सफलता मिली है।

#### किस राज्य से कितनी संपत्ति जब्त हुई

पिछले लोक सभा चुनाव के दौरान इस तरह की कार्रवाई में 844 करोड़ रुपए नकद, 305 करोड़ रुपए की शराब, 1280 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं, 987 करोड़ रुपए की कीमती धातुएं और 60 करोड़ रुपए की प्रलोभन के लिए बांटी जाने वाली वस्तुएं पकड़ी गई थीं। राजस्थान में करीब 36 करोड़ रुपए की नकदी सहित कुल 778 करोड़ रुपए की जब्ती की गई है। उसके बाद गुजरात का स्थान है जहां कुल 605 करोड़ रुपए की जब्ती की गई है इसमें 6.55 करोड़ रुपए की नकदी और 486 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं शामिल हैं।

#### 106 सरकारी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई

आयोग ने कहा है कि आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में अब तक लगभग 106 सरकारी कर्मियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की है। इन अधिकारियों पर चुनाव प्रचार में राजनेताओं की सहायता करते हुए आचार संहिता और निदेर्शों का उल्लंघन करने के आरोप हैं। अठारहवीं लोकसभा चुनाव के लिए सात चरणों में मतदान सम्पन्न कराने का काम शुक्रवार को शुरू हो रहा है। पहले चरण में 102 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। लोक सभा चुनाव के साथ ही अरुणाचल, आंध्र प्रदेश ओडिशा और सिक्किम विधान सभा के चुनाव भी कराए जा रहे हैं।

#### 12 अप्रैल को हुई थी समीक्षा बैठक

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने पिछले महीने चुनावों की घोषणा करते हुए धन शक्ति को स्वतंत्र और परदर्शी चुनाव के मार्ग की चार चुनौतियों में से एक बताया था। कुमार ने आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान की तैयारियों को लेकर संबंधित सभी केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ 12 अप्रैल को समीक्षा बैठक आयोजित की थी। इसमें चर्चा का एक मुख्य बिंदु प्रलोभन-मुक्त चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सख्ती, निगरानी और जांच का मुद्दा था। आयोग ने तमिलनाडु के नीलगिरी में जांच की एक घटना में कर्तव्य में ढिलाई और एक प्रमुख नेता के काफिले में शामिल वाहनों की जांच में भेदभाव बरतने के लिए उड़न दस्ते (फ्लाइंग स्क्वाड) टीम के प्रमुख को निलंबित कर दिया। जांच में सख्ती का उदाहरण देते हुए आयोग ने कहा है कि अधिकारियों ने एक राज्य के मुख्यमंत्री के काफिले में वाहनों की जांच की और एक अन्य राज्य में एक उपमुख्यमंत्री के वाहन की जांच की है।

### एक लाख के इनामी सहित 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



एजेंसी

**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वरार्टू (घर वापस आइए) के तहत सोमवार को एक लाख रुपये के इनामी सहित 26 नक्सलियों ने जिला पुलिस कप्तान के सामने आत्मसमर्पण किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले पुलिस प्रशासन की पहल रंग लाई। समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की मंशा के साथ एक लाख रुपये के इनामी नक्सली सुकमा जिले के पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी के साथ 25 अन्य नक्सलियों ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 20 पुरुष और छह महिला नक्सली शामिल हैं। यह सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव, सुकमा जिलों में सक्रिय थे। उल्लेखनीय है कि नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वरार्टू के तहत सुकमा जिले में सबसे अधिक नक्सली रोजाना आत्मसमर्पण कर रहे हैं। साथ ही आत्मसमर्पण न करने वाले नक्सली गिरफ्तार किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**चान्हो।** चामा मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बाईक और बोलेरो के टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक भी घायल हो गया। चामा की ओर से जा रहे बाईक मे तीन लोग सवार थे। वे लोग नकटा पहाड़ देखने जा रहे थे। तभी मैक्लुस्कीगंज की ओर से आ रहे एक बोलरो ने चपेट मे ले लिया, जिससे बाईक सवार मांडर प्रखण्ड के अम्बा टोली निवासी 17 वर्षीय सुमन लकड़ा पिता मार्शल लकड़ा और चान्हो प्रखण्ड के डोम्बा टोली निवासी 15 वर्षीय अंकित कुजुर, पिता स्व सुरेश उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हेसमी निवासी सोनू कुमार सिंह को भी चोट आई। खबर मिलते ही मृतक के शव को अस्पताल लाया गया जहां से दोनों को अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। मांडर के ज़िला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया और शव के साथ स्वयं रिम्स गया और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया। घटना से क्षेत्र के लोग आहत हैं। वहीं परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है।

### दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान मौत के 5 दिन बाद मामला दर्ज


**सिल्ली :** सड़क हादसे में घायल का ईलाच के दौरान मौत के बाद मृतक की पत्नी के आवेदन पर पुलिस ने नामदर्ज एफआईआर किया । मालूम हो कि 8 अप्रैल को थाना क्षेत्र के कोकालगाम निवासी रंजीत सिंह मुंडा (38) पाटका सोतिया के समीप बोलेरो(जेएच05सीभी-8989) के चपेट में आने से घायल हुआ था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल मुण्डा को सामुदायिक अस्पताल सिल्ली पहुंचाया गया था। उनकी स्तिथि को देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर किया था। ईलाच के दौरान 11 अप्रैल को उसने दम तोड़ा था। 13 अप्रैल को मृतक की पत्नी सविता देवी के आवेदन पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता 279/304(अ) के तहत केस दर्ज किया है। दूसरी ओर शव के साथ लगभग 8 घंटा सड़क जाम करने पर थाना में 14 नामदज और 200 अज्ञात पर यातायात बाधित करने, आचार संहिता का उल्लंघन करने, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने तथा अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप पर मामला दर्ज किया गया है। वही ग्रामीणों ने सोमवार को सोशल मीडिया में कहा है कि पुलिस का यह आरोप बेबुनियाद है हमलोग शव को लेकर थाना एफआईआर कराने एंव मुआवजा की मांग को लेकर शांति के साथ जा रहे थे लेकिन पुलिस ने ही बीच रास्ता में हमें सभी ग्रामीणों को रोका। करीब 8-10 घंटा भूखे प्यासे हमलोग सड़क पर मुआवजा और वाहन के विरुद्ध एफआईआर की मांग को लेकर गिड़गिड़ाते रहे लेकिन हमारी एक न सुनी गई और उल्टे कुचल देने की धमकी दी गई। वही ग्रामीणों के बीच उपस्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षक राजू महतो ने कहा राजनीतिक साजिश के तहत मामला दर्ज किया गया है पुलिस गाड़ी वाले को बचाने चाह रही थी। गलत का विरोध करेंगे चाहे जेल जाना पड़े।

### सोनाहातू-राहे में चैती दुर्गा पूजा प्रारंभ, निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड के राहे, सोनाहातू क्षेत्र में नया पत्रिका प्रवेश के साथ ही चैती दुर्गा पूजा प्रारंभ हो गई है। पांडुडीह में पूजा समिति के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। त्रिवेणी संगम सतिघाट की स्वर्णरिखा नदी पवित्र जल को कलश में लेकर महिलाएं पूजा स्थल तक गई जहां पंडित अजय शुक्ला, गणेश तिवारी ने विधि-विधान के साथ कलश के जल की स्थापना कराया। समिति के अशोक महतो ,पूर्व उप प्रमुख अनिता देवी, विपिन महतो, प्रदीप महतो, चंद्रकांत महतो, पुरंदर हजाम, बुधेश्वर महतो, सीताराम महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इधर राहे ठाकुर मुहल्ला में दो जगहों में माता दूर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है। महासप्तमी के अवसर पर बिसना बाबा पहाड़ी मंदिर में बजरंगबली प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस दौरान कोकरो नदी से पहाड़ी मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गयी।

### रामनवमी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई लेवल पुलिस मीटिंग



**रामगढ़:** अगामी रामनवमी पर्व शांति पुर्वक सम्पन्न हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार द्वारा आज पुलिस सभागार में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/अंचल निरीक्षक/थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस कार्यालय, रामगढ़ स्थित सभागार में रामनवमी पर्व को लेकर आयोजित बैठक में शांति पूर्ण तरीके से मनाने व विधी - व्यवस्था संधारण चर्चा कि गई। आरक्षी अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस पदाधिकारी को रामनवमी त्योहार के दौरान शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### रातू में जमीन कारोबारी से लूटी सोने की चेन व 4 लाख नगद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची ।** रातू थाना क्षेत्र के मखमंद्रो बाजार के पास जमीन कारोबारी संतोष दुबे से सोने की चेन व 4 लाख की लूटकर अपराधी भाग गए। घटना सोमवार की सुबह करीब 10:45 बजे के करीब हुई है। पीड़ित अपनी एक्सयूवी गाड़ी से ग्राहक को जमीन दिखा कर लौट रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जमीन कारोबारी संतोष दुबे मोरहाबादी निवासी किसी ग्राहक को जमीन दिखाने रातू आए थे। इसी बीच बाइक सवार दो लोगो ने मारपीट कर उनसे चार लाख रुपए लुट लिए। घायल संतोष का ईलाज रातू के निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

### पुंदाग में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची :** पूंदाग श्री महावीर मण्डल आम बगीचा में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में उपस्थित श्री महावीर मंडल राँची (केंद्रीय समिति) के पदाधिकारी गण। इस अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने खिलाड़ियों के बीच कहां की सरकार को भी इस पारंपरिक खेल में ध्यान देने की जरूरत है ताकि रामनवमी के शस्त्र शस्त्र का खेल पुनर्जीवित हो सके।

# रामनवमी पर्व के मद्देनजर हुई जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

प्रकाश पटवारी



**रामगढ़:** रामनवमी पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त श्री चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार के द्वारा सभी को आगामी रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी गई वहीं उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में अपना योगदान देने की अपील की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में कुल 86 स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। इसके साथ ही दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा गस्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मानाने की अपील करते हुए शांति समिति के सभी सदस्यों को पर्व के दौरान शराब पीकर अथवा किसी अन्य नशे की हालत में किसी बि व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही वहीं उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी शांति समिति के सदस्यों से पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस को अनिवार्य रूप से निर्धारित रूट का पालन करते हुए ही संपन्न करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा हालांकि धार्मिक गीत बजाए जाने पर कोई समस्या नहीं है। लेकिन किसी भी हाल में कोई भी भड़काऊ गीत नहीं बजाया जाएगा। अगर इसकी अवमानना होगी तो संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर प्रत्येक अखाड़ा के लिए 10 वॉलिंटियर चिन्हित कर लगातार उनके साथ संपर्क में रहने तथा प्रत्येक जुलूस के साथ यथासंभव एक-एक पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्त करने की भी बात उपायुक्त ने कहीं।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार ने शांति समिति के सदस्यों के साथ-साथ सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में निर्धारित रूट चार्ट का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सभी सदस्यों को जुलूस के रास्ते में किसी भी प्रकार से घर निर्माण से संबंधित सामग्री न होने देने अथवा उसका ढका होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने पर्व के दौरान पर्याप्त लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के द्वारा रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तृत जानकारी सभी शांति समिति के सदस्यों सहित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इसलिए यह बहुत जरूरी होगा कि पर्व के दौरान किसी भी हालत में राजनीतिक प्रचार प्रसार का कोई भी कार्य न हो सके इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य अधिकारियों को निकल जाने वाले जुलूस की फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी कराने सहित इस संबंध में किए जाने वाले अन्य कार्रवाइयों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश व महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान जिला स्तरीय बढ़िया अधिकारियों अधिकारियों प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरहूल मानव सभ्यता को वन पर्यावरण संरक्षण के लिए करता है प्रेरित : कालीचरण मुंडा

बिभा संवाददाता



**बुंडू।** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा सोमवार को बुंडू प्रखंड स्तिथ नावाडीह गांव में सरहूल महोत्सव में शामिल हुये। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पश्चात नावाडीह में सरहूल महोत्सव पर कालीचरण मुंडा ढोल नगाड़े पर जमकर थिरके। सरहूल महोत्सव को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा की सरहूल पर्व आदिवासियों के प्रकृति प्रेम का प्रतीक है। जंगलों को बचाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। सरहूल मानव सभ्यता को वन पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है एवं मानव जीवन दर्शन के मौलिकता को दशार्ता है। सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है। जरूरत है हमे इसे संजोने की। इस पर्व के माध्यम से हमें प्रकृति की महत्व को समझते है। सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व आदिवासी समाज द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते आ रहे है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व को बचाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। इसमें युवाओं की भूमिका अहम रहेगी।

उन्होने आगे कहा की हमें गर्व है कि हम प्राकृतिक उपासक हैं। हमारा धर्म अति प्राचीन एवं विज्ञान पर आधारित है। हमारी धार्मिक, समाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक मान्यताएं एवं परंपराएं प्रकृति के नियमानुसार बनें हैं। सरहूल पूजा मानव को प्राकृतिक के प्रति प्रेम एवं संरक्षण करवाने की ओर प्रेरित करती है। मौके पर मुखिया संदीप उरांव, पंसस गुरुवा मुंडा, बिरसा मुंडा, जहरू उरांव, नवकृष्ण मुंडा, सुधीर मुंडा, चामु मुंडा, कुलपति मुंडा आदि महागठबंधन के कार्यकर्ता और सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा नेता हैरान और परेशान: राजद

बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा हैरान और परेशान नजर आ रही है इसलिए भाजपा नेताओं द्वारा उलूल जलूल बयान बाजी की जा रही है चुकी अभी से भाजपा को हार का डर सताने लगा है चुकी भाजपा समझ रही है कि इस रैली के दिन से ही भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। इस रैली में देश के सभी बड़े नेता जो इंडिया गठबंधन में सामिल है आयेंगे ।

इस रैली में महागठबंधन के नेता और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता,युवाओं के मान व सम्मान युवाओं के आई कोन माननीय श्री तेजस्वी प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

डॉ मनोज ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र केवल लोक लुभावने घोषणा पत्र है देश की जनता जान चुकी है कि भाजपा को झूठे वादे करने और झूठे सपने दिखाने की जुमला है।देश की जनता जानना चाह रही है कि पिछले जो वादे माननीय प्रधानमंत्री किए थे दो करोड़ बेराजगारों की नौकरी, काला धान वापस लाएंगे, स्मार्ट सिटी बनायेगे इस तरह के सैकड़ों वादे किए थे उसका क्या हुआ भाजपा को बताना चाहिए। भाजपा के क्रिया कलाप से देश की जनता वाकिफ है इसलिए देश सहित भाजपा के तमाम नेता जीतने झूठे वादे कर ले कुछ होना नहीं है।

## पैरामेडिकल काउंसिल का परीक्षा परिणाम जारी



**रांची:** पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा दिसंबर 2023 की परीक्षा के परिणाम डा चंद्रकिशोर शाही, निदेशक प्रमुख (स्वास्थ सेवाएं) और डा डी के सिन्हा, कार्यकारी निदेशक सह सदस्य सचिव, झारखंड पैरामेडिकल काउंसिल के समक्ष जारी किया गया। इस परीक्षा में 3470 डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के छात्र शामिल हुए थे जिनमें 2082 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। मौके पर रजिस्ट्रार डॉ एम दीपक लकड़ा, परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन व झारखंड पैरामेडिकल काउंसिल के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है : प्रतुल शाहदेव



बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** होटल शिवम इन में सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी भाजपा का संकल्प है और भाजपा का संकल्प मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि इस अवधि में सरकार ने देश के लोगों की आकांक्ष पर खरा उतरने का कार्य किया है। बताया कि केंद्र सरकार ने कोरोना काल में देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने का कार्य किया है। जिसकी अवधि बढ़ाई गई है और आनेवाले 5 वर्ष तक लोगों को यह सुविधा मिलती रहेगी। बताया कि देश के 34 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया गया है। कहा कि इसके तहत लोगों के 5 लाख तक का इलाज मुफ्त होता है। प्रतुल ने संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि आयुष्मान योजना में अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को लाने का संकल्प भाजपा ने लिया है। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वदी, रंजन फौजी, भीमसेन चौहान, ब्रजेश पाठक आदि उपस्थित थे।

## पंडाडीह और भुरसूडीह में संपन्न हुआ सरहुल महोत्सव

बिभा संवाददाता



**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के पंडाडीह और भुरसूडीह गांव में उल्लास के साथ संपन्न हुआ प्रकृति का पर्व सरहुल महोत्सव। ग्रामीणों ने काफी उल्लास के साथ सिंगा-बोंगा की विधिवत पूजन किये और क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति की कामना किये। सरहुल प्रकृति संरक्षण के साथ हमें अपनी संस्कृति-परम्परा की पहचान दिलाती है। महोत्सव में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, आनन्द यादव, आमीन आदि ने महोत्सव का आनन्द लिया। आयोजन समिति ने सभी उपस्थित लोगों को सखुआ फूल ( बा) देते हुए प्रकृति संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया। सभी ने प्रकृति को छेड़छाड़ न करते हुए जल जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लिया। प्रकृति का पर्व सरहुल महोत्सव में बाहर से आये पुरुष और महिला कलाकारों के द्वारा अपने आदिवासी वेषभूषा और मनमोहक परिधान के साथ नृत्य और संगीत से समा बांधे। मौके पर सोनाहातू उपप्रमुख सबिता देवी, सुरेंद्र सिंह मुंडा, निशिकांत गोंझु, सुरेंद्र सिंह मुंडा, संजय सिंह , भारत पातर (पाहान), दिनेश पातर, अंनत पातर, सरत पातर, शत्रुघन पातर, सुरेन पातर, नगेन्द्र गोंझु, गुडू पातर, झगडू पुरान, दिनबन्धु पुरान, रामा पुरान, हराधन पुरान, सम्बद पुरान, शंकर लोहरा, बोका पातर, बहादुर लोहरा, कालिका पातर, दिलीप पातर, भुवनेश्वर पुरान(पाहान),सुबोध पुरान, बादल गोंझु, गम्भीर पुरान, हिकिम पुरान, भोदु पुरान, भीम पुरान, विबेक पातर सभी ग्रामप्रधान, मानकी आदि उपस्थित हुए।प्रकृति का पर्व सरहुल महोत्सव में समस्त ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इधर कुरमी आदिवासी ग्राम समिति महेशपुर के तत्वावधान में मंगलवार को सरहुल का आयोजन किया है। सरना पूजन के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा का उद्घाटन कुरमी भाषा परिषद के नेता डॉ राजाराम महतो करेंगे। शोभायात्रा के बाद झूमर संगीत और रात्रि में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया है। सरहुल महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारी की गई है।

# आनंद मार्ग उच्च विद्यालय में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

बिभा संवाददाता




**चान्हो।** आनंद मार्ग उच्च विद्यालय आनंदशीला चामा में रविवार की शाम एक समारोह आयोजित कर विद्यालय का 69वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व बिजनेस आईकॉन शिव कुमार साहु, मुख्य प्रवक्ता आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत ( आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य) विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य भावामृतानंद अवधूत (आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य) अमर कुमार आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र, शिक्षाविद् मोहसिन खान , आचार्य रसोदभाषासानंद अवधूत सेक्टोरियल सचिव (आनंद मार्ग प्रचारक संघ) ,दीपक कुमार सामाजिक कार्यकर्ता ,विद्यालय निदेशक आचार्य गुणाकारानंद अवधूत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व आनंद मार्ग के गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मंच पर अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व बुके देकर किया । विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार महतो विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि विगत वर्ष के बोर्ड परीक्षा में इस विद्यालय के 20% से अधिक बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किया। जबकि 99% बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष के वार्षिक परीक्षा के परिणाम भी बेहतर रहे। 80% से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बेहतरीन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि शिवकुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वह स्वयं आनंदमार्ग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान के छात्र रह चुके हैं यहां की जो शैक्षणिक व्यवस्थाएं हैं आज की समय में अतुलनीय है।आज की शिक्षा जीवन में उपयोगी कम है। हमें शिक्षा की आवश्यकता है हमारे जीवन को बेहतर बनाने की ,सुलभ बनाने का जिसका कार्य आज आनंद मार्ग विद्यालय कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस ग्रामीण सुदूर क्षेत्र में स्थापित विद्यालय आज शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा रहा है उन्होंने बताया कि वर्षों पहले जो शिक्षा की व्यवस्थाएं थी कम संसाधन में बहुत ही उच्च स्तर की शिक्षा दी जाती थी आज इस बढ़ती चकाचौंध की दुनिया में सुविधा तो बढ़ी पर शिक्षा की जो स्तर है उसमें कहीं न कहीं गिरावट आ जा रही है यह विद्यालय इस गिरावट को कम करने का प्रयास हमेशा कर रही है। शिक्षाविद् मोहसिन खान ने कहा हमारी प्राचीन शिक्षा व्यवस्थाएं आज के शिक्षा व्यवस्था से कई गुना उन्नत थी ।हमारी शिक्षण व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर साजिश रच कर नीचे दिखाया गया और हमारे ऋषि मुनियों द्वारा बतलाए गए सिद्धांतों का प्रयोग करके पाश्चात्य देशों ने नई-नई चीजों का आविष्कार किया और उनका श्रेय उन्होंने अपने ऊपर ले लिया जबकि वास्तविकता यह है जो भी चीज आज वह कर रहे हैं कहीं ना कहीं हमारी प्राचीन संस्कृति या शिक्षा व्यवस्था की हीं देन है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया ।पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उपप्राचार्य बलबीर कुमार व धन्यवाद ज्ञापन आचार्य गुणाकारानंद अवधूत ने किया। बाद में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । जिसका उपस्थित ग्रामीणों व अभिभावकों ने आनंद उठाया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत गान से हुई जिसमें यूकेजी व प्रथम वर्ग के छात्राओं ने नृत्य के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया उसके बाद ' झारखंड जोहार 'पर दशम वर्ग के छात्रों द्वारा प्रस्तुति दी गई प्रभात रंजन सरकार द्वारा रचित प्रभात संगीत( दुनिया वाले ताकते रहो) का गायन सत्यम गुप्ता प्रथम वर्ग के छात्र द्वारा किया गया। उसके बाद प्रभात संगीत (अमर ग्रामे में जायो रे बंधु ) गीत पर नृत्य वर्ग सप्तम की छात्रा ने किया ।इसी प्रकार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। झारखंड से संबंधित विभिन्न संगीत पर बच्चों ने अति मनमोहक प्रस्तुति दी पूरे कार्यक्रम की सबसे अधिक आकर्षक छोटे बच्चों द्वारा पारंपरिक परिधान में प्रस्तुत की गई नृत्य रहा। मौके पर विद्यालय की शिक्षक प्रमोद पांडे, छोटी प्रजापति , बालदेव मुंडा मन्नू मोहंता , सुमन, रेनू , दुलारी ,जयमुनी, पूजा, मंजू देवी, विशाखा विश्वास, किंसुक विवेक देव,अनिल गुप्ता सहित 1500 से अधिक ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

## रामनवमी पर्व के मद्देनजर ग्रामीण एसपी ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण



**पिस्का नगड़ी।** रामनवमी को लेकर ग्रामीण एसपी राँची सुमित अग्रवाल के नेतृत्व सोमवार को नगड़ी के संवेदन क्षेत्रों का पुलिस प्रशासन के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नगड़ी मस्जिद चौक, नगड़ी चौक, देवरी, कुण्डला टोली, साहेर, टिकरा महल्ला सहित कई जगहों का निरीक्षण किया गया। लोगो से मिलकर शांति व्यवस्था के संबंध में बात की गई साथ ही ग्रामीण एसपी ने थाना के अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिये।

मौके पर ग्रामीण एसपी राँची सुमित अग्रवाल डीएसपी मुख्यालय 2 अरविंद कुमार प्रक्शिक्षु आईपी एस सह रातु थाना प्रभारी याकूब अंसारी, बुंडू डीएसपी, नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय, माँड़र थाना प्रभारी सहित नगड़ी थाना के पुलिस पुलिस अधिकारी एवम बल उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## लोस चुनाव एवं गांडेय विस उपचुनाव को लेकर भाजपा-आजसू में बनी रणनीति



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनावों के सभी पहलु पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा। और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए। चर्चा के दौरान सहमति बनी कि चुनावों को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा। साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। और एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी। सभी बातों को केंद्र में रखकर दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करना ही मूल लक्ष्य है। उक्त बैठक आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास में हुई।

## न्याय उलगुलान महारैली में आयेंगे तेजस्वी यादव, राज्यभर से जुटेंगे राजद कार्यकर्ता

**रांची।** राजद महासचिव सह मीडिया कैलाश यादव ने बताया कि इंडिया गठबंधन के तत्वाधान में आयोजित 21 अप्रैल को न्याय उलगुलान महारैली में राजद कार्यकता बढ़ चढ़कर भारी संख्या में हिस्सा लेंगे। पार्टी बैठक के दौरान राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय प्र सिंह यादव ने बताया कि राजद की ओर से बिहार सरकार में प्रतिपक्ष के नेता सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मुख्य रूप से शामिल होंगे।वहीं झारखण्ड प्रदेश राजद के सभी वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता शामिल होंगे। कैलाश यादव ने कहा कि स्वतंत्र भारत के सबसे ज्यादा जुमलेबाज और झूठे वादे करने तथा बातों से पलटनेवाले वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। देश में असहिष्णुता का माहौल बना हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर असंवैधानिक कार्य कर लोकतंत्र और संविधान को कुचला जा रहा है। देश की राष्ट्रीय संपदा को कुछ चिन्हित निजी कंपनियों को औने-पौने दामों में दिया जा रहा है। उद्योग, कल कारखाने सभी निजी हाथों में सौंपे जा रहे हैं। लघु उद्योग बंद पड़े हुए हैं। ऐसे ही गंभीर विषयों को लेकर लोग अक्रोशित है,इसलिए इंडिया गठबंधन की रैली में 5 लाख से अधिक लोग शिरकत करेंगे।

## अम्बेडकर जयंती के शुभ अवसर पर लोकहित अधिकार पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



**रांची :** प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक प्रदेश कार्यालय महावीर नगर राँची में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी लोकसभा के सम्भावित उम्मीदवार और जिलाध्यक्षगण उपस्थित रहें। मौके पर संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने किया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने सभी सम्भावित उम्मीदवार को चुनाव आयोग के नियमावली से अवगत कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता जी के निदेर्शानुसार सभी सम्भावित उम्मीदवारों को पार्टी का टिकट उपलब्ध करा दिया गया। संचालनकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने कहा कि सभी लोकसभा के सम्भावित उम्मीदवारों के सहमति से नामांकन करने की तिथि तय कर ली गई है। सभी के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष जी स्वंय उपस्थित रहेंगे। सम्भावित उम्मीदवारों में चतरा लोकसभा के संजय कुमार स्नेही , हजारीबाग लोकसभा के कुंज बिहारी साव , राँची लोकसभा के हरिनाथ साहू , लोहरदगा लोकसभा के रामचंद्र भगत , खूँटी लोकसभा के कांशीनाथ सांगा , पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा के श्रीमती सुभद्रा सिंकु , जमशेदपुर लोकसभा के मनोज गुप्ता , पलामु लोकसभा के सनन राम भूईयां , कोडरमा लोकसभा के अखिलेश्वर साहू , गिरिडीह लोकसभा के ज्ञानेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू साव , गोड्डा लोकसभा के टीपलाल साह , राजमहल लोकसभा के इंद्रजित मंडल ने भी अपने अपने विचार रखें।

## ईवीएम-वीपीपैट का हुआ फर्स्ट रैन्डमाइजेशन



**रांची :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त ईएमएस पर ईवीएम-वीपीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित एनआईसी सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों/प्रतिनिधियों के समक्ष जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम-वीवीपैट का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची एवं कांके विधानसभा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तमाड़ विधानसभा एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर विधानभा क्षेत्र के ईवीएम-वीपीपैट का रैन्डमाइजेशन किया गया। आपको बतायें कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का रैन्डमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू कहां भेजा जाना है।

## एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह ने भी किया चैती छठ व्रत



**रांची :** चैती छठ के पहले अर्ध्य को लेकर जलाशयों में श्रद्धालुओं का लगा जमावड़ा,आस्था के महापर्व छठ में छठ वृत्तियों समेत श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य,राजभवन के समीप हटानिया तालाब में छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह ने भी किया चैती छठ व्रत पूरे परिवार और मित्र के साथ छठ घाट पहुंचे थे एसएसपी।

# सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है पूरी दुनिया : नेहा अरोड़ा

बिभा संवाददाता




**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने सोमवार को स्वीप अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम विभाग में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की जागरूकता कार्यशाला में शामिल हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज कई देशों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन पूरी दुनिया सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है। स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाता विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। चुनावी प्रक्रिया से परिचित होने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अरोड़ा ने ईएलसी से संबंधित निर्देशिका में उल्लेखित विभिन्न गतिविधियों को समुचित तरीके से लोकतंत्र में आयोजित करने पर बल दिया। उपस्थित छात्रों से उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसा कॉन्टेंट बनाएं जो इनफॉर्मेटिव हो, ताकि लोग जान पाएं कि चुनाव के लिए आयोग ने क्या-क्या प्रावधान किये हैं।

### चुनाव से संबंधित डिजिटल एप एवं वेबसाइट की दी गयी जानकारी

नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित डिजिटल एप एवं वेबसाइट की जानकारी प्रदान की। साथ ही स्कूल/कॉलेजों की सक्रिय भागीदारी से युवा मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य और सार्थकता पर बल दिया।

छात्रों को जानकारी देते हुए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद ने बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय की ओर से वीडियोज, रील्स, मीम्स, रिंगटोन आदि जारी किये गये हैं। आप सभी इन सामग्रियों का उपयोग करें एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ताजा जानकारी के लिए सीईओ झारखंड के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।

### छात्रों को दिया गया उपहार

कार्यशाला के दौरान छात्रों से चुनाव से संबंधित सवाल भी किये गये। सही जवाब देने वाले छात्रों को उपहार भी दिया गया। आखिर में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई।

## सरना सदान मूलवासी मंच ने सरहुल मिलन समारोह को लेकर पोस्टर का किया विमोचन

रांची : मोरबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा पार्क में सूरज टोप्पो की अध्यक्षता में सरना सदान मूलवासी मंच का सरहुल मिलन समारोह को लेकर बैठक किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 21 अप्रैल को राजधानी राँची के हृदयस्थली अल्बर्ट एक्का चौक में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा. इस दौरान मंच के द्वारा सरहुल मिलन समारोह का पोस्टर लॉच किया गया. उक्त मौके पर मुख्य संरक्षक रणजीत टोप्पो ने कहा की सरहुल मिलन समारोह के प्रति सभी समुदाय के लोगों का जिस तरह से झुकाव रहता है उसे शब्दों में बयाँ नहीं किया जा सकता है. ज्ञात हो कि सरना सदान मूलवासी मंच के द्वारा प्रत्येक वर्ष सरहुल मिलन समारोह का आयोजित किया जाता है. बैठक सह पोस्टर विमोचन में मुख्य रूप से राधा हेमरोम,अंजू तिर्की,मोहन तिर्की,अमित मुण्डा,मिथलेश कुमार,बिक्की करमाली,अजीत लकड़ा,सुरज टोप्पो,डब्लू मुण्डा,पवन कुमार, मुख्य सलाहकार निरंजन भारती इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मोदी की गारंटी पर देश की जनता को है पूरा भरोसा : बाबूलाल मरांडी

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हरमू रोड स्थित मारू टावर में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही सभी ने भरोसा जताया कि भाजपा के संकल्प-मोदी की गारंटी पर झारखंड के लोग भी चुनाव में भरोसा जतायेंगे।

इस दौरान पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की जनता स्वीकार करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। बात यहां विश्वसनीयता की है। मोदी ने जो कहा, सो किया। देश में विपक्षी पार्टियां पूरी तरह अविश्वसनीय हो चुकी हैं, मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो गया है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया, जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। यह अपने आप में बड़ी बात है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश में कोई भी भूखा नहीं सोयेगा, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ा। पैसे के अभाव में इससे इलाज अब नहीं रुकता। इसे और विस्तार देते हुए प्रधानमंत्री ने 70 साल पूरा करने वाले या इससे अधिक के सभी वर्ग के लोगों को भी इसका लाभ देने की बात की है। बीमार होने के बाद उनका इलाज नहीं हो पाता था, उन्हें भी लाभ मिलेगा। 10 वर्ष में चार करोड़ से अधिक आवास दिया। आने वाले समय में और तीन करोड़ लोगों को आवास सरकार देगी। इस तरह से सबको अपना घर देने की तैयारी है। फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की तैयारी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। श्री अन्न योजना, सहकारिता नीति लायेंगे। स्वनिधि स्कीम से गांवों में 50 हजार का कर्ज मिलेगा।

मरांडी ने कहा कि देश में जनजातीय वर्ष मनाया जायेगा। इसके जरिये हमारे जनजातीय समाज से जुड़े नायकों, महापुरुषों को और सम्मान मिलेगा। देश में तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाया जाना है। 5000 किमी रेल पटरियां बिछायी जा रही हैं। पिछले 10 वर्षों में देश में रेल, हवाई सेवा, सड़क निर्माण कार्यों का विस्तार हुआ है। दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास में प्राथमिकता मिलेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन प्लान भी महत्वपूर्ण है। मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जा रहा है।

प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में इस बार 15 लाख लोगों के सुझाव को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कार्यपद्धति रही है कि वे जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं, इसलिए भाजपा द्वारा प्रकाशित संकल्प पत्र का नाम मोदी की गारंटी रखा गया है।

## चुटिया में अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन

बिभा संवाददाता



**रांची :** श्री महावीर मंडल महानगर इंदिरा गांधी चौक चुटिया द्वारा अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में 22 मंडलियों ने भाग लिया प्रतियोगिता के दौरान अखाड़ों के साथ आए तासा पार्टी ढोल बजाकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे थे वहीं दर्शकों में भी जोश भर रहे थे। प्रतियोगिता स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा के उपाय किए गए थे। विभिन्न टोले से अखाड़े के खिलाड़ी शस्त्र चालन में अपनी कला का हैरतअंगेज प्रदर्शन किए। प्रतियोगिता में डंडा, तलवार, भाला, बरछा के एकल तथा सामूहिक खेल दिखाए गए।

मुख्य अतिथि श्री रोहित सिन्हा ने सभी जिलावासियों रामभक्तों से अपील किया कि सभी लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिना किसी आपसी विवाद के नशामुक्त होकर रामनवमी को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। सभी लोग सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम करते हुए रामनवमी को सफल बनाने में बढ़ चढ़ कर भाग लें।भगवान राम और वीर हनुमान का जयघोष खिलाड़ियों में उर्जा का संचार बढ़ाता रहा प्रतियोगिता सारी रात चली। निर्णायक मंडली के चयन के आधार पर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। राज समिति इरगु टोली पहाड़ी मंदिर को सुपर बंपर पुरस्कार मिला जिसमें हनुमान जी की 800 ग्राम चांदी की मूर्ति भेंट की गई।महावीर मंडल इमली टोला मेन रोड को बंपर पुरस्कार मिला। भुइया टोली, गाड़ी खाना को प्रथम पुरस्कार मिला।कडरू पुलटोली को द्वितीय पुरस्कार मिला। विजेताओं को कप,शील्ड एवं मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष श्री रवि कुमार पिंकू, श्री उपाध्यक्ष राजकिशोर, विशिष्ट अतिथि निशांत राजा,चुटिया महावीर मंडल अध्यक्ष कृष्णा सहाय, उपाध्यक्ष संजीव महतो, आयोजन समिति अध्यक्ष कृष्णा साहू, सह मंत्री राहुल सिन्हा चंकी, मंटू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुताहा तालाब पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन

बिभा संवाददाता



**रांची :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भव्य उद्घाटन के बाद पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, महासप्तमी तिथि में बेलवरण पूजा एवं नव पत्रिका प्रवेश सुबह 10:00 बजे किया गया। अयोध्या श्री राम जन्मभूमि को समर्पित पूजा पंडाल एवं भव्य राम लक्ष्मण बजरंगबली की प्रतिमा में मां दिखाई दे रही हैं। जिसका उद्घाटन सयुंक्त रूप से श्री सुरेश साहू, श्री अलोक साहू के हाथों होना सुनिश्चित हुआ, सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष श्री शंकर दुबे एवं महामंत्री गोपाल पारीक जी द्वारा किया गया। उद्घाटन के वक्त सक्रिय रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू, रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता,उदय साहू, तथा कोषाध्यक्ष श्री संजय सिंह, प्रवक्ता नमन भारतीय,राजीव रंजन मिश्रा,मंटू चौबे, दीपू सिंह, राजेश वर्मा एवं संस्था के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पहले दूसरे तथा तीसरी मंगलवारी के सफल आयोजन के बाद अष्टमी मंगलवारी को संध्या 7:00 बजे से, भक्त साक्षात बजरंगबली के दर्शन कर सकेंगे, पवनपुत्र हनुमान आकर्षण का केंद्र,251 किलो शुद्ध घी से निर्मित लड्डू भोग, ढोल नगाड़े तथा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए भक्त महावीर चौक पहुंचेंगे। दिनांक 18-04-2024 दिन गुरुवार को दोपहर 03 बजे से विशाल विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

इस भव्य उद्घाटन समारोह में अतिथि सुरेश साहू,आलोक साहू,मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू,श्री राज कुमार गुप्ता,श्री उदय साहू,श्री रमेश सिंह,श्री संजय सिंह (लल्लू सिंह), श्री शंकर दुबे, विशाल कृष्णा,विनोद बर्मन,राजू चौरसिया,शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता,नमन भारतीय,राहुल रजक,संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, अभिषेक रजक(बाबू),प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदि उपस्थित थे। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

## जय दुर्गा महावीर मंडल ने रामनवमी के अवसर पर सम्मान एवं अभिनन्दन समारोह का किया आयोजन

बिभा संवाददाता




**रांची :** जय दुर्गा महावीर मंडल के द्वारा आज हिन्दपीढी तीसरी गली शिव मंदिर प्रांगण में आगामी रामनवमी के अवसर पर सम्मान एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोधकांत सहाय एवं राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस सम्मान समारोह को संचालन जय दुर्गा महावीर मंडल मुख्य संरक्षक राजेश सिन्हा सन्नी ने किया और कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का पूजा पूरी श्रद्धा के साथ मनाई जायेगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोधकांत सहाय कहा कि जिस तरह भगवान श्री राम जी का आदर्श हैं हम सभी को भी उनके आदर्श पर चलने की जरूरत है। साथ ही समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है।

राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी ने कहा की रामनवमी का अवसर पर जय दुर्गा महावीर मंडल के द्वारा सम्मान समारोह करना बहुत ही नेक और सराहनीय कार्य हैं आगामी रामनवमी पूजा को सफल बनाने हेतु कमिटी अपना अहम भूमिका अदा करेंगी और रांची में रामनवमी की पूजा शांतिमय एवं प्रेम से जोरदार तरीके से बनाई जायेगी।

इस सम्मान समारोह में जय दुर्गा महावीर मंडल के सदस्यों ने रांची महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, राजीव रंजन मिश्रा, समाजसेवी चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, समाजसेवी डॉ राजेश गुप्ता छोटू , सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अकिल रहमान, साहिब अली, राजीव चटर्जी, पूर्व महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, विनय सिन्हा दीपू, दीपक ओझा, गोपाल पारीक एवं कृष्ण सहाय, नन्द किशोर चंदेल, दीपक कुमार रवि, अरूण बुधिया, संजय सहाय, अखिलेश राय, वैशाखी संध दुर्गा पुजा समिति के अध्यक्ष बुती दा सहित सीताराम मालाकार सहित मोहल्ले के गणमान्य लोगों को चुनरी एवं तलवार भेंट देकर अभिनंदन किया। इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक राजेश सिन्हा सन्नी, संरक्षक अमर कुमार रवि, अध्यक्ष अमोद मालाकार, कार्यकारी अध्यक्ष अभिजीत चौरसिया, अभिनव कुमार भगत, सोनू मालाकार, अमित भगत, राहुल सिन्हा, रिषब सिन्हा, बिट्टू मालाकार, आयुष सिन्हा, अमन सिन्हा, विक्रम प्रसाद, सुमित कुमार, अमित सोनी, मुन्ना भगत एवं पंकज कुमार ने आयोजन किये।

# 10 लाख रुपये से अधिक की निकासी एवं जमा करने पर आयकर विभाग को सूचना देने का निर्देश

बिभा संवाददाता




**रांची :** नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग सह उपविकास आयुक्त रांची श्री दिनेश कुमार यादव ने विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उप विकास आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के कालावधि के दौरान संदेहजनक लेन-देन के संबंध में बैंकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव ने जिला अंतर्गत बैंकों के माध्यम से किये जा रहे संदेहजनक लेन-देन के संबंध में निम्न बिन्दुओं पर प्रतिदिन विवरण उपलब्ध कराने के निदेश दिये।

पिछले दो महीने में जमा या निकासी का कोई उदाहरण हुए बिना निर्वाचन के दौरान रू. 1,00,000.00 (एक लाख) से अधिक की असामान्य एवं संदेहजनक राशि की निकासी या बैंक खाता में डाला जाना।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिला/निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे अंतरण का कोई पूर्व उदाहरण हुए बिना, आरटीजीएस के माध्यम से एक बैंक खाता से विभिन्न व्यक्तियों के खाते में राशि का असामान्य रूप से अंतरण। अभ्यार्थियों या उनकी पत्नी या उनके आश्रितों, जैसे कि अभ्यार्थियों द्वारा दिये गये शपथपत्र में उल्लेखित है और जो मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट में उपलब्ध है, के बैंक खाते में रु. 1,00,000.00 (एक लाख) से अधिक की नकद राशि जमा करना या निकालना। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दल के खाते से रू. 1,00,000.00 (एक लाख) से अधिक की नकद राशि की निकासी या जमा करना। अन्य कोई भी संदेहजनक नकद लेन-देन, जिसे निर्वाचकों को प्रभावित करने के लिए प्रयोग किया जा सकेगा। यदि जमा की जाने वाली या निकासी की नकद धन राशि की रकम रु. 10,00,000.00 (दस लाख) से अधिक हो, तो ऐसी सूचना को आयकर विभाग से साझा करना। श्री दिनेश कुमार यादव द्वारा सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को एटीएम मोबाइल वैन में संबंधित बैंक का बार कोड भी लगाने के निर्देश दिया गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का मीडिया सेंटर खुला

**रांची :** प्रदेश भाजपा द्वारा आज हरमू मारू टावर में लोकसभा चुनाव के निमित मीडिया सेंटर का शुभारम्भ किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने संयुक्त रूप से फीता काट एवं नारियल फोड़ उद्धघाटन किया।

इस मीडिया सेंटर से पत्रकार चुनाव से सम्बन्धित पार्टी की खबरों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है और उन पर विश्वास भी करती है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में एनडीए प्रदेश की 14 की 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में यह चुनाव 4 चरणों में है इस कारण करीब दो महीने चलेगा। पत्रकारों को परेशानी नहीं हो इसके लिए मीडिया सेंटर का शुभारम्भ किया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पत्रकार अब मीडिया सेंटर से ही पार्टी की गतिविधियों,नेताओं का प्रवास सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी ले सकेंगे। चुनाव तक संवादाता सम्मेलन का आयोजन भी इसी सेंटर में किया जाएगा तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार बाइट भी यहां आकर ले सकेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज सिंह, प्रतुल शाहदेव, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, प्रदीप सिन्हा, तारिक इमरान, अजय राय, संदीप वर्मा, मुकेश सिंह, पुरुषोत्तम राय, मृत्युंजय कुमार, प्रिंस कुमार, राजीव राज सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ, चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** छठ पर्व के शुभ अवसर पर नगर के सेक्टर 4 एफ स्थित सूर्य मंदिर में सूर्य सप्तमी को भगवान सूर्य की विशेष पूजा अर्चना की गई। छठ को लेकर सूर्य मंदिर को फूल माला के माध्यम से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस अवसर पर भास्कर सेवक समिति की ओर से एक तल्ले पर स्थापित भगवान भास्कर की नई प्रतिमा को भी फूल माला व रंगीन बल्बों की सहायता से सुंदर तरीके से सजाया गया था।



### सूर्य मंदिर स्थित सूर्य सरोवर रहा आकर्षण का केन्द्र

नगर के भगवान सूर्य मंदिर स्थित बनाया गया सूर्य सरोवर लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसमें छठ के अवसर पर नगर के श्रद्धालु भगवान सूर्य को अस्ताचलगामी व उदयाचलगामी भगवान सूर्य को दोनों समय सपरिवार अर्घ्य दिया। अर्घ्य देने को श्रद्धालुओं की भीड़ देखते बन रही थी। इस सूर्य सरोवर में सेक्टर 4 एफ समेत सेक्टर 4जी, सेक्टर 9,सेक्टर 6 व सेक्टर 8 के श्रद्धालुओं ने सपरिवार अर्घ्य दिया।



बोकारो शहर से लेकर गोमिया, कथारा, जारंगडीह समेत अन्य स्थानों पर छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही. छठी मइया के गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया. इससे पहले व्रतियों ने रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया. सोमवार की सुबह भुवन भास्कर को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन हुआ. छठ घाटों पर प्रसाद लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे.

### छठ पर समिति के सदस्य रहे शामिल

छठ पर्व के अवसर पर भास्कर सेवक समिति के जय किशोर मिश्र, चंद्र बिनोद मिश्र, किरण मिश्र, पशुपतिनाथ पाण्डेय,डॉ.योगेन्द्र कुमार मिश्र,डॉ. विभानन्द सिन्हा,रवीन्द्र कुमार मिश्र, जय शंकर वैद्य,राम कृष्ण पाठक,तरुण शर्मा, सूर्येश कुमार मिश्र, रामरूप मिश्र, राम कुमार तिवारी, ब्रज भूषण पाण्डेय,अमरेन्द्र वैद्य,चन्द्र शेखर सिंह,निशांत मिश्र, शंकर पाण्डेय आदि शामिल रहे।

# चैती दुर्गा पूजा मे माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** चैती दुर्गा पूजा महासप्ती पूजा के अवसर पर चास-बोकारो में भक्तों की भीड़ माता के दर्शनों के लिए उमड़ पड़ी। सेक्टर 9 बी रोड के पास बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर के बगल में बनाए गए दुगार्पूजा पंडाल में मां दुर्गा की खुबसूरत प्रतिमा स्थापित किया गया है। वहीं सेक्टर 4 डी रविदास मोड़ पर मजदूर एकता क्लब की ओर से बनाया गया पूजा पंडाल देखते बन रही है। मजदूर एकता क्लब की ओर से बनाया गया यह पूजा पंडाल अपने आप में अलग है। पूजा पंडाल को बहुत ही आकर्षित रूप से बनाया गया है जो देखते ही बनता है वहीं महासप्तमी पूजा पर मां दुर्गा का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।



### मां दुर्गा की कलात्मक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र

सेक्टर 4 डी पूजा पंडाल में चास के प्रसिद्ध मूर्तिकार कान्हु पाल ने मां दुर्गा की प्रतिमा का भव्य रूप दिया है जो देखते ही बनता है मूर्ति करीब 6 फीट उंची एवं 10 भुजा वाली मां दुर्गा की प्रतिमा बनाई है। इसके अलावे मां लक्ष्मी-सरस्वती, भगवान गणेश-कार्तिक व महिषासुर की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना इस भव्य पूजा पंडाल में किया गया है। इस पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा के पीछे का दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

### महाष्टमी से दशमी तक पुष्पांजलि देने की व्यवस्था

पूजा पंडाल में महाष्टमी से लेकर विजयादशमी तक श्रद्धालुओं को पुष्पांजली देने की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए फूल देने की भी व्यवस्था अलग से की गई है। महासप्तमी पूजा के अवसर पर सोमवार को नवपत्रिका प्रवेश व प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा किया गया। मंगलवार को महाअष्टमी पूजा व बुधवार को महानवमी की पूजा की जाएगी। सेक्टर 4 डी संत रविदास मोड़ मजदूर एकता क्लब पूजा कमेटी क्लब के अध्यक्ष विप्लव कुमार महतो, उपाध्यक्ष सूरज कुमार,सचिव नरेश,उपसचिव फोरेन, कोषाध्यक्ष कारण,विनोद, पप्पू कुमार,राकेश कुमार,निखिल कुमार, बबलू तिवारी, बाबुल पत्रों मौजूद थे बताया महाष्टमी व महानवमी पूजा के अवसर पर महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा।

## रामनवमी, लोक सभा चुनाव एवं अपराध को लेकर पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक के अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया, जिसमें आगामी पर्व रामनवमी, लोक सभा आम चुनाव एवं अपराध की समीक्षा की गई। रामनवमी को लेकर सभी थानों प्रभारी को जुलूस मार्गों का भौतिक निरीक्षण, संदिग्धों पर कारवाई, झंडा मिलन वाले स्थानों पर बल प्रतिनियुक्ति, सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन, पानी, लाइट की व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

चुनाव के लिए जिला में गठित विभिन्न कोषांग के पदाधिकारी को आवंटित कार्य का समीक्षा किया गया। अपराध समीक्षा के आलोक में जिला में पिछले माह में घटित विभिन्न हत्या,महिला अपराध, लूट, चोरी, आदि कांडों की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा अनुसंधान को गति देने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिला मे लंबित वारंट, कुर्की आदि का त्वरित गति से निष्पादन करने के लिये निर्देशित किया।

## झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवं सीनियर कराटे चैंपियनशिप 20 से

**रांची:** स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा 20 अप्रैल से स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवम् सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 का आयोजना रांची खेल गांव स्थित हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 20 एवम् 21 अप्रैल को होगा। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के विभिन्न जिला से 14 वर्ष एवं उससे उपर के बालक, बालिका, पुरष एवम् महीला कराटे प्लेयर्स भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में उन संस्था के खिलाडी ही भाग ले सकेंगे जिनकी संस्था कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन एवम स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है। प्रतियोगिता में काता एवम कुमिते दो प्रकार का इभेंट होगा। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमो के तहत कराया जायेगा।

## झारखंड क्रांतिकारी यूनियन ने मजदूरों के विभिन्न समस्याओं को लेकर की आम सभा



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बीपीएससीएल के पावर प्लांट मे झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन के ठेका मजदूरों कि एक सभा सम्पन्न हुई। अध्यक्षता सुजीत सिंह एवं संचालन अशोक कुमार ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए महामंत्री डी.सी.गोहाई ने बीपीएससीएल के विभिन्न विभागों मे कार्यरत ठेका मजदूरों के समस्याओं पर चर्चा करते हुये कहा कि ठेका मजदूरों को अपने अधिकार लेने के लिए एकता के साथ जुझारू संघर्ष के लिए तैयार रहे, यूनियन का वादा है कि ठेका मजदूरों के सभी समस्याओं का समाधान करेगें।

सभा मे राजन महतो, संजीव राय, वीर बहादुर प्रसाद, आर.सी.प्रसाद, आर.एस.पांडेय, सुजीत कुमार, राहुल कुमार, नंद कुमार, अजगर अंसारी, जानी बाबू अंसारी, वासुदेव कुम्हार, फागु वाकवाद, बाबू लाल रजवार, राजेश कुमार, मोहन हांसदा,राजेश कुमार महतो , बदरी रजवार , प्रान केवट आदि सैकड़ो मजदूर उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब चास ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद की सामग्री का किया वितरण

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा की बच्चों को खेल भावना के प्रति जागरूक करने एवं निरंतर खेलकूद का अभ्यास करने के लिए आवश्यक खेलकूद सामग्री उनको उपलब्ध कराई गयी है।



कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। कार्यक्रम के संयोजक विनोद चोपड़ा ने कहा की बच्चों में खेल भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। श्री चोपड़ा ने कहा कि नियमित खेल से हम अब खेल में कैरियर भी बना सकते हैं। श्री चोपड़ा ने कहा कि बच्चों में शारीरिक गतिविधियां एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बच्चों का खेलना अत्यावश्यक है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा की खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है।बैद ने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में ही वास करता है।

रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी चास सदैव सेवा कार्यों में तत्पर रहती है। इसके अंतर्गत आज बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डिंपल ने बताया बच्चों को क्रिकेट बैट,विकेट सेट,कैरेम बोर्ड ,बॉल,बैडमिंटन रैकेट, कार्क, फुटबॉल, चैस बोर्ड, लूडो, फ्लाइंग डिस्क,स्कीपिंग रोप उपलब्ध कराए गए। डिंपल ने कहा कि रोटरी चास आगे भी बच्चों के लिए इस तरह के आयोजन करती रहेगी । खेलकूद का सामान पाकर बच्चे बेहद खुश हुए।

स्कूल के वार्डन भागीरथ महतो एवं विद्यालय परिवार ने रोटरी द्वारा किए गए कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप, ऊषा कुमार,कमल तनेजा,अमन मल्लिक, विपिन अग्रवाल, नरेंद्र सिंह,माधुरी सिंह, किरण कुमार,मुकेश केजरीवाल, रीतू केजरीवाल, शैल रस्तोगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जन आशीर्वाद यात्रा के तहत चौपारण पहुंचे सांसद प्रत्याशी संजय मेहता

# हजारीबाग को अव्वल बनाएंगे, लौटाएंगे अपनी माटी का खोया गौरव : संजय मेहता

बिभा संवाददाता

**रांची :** राजनीति के क्षेत्र में नए लेकिन गहरे पाँव जमा चुके युवा राजनीतिज्ञ संजय कुमार मेहता ने सोमवार को चौपारण प्रखंड का दौरा किया। अपने जन आशीर्वाद यात्रा के तहत लोगों से स्नेह और आशीष प्राप्त किया।



चौपारण के अलग अलग पंचायत में जाकर उन्होंने लोगों के समक्ष अपनी बातों को रखा। अपने संबोधन में उन्होंने हजारीबाग लोकसभा वासियों को कहा कि हजारीबाग के साथ किए गए छल को नही भुला जाएगा। जिस तरह से हजारीबाग के साथ विभिन्न पार्टियों ने पिछले 70 साल से छल किया है अब वो आगे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनसंपर्क एवं यात्राओं के माध्यम से हजारीबाग क्षेत्र वासियों से उन्हें गहरा जुड़ाव हो गया है। उन्होंने कहा कि मन बहुत दुःखी होता है जब जनता अपनी समस्याएं बताते हैं। लोग आधारभूत समस्याओं से ही ग्रसित है। लोगों के कीमती वोट को पार्टियां ले तो लेती है लेकिन जो वादे आम जनता से करती है वो जितने के अगले दिन ही भूल जाती है। उनके वादे भुलने का नतीजा ये हुआ कि हजारीबाग विकास की दौड़ तो छोड़िए आधारभूत आवश्यकताओं की दौड़ में भी पीछे रह गया है।

उन्होंने कहा कि झारखंडी जनभावनाओं को समझते भुझते चुनावी राजनीति को चुना तो नही लगा था कि ऐसे मेरे कदम मजबूत करने के लिए युवा सहित हर वर्ग साथ हो चलेगा। लेकिन जैसा सहयोग मुझे मिल रहा है, मुझे पूरा यकीन है कि हजारीबाग इसबार लोकसभा में अपने हित में वोट करेगा अपने लिए वोट करेगा।

मुझे आप सब मौका दीजिये हजारीबाग को अव्वल बनाएंगे और अपनी माटी का खोया हुआ गौरव लौटाएंगे। इस दौरान संजय मेहता ने लोगों से अपने पक्ष में वोट देकर समर्थन देने का अपील किया साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से माटी पुत्र को प्रचंड मतों से जिताकर दिल्ली भेजने की अपील की। अभियान में उनके साथ वरिष्ठ नेता भुनेश्वर यादव, कृष्णा यादव, मुकेश महतो, प्रेम नायक, नीतीश सिंह, आदित्य कुमार सहित समाज के कई लोगों ने गांव गांव जाकर जनसंपर्क किया एवं लोगों से जनसमर्थन मांगा। मौके पर चौपारण प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

जेएससीए अंतर जिला महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट

## खूंटी को हराकर जमशेदपुर पहुंचा सुपर लीग में



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित जेएससीए अंतर जिला महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को अंतिम लीग मैच खेला गया। सेक्टर 4 स्थित बीएसएल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में जमशेदपुर की टीम ने खूंटी की टीम को 113 रनों से पराजित कर लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए सुपर लीग में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जमशेदपुर की टीम ने 40 ओवर में 7 विकेट खोकर 162 रनों का स्कोर बनाया । टीम की ओर से के सारण्या ने 37 , प्राची प्रधान ने 16 एवं मिस्बाह अली ने 13 रन बनाई। गेंदबाजी में खूंटी की ओर से साक्षी कुमारी एवं रिंकी कुशवाहा को दो-दो सफलता मिली। जवाबी पारी खेलने उतरी खूंटी की टीम 22.1 ओवर में मात्र 49 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से सर्वाधिक 14 रन काजल कुमारी ने बनाई। गेंदबाजी में जमशेदपुर की ओर से दिव्या राय एवं सिमरन निशा मंसूरी को चार चार सफलता मिली। मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए जमशेदपुर की सिमरन निशा मंसूरी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड बीडीसीए तदर्थ समिति के सदस्य सह जेएससीए आजीवन सदस्य राजेश रंजन ने दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### जनरल नर्सिंग और मिडवाइफ़री के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन




**बोकारो :** जनरल हॉस्पिटल में जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी (जीएनएम) के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ बी.बी. करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल के द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू किया गया. दीप प्रज्ज्वलन के बाद सुश्री नीलिमा कुमारी, प्रिंसिपल, स्कूल ऑफ नर्सिंग और नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती लिजी वर्गिस द्वारा जीएनएम की प्रथम वर्ष की छात्राओं को शपथ दिलाया गया.इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये. इस अवसर पर डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. इंद्रनील चौधरी, डॉ. वर्षा घनेकर और डॉ. सोफिया अहमद, स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्रों के साथ अन्य वरिष्ठ डॉक्टर और स्टाफ नर्स भी उपस्थित थे।

### बीजीएच के चिकित्सा सुधार को लेकर अनशन एक मई को



**बोकारो :** जनता मजदूर सभा यूनियन की बैठक रविवार को यूनियन कार्यालय में हुई। इस दौरान बाबा साहेब की जयंती पर उन्हें याद किया गया । संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि प्रबंधन के संवेदनहीनता के कारण बीजीएच की ख्याति धूमिल हो रही है। बीजीएच में गिरती चिकित्सा व्यवस्था में सुधार को लेकर यूनियन एक मई - मजदूर दिवस को बीजीएच के गेट पर अनशन करेगी। उन्होंने कहा कि बीजीएच उतरी छोटानगपुर क्षेत्र में बड़ा हॉस्पिटल के नाम से जाना जाता था। सभी जगहों से रेफर मरीज आते थे, लेकिन अभी बीजीएच में सिर्फ रेफर ही होता है। हकदार मरीज अन्य प्रदेश में और गैर हकदार मरीज स्थानीय अस्पतालों में । श्रीगोप ने कहा कि बीजीएच में अच्छे चिकित्सक हैं, इसमें कोई शंका नहीं है। लेकिन कुछ चिकित्सक बीजीएच - मरीज के प्रति समर्पित नहीं हैं। वहीं लेटेस्ट उपकरण , सुविधा और स्वच्छता में घोर कमी है। आउटसोर्सिंग मजदूरों से बहुत ही कम मजदूरी में काम लिया जा रहा है। इसमें जबतक सुधार नहीं होगा। आधा अधूरा ही काम होगा। प्रबंधन को इसे गंभीरता से लेनी चाहिए। बैठक में महासचिव संदीप कुमार आश,संयुक्त महासचिव शंकर माहथा, उपाध्यक्ष घनश्याम गोप, सचिव भानु गोप, जी डी गोप, मनोहर गोप, प्रदीप मरांडी ,जे आर गोप, एस एस राय, उमाशंकर गोप, सुभाष दास, लालदेव गोप,विजय कुमार, अमरनाथ ।

### अहिंसा दिवस के अवसर पर जैन समाज ने मांस-मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**बोकारो :** जैन समाज ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में मांस-मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए एक पत्र उपायुक्त, बोकारो एवं अपर नगर आयुक्त, चास नगर निगम को लिखा है। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद एवं सचिव आलोक कुमार जैन ने संयुक्त रूप से कहा की महावीर जयंती को पूरे देश में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। महावीर जयंती के दिन मांस मीट यह बेचने पर प्रतिबंध से भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो को बल मिलेगा। बैद ने कहा की कई राज्यों में अहिंसा दिवस को देखते हुए मांस मीट पर पूर्णतया प्रबंध रहता है। झारखंड जैन तीर्थंकरों की धरती है इसलिए अहिंसा दिवस को सही मायनों में मनाना उचित रहेगा। श्यामसुंदर जैन,डॉक्टर महेंद्र जैन, बजरंग लाल चोरडिया,माणक छल्लानी, सुभाष जैन,विकास जैन, डॉ आकाश जैन, अंकित जैन, चंदन बांठिया, विमल जैन,सुरेंद्र जैन, प्रकाश कोठारी,पीयूष वोरा, अजय जैन, विपुल मेहता,केतन मेहता, तेजस ध्रुव, दीपक जैन आदि ने भी संयुक्त रूप से अहिंसा दिवस पर मांस मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

### संकल्प पत्र को लेकर भाजपा ने की समीक्षा बैठक



**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 1 हंस रीजेंसी मे आज भाजपा द्वारा केंद्र सरकार द्वारा की गई कारों की समीक्षा की गई बताया गया कि केंद्र की मोदी सरकार देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित है। आधारभुत संरचना के मामले में भारत अब अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष सह बोकारो विधायक अमर बाउरी ने बोकारो में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा भाजपा का संकल्प पत्र न सिर्फ अगले साल की कार्ययोजना है। बल्कि 2014-2024 के कार्यों का हिसाब भी है। कहा संकल्प पत्र में गरीबों कल्याण और उत्थान की व्यापक कार्ययोजना है। वर्ष 2029 तक मोदी की गारंटी के तहत देशभर में गरीबों को मुफ्त अनाज मिलेगा। यही नहीं आयुष्मान योजना में 70 साल से अधिक के हर वर्ग के लोगों को जोड़ा जाएगा। दशकों पूर्व देशवासियों की मांगों के तहत भारतीय मूर्ति व कलाकृति को पुन विदेशों से वापस भारत लाया जाएगा। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष जेडी राय, वरीष्ठ नेता वीरभद्र प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित समेत अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### हर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से जांच करें : एसडीओ

**रांची :** लोकसभा चुनाव को 2024 को निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी क्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी, रांची, सदर श्री उत्कर्ष कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली ने मुरी एवं श्यामनगर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा पूरी व्यवस्था का जायजा लेते हुए तकनीकी तौर पर दक्ष रहने, वोटरों का किसी तरह से भयादोहन न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अनुमण्डल पदाधिकारी ने अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के संबंध में दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से जांच करें। खास तौर पर शराब, नगदी व आर्म्स, मतदाताओं को प्रभावित करने वाली अन्य सामग्री पर नजर रखें।

## संक्षिप्त खबरें

### चैती छठ का दूसरा अर्घ्य के साथ सम्पन्न



खूँटी । जिलेभर में चैती छठ महापर्व के चौथे दिन दूसरा अर्घ्य भगवान भुवन भास्कर को नेम निष्ठा व पवित्र मन से श्रद्धा-भक्ति के साथ अर्घ्य अर्पित किया। इसके लिए उपासकों व छठव्रतियों व खूँटी वासियों ने खूँटी के साव तालाब, राजा तालाब, चौधरी तालाब कारो नदी आदि विभिन्न छठ घाटों में गाजे-बाजे के साथ पहुँचे और उगते सूर्य को नमन करके दूध व गंगाजल से अर्घ्य अर्पित किया। वहीं आज ब्रम्हमुहूर्त से ही चारों ओर छठ के गीत गुंजायमान रहा। इसके लिए उपासकों ने घर में दीप, ठेकुआ , फल फूल, नारियल आदि से सूप सजाया, वहीं लोगों ने सुबह ही स्नान करके तैयार होकर गाजे बाजे के साथ घाट पर गये। जिसमें छठव्रती जल में खड़े होकर भगवान सूर्यदेव को ध्यान किये फिर उगते सूर्य को उपासकों के साथ अर्घ्य अर्पित किया और प्रसाद वितरण किया ।

### हर्षोल्लास के साथ बंगाली परिवार ने मनाया बंगला नववर्ष



खूँटी । हरि मंदिर खूंटी में बंग समुदाय के द्वारा बहुत ही धूमधाम से बंगला नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रविंद्रनाथ टैगोर की कविता एशो हे वैशाख एशो एवं केक काटकर की गई ।इस कार्यक्रम में परिवार के सभी महिलाओं द्वारा मिलकर रंगारंग कार्यक्रम किया गया एवं बच्चों द्वारा डान्स की प्रस्तुति भी की गई । सैकत कुमार दास के द्वारा बताया गया कि यह बंगला की 1431वी नौ वर्ष है ।इसकी शुरूआत मुगल बादशाह अकबर के जमाने में हुई थी बंगाल में किसानों से कर वसूली की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए बंगाबघ की शुरूआत की थी इसका मतलब था की चौत के आखिरी दिन पुराना हिसाब किताब चुकता कर देना है और बैसाख के पहले दिन से नया बहीखाता जिसे बंग समुदाय में हाल खाता कहा जाता है शुरू होगा ,कर वसूली की प्रक्रिया को सरल करने के लिए उठाए गए इस कदम से ही बंगाबघ की शुरूआत हुई। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अरिंदम दास, अनिर्बन दास, देवाशीष दास, रंजन दास, अंजन दास एवं सभी परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका रही। हरि मन्दिर परिसर मे बंगला नव वर्ष मनाया गया। स्थानीय बंगाली परिवार ने पोइला बोइशाख मनाया यह सूचना सैकत कुमार दास ने दी।

### वृद्ध मतदाताओं के लिए चलाया गया विशेष अभियान




खूँटी । जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने वृद्ध जनों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान बीएलओ द्वारा घर - घर जाकर वृद्ध मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में चेक किया गया। इस दौरान बताया गया कि यदि घर के बुजुर्ग मतदान के प्रति जागरूक होंगे तो पूरा परिवार और गाँव भी जागरूक बनेगा। हमारा उद्देश्य है कि शत प्रतिशत बुजुर्ग मतदाताओं को जोड़ा जाय। हम सभी को मतदान के प्रति सजग और जागरूक बनने की आवश्यकता है। एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्वों को साझा किया गया। साथ ही सभी ने मतदाता जागरूकता प्रतिज्ञा ली।

### रामनवमी को लेकर 17 अप्रैल को रहेगी शराब दुकान बंद

खूँटी । झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली, 2022 के नियम 14 एवं प्रदत अनुज्ञप्ति के कंडिका 11 तथा उपायुक्त के निर्देश पर खुदरा उत्पाद दुकानें / सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियाँ, रामनवमी (17 अप्रैल 2024), के अवसर पर बंद रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि आदेश के उल्लंघन करने पर दोषी के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। आमजनों को सूचित किया जाता है कि बिना आधिकारिक पुष्टी के किसी भी प्रकार के डरावने/झूठे/भ्रामक व्हाट्सएप्प मैसेज को आगे ना भेजें। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई कर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कार्य कर रहे सभी सोशल मीडिया ग्रुप पर किसी प्रकार की अफवाह ना फैलाएं।

### एनआई एक्ट एवं विद्युत संबंधित वादों के निष्तारन के लिए किया गया योजना बैठक



खूँटी । व्यवहार न्यायालय में डालसा द्वारा बैठक करके 27.04.24 को होने वाले एनआई एक्ट एवं विद्युत संबंधित वादों के निष्तारन हेतू विशेष लोक अदालत के लिए बैठक का आयोजन जिला जज के चैंबर में किया गया। यह विशेष लोक अदालत दिनांक 21.04.24 से 26.04.24 तक चलेगी जिसमें पक्षकार समझौता पूर्व न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन करे सकेंगे। इस बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, एसडीजेएम दिनेश बाउरी , न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद एवं विद्युत अभियंता कार्यपालक के अधिकारी उपस्थित रहे।

अर्जुन मुंडा ने किया भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के गौरवमयी विकास कार्य के लिए वोट देकर करें समर्थन : अर्जुन मुंडा

बिभा संवाददाता



खूँटी । भाजपा जनता पार्टी ने सोमवार को अपने पार्टी का लोकसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। नेताजी चौक के निकट चुनावी कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सह खूँटी लोकसभा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा, लोकसभा प्रभारी रविंद्र राय, खूँटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा व तोरपा विधायक कोचे मुण्डा ने नारियल फोड़कर किया। वहीं इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने जोश खरोश के साथ 11 किलो के गेंदा फूल का माला पहनाकर स्वागत और अभिनन्दन किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रविन्द्र राय विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा व कोचे मुण्डा भाजपा अपने चुनावी कार्यालय से पार्टी को जिताने के लिए आगाज की।

इस दौरान अर्जुन मुण्डा ने कहा कि विरोधी प्रचार कर रहे हैं कि नरेंद्र मोदी आएंगे तो संविधान बदल देंगे। लेकिन नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस को संविधान को नमन करते हुए संसद घुसते हैं । प्रधानमंत्री की और देश की बढ़ती ताकत इससे पता चलता है कि विदेश में युद्ध चलता है और जब भारतीय फँस जाते हैं तो युद्ध रोक दिया जाता है। और तिरंगा लिये भारतीय गौरव के साथ बाहर निकलकर अपना देश सुरक्षित लौट आते हैं। अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश को विगत साठ वर्षों से महत्व नहीं दिया?। लेकिन भाजपा की सरकार आयी तो इन दस वर्षों में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ आगे बढ़ा है और आगे 2036 तक और भी आगे बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की अगुवाई में स्वास्थ्य, शिक्षा , स्वरोजगार आदि को बढ़ावा देने के लिए देश भर में काम हुआ है। वहीं देश विदेशी ताकतों का जवाब देते हुए आगे बढ़ा है। यही कारण है कि विदेश में चल रहे युद्ध के दौरान भारतीय फँस गये थे उन्हें निकालने के लिए विदेश को भी युद्ध रोकना पड़ा यह हिंदूस्तान के बढ़ते ताकत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि खूँटी के गौरवशाली इतिहास को विश्वपटल से ओझल बनाए रखा। वहीं प्रधानमंत्री ने उलिहातु पहुँच वहाँ की मिट्टी को अपने माथे पर तिलक लगाया। वहीं प्रधानमंत्री आवास, नल जल योजना, शिक्षा चिकित्सा, आयुष्मान, जन-धन योजना सहित 26 से अधिक जनहित योजनाओं को लेकर प्रधानमंत्री जी के द्वारा किए गए कार्यों का समर्थन पर मतदान देकर फिर से कमल खिलाना है।

मौके पर, खूँटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना हो रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा हुए विकास कार्य को लेकर जनता तक कार्यकर्ता जाएँ और जिन कार्यो को लेकर देश विकास की राह पर है उसके लिए समर्थन मांगने का काम करें।

इसी क्रम में तोरपा विधायक कोचे मुण्डा ने कहा कि भाजपा ही देश का विकास करेगी इसलिए अपने खूँटी से अर्जुन मुण्डा के द्वारा खूँटी का जिस प्रकार से विकास हो रहा है फिर जीताकर भेजना है ताकि मंत्री बनने से ही खूँटी का भी विकास होगा। पीछे बैठनेवाले से नहीं होगा, इसका जनता को ध्यान देना है क्योंकि अबकी बार 400 पार कर भाजपा बनाएगी सरकार। रविन्द्र राय ने कहा कि अर्जुन मुण्डा अति लोकप्रिय और बड़े पहचान के नेता हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के टीम में इनकी अलग पहचान है। इनकी संसद भवन में उपस्थिति खूँटी के लिए वरदान साबित होगा।

इस कार्यक्रम में खूँटी प्रभारी सत्यनारायण सिंह, संयोजक ओपी कश्यप, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कांसीनाथ महतो, विधानसभा सहसंयोजक सह अजजा मोर्चा प्रदेश मंत्री जगन्नाथ मुण्डा, जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता, उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद सोनी, महामंत्री विनोद नाग, नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, विनोद प्रसाद सोनी, मनोज कुमार, जोनिका गुड़िया, लक्ष्मी बाखला सुदर्शन भोगता , रुक्मिला सारु के अलावे भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जेएमएम व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा का थामा दामन



खूँटी । भाजपा के द्वारा आयोजित कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के मंचासीन कार्यक्रम के दौरान भाजपा के गौरवान्वित कार्यों के क्रियाकलाप व विकास कार्य को देखते हुए बानो का जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष की अगुवाई में काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। इसके अलावा झारखंड पार्टी के अधिकारियों व काफी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा का दामन थामा। जबकि कांग्रेस व आरजेडी के कार्यकताओं ने भी भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा होने का संकल्प लेते हुए लोगों ने पार्टी का झंडा लहराते हुए खूँटी में एक बार भाजपा विजय के लिए पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, रविन्द्र राय, नीलकंठ सिंह मुंडा, कोचे मुण्डा ने माला पहनाकर व पार्टी का पट्टा देकर स्वागत किये।

## भगतसिंह चौक में रामनवमी पूजा समिति ने किया भजन संध्या जगराता का आयोजन

बिभा संवाददाता



खूँटी । सार्वजनिक रामनवमी समिति भगत सिंह चौक के द्वारा सोमवार की शाम जयश्री राम के जयघोष से गुंजायमान रहा। जो कि भगतसिंह चौक श्रीरामनवमी उत्सव पर अलग ही पहचान बनाता रहा है। वहीं इस बार श्रीरामनवमी पर्व के पूर्व बजरंगबली मंदिर प्रांगण भगतसिंह चौक में भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं अनेक भक्तिमय धार्मिक गीतों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। धनबाद से आये जगराता भजन कलाकारा द्वारा भजन गायन करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लो भजन का आनन्द लेते हुए खूब झूमे और वही महिला जत्था हो या पुरुष जत्था सभी कुर्सी छोड़ भजन की धून पर काफी मनोरंजन किया। वहीं हिंदी व बंगला गीतों के भजन गाए। इस कार्यक्रम के दौरान प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर समाजसेवी महेंद्र भगत, रमेश मांझी, परिमल घोष सहित काफी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारियों व सदस्य कार्यकताओं ने सराहनीय भूमिका निभाया।

## विचाराधीन कैदियों से संबंधित यूटीआरसी की हुई बैठक

बिभा संवाददाता



खूँटी । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विचाराधीन कैदियों से संबंधित यू टी आर सी की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष एवं व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, उपयुक्त खूंटी, पुलिस अधीक्षक, डालसा के सचिव,कारा अधीक्षक लोक अभियोजक, एल0ए0डी0सी0 के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इसकी अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रँ उछरअ अध्यक्ष श्री फषिकेश कुमार ने किया।

डालसा सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि डालसा ने कैदियों को 14 कैटेगरी में रखा है। जिसमें से 20 विचारा धीन कैदियों के बारे में विचार किया गया। जिसका विचारण तेजी से होगा और इन्हें सभी माननीय न्यायालय द्वारा जल्द ही जमानत पर छोड़ा जाएगा। यू टी आर सी ने इसकी सिफारिश की है। अगर कोई बिचारा धीन कैदी अपने अधिवक्ता से कानूनी लाभ नहीं ले पा रहा हो तो वह एल0ए0डी0सी0 (डालसा अधिवक्ता) की मदद ले सकते हैं जो निःशुल्क है।

## माहिल में रामकथा पाठ के साथ किया जा रहा है नवरात्र

बिभा संवाददाता



खूँटी । मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत माहिल गाँव के शिव मंदिर प्रांगण में विगत नौ दिनों से श्रीराम कथा रामायण पाठ के साथ नवरात्र का आयोजन किया रहा है। इस अवसर पर प्रत्येक रात रामायण पाठ के साथ भजन संध्या व आकर्षक नृत्य नाट्य मंचन का आयोजन किया जाता है। वहीं सोमवार की रात बच्चियों ने आकर्षक डांडिया नृत्य कर लोगों के मन को मोह ली। वहीं एक दुर्गा स्तुति गायन के द्वारा माँ दुर्गा के रुप सजकर नन्ही नन्ही बच्चियाँ काफी आकर्षक दिखी। जिन्हें देख साक्षात देवी दुर्गा माँ को स्तुति किया जा सकता है। इस बीच रामकथा के दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता की कथा के द्वारा जीवन को आदर्श और मर्यादित होकर सांसारिक जीवन को सार्थक बनाने के सदुगुणों को प्रवचन के माध्यम से दिया जाने लगा है। वहीं ग्रामीण पूरे भक्तिभाव के साथ श्रीराम कथा पाठ का लाभ लेते हैं। जो अलग अलग दिनों में अलग अलग मंचन भी किया जाता है। इस कार्यक्रम में जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, समाजसेवी महेंद्र भगत रमेश मांझी परिमल घोष रवि गुप्ता , प्रमोद कुमार आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा जनसम्पर्क अभियान के क्रम में पहुँचे जरिया गढ़

बिभा संवाददाता



खूँटी । आगामी लोकसभा निर्वाचन की विजय मार्ग प्रशस्त करने के दृष्टिकोण से सोमवार को जरिया गढ़ में लोकसभा चुनाव के उमीदवार अर्जुन मुंडा ने दौरा किया। जो कि विगत मंडा पर्व के अवसर पर आमंत्रित अर्जुन मुण्डा के व्यस्ततम कार्यक्रम होने के कारण जरिया गढ़ के कार्यक्रम में पहुँच नहीं पाए थे। वहीं जरियागढ़ के सैकड़ों महिला पुरुष व भाजपा कार्यकताओं ने अपने बीच अर्जुन मुंडा को पाकर काफी हर्षित थे। मौके पर, अर्जुन मुण्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सुकृत्य के कारण देश का गौरव बढ़ने व देश हित में काम होने से संतुष्ट होने पर उक्त कार्यों के नाम अपना मतदान कर कार्य का समर्थन देने को कहा। उन्होंने कहा कि देश एक तरफ सुरक्षित होता जा रहा है वहीं केंद्र सरकार की सोंच और ऐसे कार्य योजना लाने से लोगों को विकास करने में लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आप देख रहे हैं कि राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। जैसे लोगों का शासन होगा वैसा कार्यशैली होगी। वैसे सोंच वाले लोग संसद में चुनकर न जा पावें इसका ख्याल मतदाताओं को रखना है। नरेंद्र मोदी जी का स्पष्ट सोंच है न भ्रष्टाचार करेंगे न भ्रष्टाचार करने देंगे। नहीं तो कानून पीछा नहीं छोड़ेगा। इस दौरान तोरपा विधायक कोचे मुण्डा, विधानसभा संयोजक अरुण चन्द्र गुप्ता, भाजपा के जनसंघी कार्यकर्ता विनोद प्रसाद सोनी, शिवशंकर मिश्रा, लाल रुपेंद्र नाथ शाहदेव, विनय गुप्ता, जगन्नाथ साहू , संकर्षण साहू, प्रेम कुमार आदि सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

## मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त कार्य शैली एवं दायित्वों से कराया गया अवगत

बिभा संवाददाता



खूँटी । बिरसा कॉलेज परिसर में लोक सभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग द्वारा 72 सेक्टर पदाधिकारी एवं 112 पुलिस अधिकारियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त कार्य शैली एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आलोक शिकारी कच्छप ने सेक्टर पदाधिकारियों को कार्य एवं जिम्मेवारियों से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधीन कई मतदान केंद्रों की जिम्मेवारी हो सकती है। सुरक्षित ईवीएम मशीन की सुरक्षा हेतु आपके साथ पुलिस बल के जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि निगरानी रखना होगा कि मतदान केंद्रों पर वोटिंग का कार्य समान्य अवस्था में हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान मतदान समाप्ति के बाद मतदान संबंधित सभी सामग्रियों को कलेक्शन सेंटर में जमा कराने का उत्तरदायित्व सेक्टर दंडाधिकारियों का होता है।

प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों के कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि विधि व्यवस्था संधारण के कार्य से अलग अन्य कार्य के लिए भी आपलोगों को प्रतिनियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपसभी को निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी रखना आवश्यक है। उन्होंने विविध कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी रखना आपलोगों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में किसी तरह की चूक क्षम्य नहीं होती है।

प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, पैकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से बताया गया। पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की तमाम प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आईटीडीए, खूंटी श्री आलोक शिकारी कच्छप की देखरेख एनएलएमटी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री बालमुकुंद झा, मास्टर ट्रेनर विष्णुनंद तिवारी, प्रदीप कुमार ओझा, देवेंद्र गोप, श्रवण बारला सहित अन्य द्वारा प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया।

## लोकसभा आम चुनाव को लेकर एसएसटी /वीएसटी /वीवीटी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम



बिभा संवाददाता

खूँटी । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर आज डीआरडीए सभागार में एसएसटी/वीएसटी/वीवीटी की प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उक्त टीमों को उनके कार्य एवं दायित्वों से विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही सी-वीजील एप्प के माध्यम से आन लाइन रिर्पोटिंग का निर्देश दिया गया। बताया गया कि चुनाव कार्यों के सफल संचालन में आप लोगों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने उक्त टीमों के कार्य व दायित्वों की चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि व्यय के बिंदु से विभिन्न निर्देश दिए गए। स्थैतिक निगरानी टीम नकदी का अवैध अदान-प्रदान, शराब वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं जो मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए प्रयोग में लाई जा रही हो, उसका पता लगााकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जांच की समस्त प्रकिया की वीडियोग्राफी की जा रही है। साथ ही निर्देश दिया गया कि मॉडल कोड आफ कंडक्ट के तहत सार्वजनिक स्थलों एवं व्यक्तिगत दीवारों पर राजनैतिक दलों से संबंधित पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन, लगे झंडे का अनुमति पत्र का अवलोकन कर सत्यापन आवश्यक रुप से करें। सभी टीम को सक्रिय रूप से अपने कार्य/दायित्वों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# कूड़ा-करकट डालने का स्थान बनते जा रहा समुद्र तल

मनीष कुमार चौधरी

सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है।समुद्र की ऊपरी परतों में माइक्रोप्लास्टिक ने खाद्य श्रृंखला पर आक्रमण किया है। जैसे-जैसे कोई शिकार की परतों के माध्यम से ऊपर की ओर बढ़ता है, उच्च और उच्चतर सांद्रता में एकत्रित होता जाता है। व्हेल और पक्षी जैसे जानवर बड़ी मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक का उपभोग कर रहे हैं, जिससे कुपोषण हो रहा है और उन जीवों के कई अंगों को नुकसान हो रहा है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा उजागर किए गए एक अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण 2050 तक चौगुना हो सकता है,

उन्नीसवीं सदी की शुरूआत तक गहराई की अधिक विस्तृत वैज्ञानिक समझ ने आकार लेना शुरू नहीं किया था। जैसे-जैसे यूरोपीय और अमेरिकियों की वाणिज्यिक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं दुनिया भर में विस्तारित हुई, महासागर के बारे में अधिक सटीक और अधिक विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता भी बढ़ी, लेकिन जल्द ही विकास की अंधाधुंध दौड़ में समुद्र की इन गहराइयों का बेजा इस्तेमाल शुरू हो गया। समुद्र की गहराई का उपयोग बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री के लिए अंतिम विश्राम स्थल के रूप में भी किया गया।पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में ब्रिटिश, अमेरिकी, सोवियत, ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सरकारों ने सैकड़ों-हजारों टन अप्रचलित रासायनिक हथियारों को दुनिया भर के पानी की गहराई में या तो ड्रमों में या टुकड़ों में भेज दिया। हालांकि सार्वजनिक आक्रोश के कारण इस प्रथा को 1972 में समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2019 के एक अध्ययन में आर्कटिक महासागर के तल पर कम से कम 18 हजार रेडियोधर्मी वस्तुएं बिखरी हुई पाई गई, उनमें से कई को सोवियत संघ द्वारा वहां फेंक दिया गया था। जब ये वस्तुएं अपनी जहरीली विरासत को पानी में छोड ?ा शुरू कर देंगी, तब क्या होगा? कई पर्यावरणविदों ने इस स्थिति को समुद्र तल पर धीमी गति से चल रहा चेर्नोबिलङ कहा है।हालांकि सोवियत संघ ने किसी भी अन्य देश की तुलना में समुद्र तल पर अधिक परमाणु कचरा फेंका था, लेकिन वह निश्चित रूप से अकेला नहीं था। 1948 और 1982 के बीच, ब्रिटिश सरकार ने लगभग 70 हजार टन परमाणु कचरा समुद्र की गहराई में भेज दिया। भले ही कम मात्रा में ही सही, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड ऐसे कुछ देश हैं, जिन्होंने रेडियोधर्मी सामग्री के निपटान के लिए समुद्र का उपयोग किया है। 2019 में चीनी वैज्ञानिकों ने मारियाना ट्रेंच के तल पर रहने वाले उभयचरों के शरीर में 1940 और 50 के दशक में परमाणु बमों के विस्फोट से



उपजे रेडियोधर्मी कार्बन-14 की खोज की।अब जबकि अंतरराष्ट्रीय संधियां समुद्र में रेडियोधर्मी सामग्री के डंपिंग पर रोक लगाती हैं, ब्रिटिश सरकार कुम्ब्रिया के समुद्र तल के नीचे 100 टन से अधिक प्लूटोनियम सहित 750,000 क्यूबिक मीटर परमाणु कचरे के निपटान की योजना तलाश रही है। 1946 से 1993 तक, तेरह देशों ने मुख्य रूप से चिकित्सा, अनुसंधान और परमाणु उद्योग से निकले लगभग 200,000 टन परमाणु/रेडियोधर्मी कचरे को निपटाने के लिए समुद्रों का किसी डंपिंग यार्ड की तरह उपयोग किया। भले ही समुद्र में डंपिंग के मामले में अब तक केवल निम्न स्तर के रेडियोधर्मी कचरे को ही डंप किया गया है, लेकिन समुद्र तल पर फैले सैकड़ों-हजारों टन परमाणु कचरे के धीमे क्षय की तरह, समुद्री जीवों के शरीर में लिखी गई मानव उद्योग की जहरीली विरासतें याद दिलाती हैं कि गहराई भूलने की जगह नहीं है कि जहां कुछ भी डाल दो और भूल जाओ।यह मान लेना आसान है कि हमारा ग्रह केवल स्थलीय वातावरण द्वारा परिभाषित है, वास्तव में विपरीत सच है। समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल लगभग 300 मिलियन टन प्लास्टिक का निर्माण होता है, इसमें से लगभग 14 मिलियन टन प्लास्टिक कचरे के रूप में हर साल समंदर में फेंक दिया जाता है।समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। खेल बैग, पुतले, समुद्र तट की गेंदें और बच्चों की बोतलें कई हजारों मीटर की गहराई तक समुद्र तल पर फैली हुई हैं। कुछ क्षेत्रों में ऐसी वस्तुओं की संख्या 300 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक है। जब खोजकर्ता विक्टर वेस्कोवो 2019 में मारियाना ट्रेंच के निचले भाग पर पहुंचे, तो उन्हें न केवल एम्फिपोड्स की पहले से अज्ञात प्रजातियों का सामना करना पड़ा, बल्कि उन्हें प्लास्टिक बैग और मीठे रैपर भी मिले। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है।समुद्र की ऊपरी परतों में माइक्रोप्लास्टिक ने खाद्य श्रृंखला पर आक्रमण किया है। जैसे-जैसे कोई शिकार की परतों के माध्यम से ऊपर की ओर बढ़ता है, उच्च और उच्चतर सांद्रता में एकत्रित होता जाता है। व्हेल और पक्षी जैसे जानवर बड़ी मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक का उपभोग कर रहे हैं, जिससे कुपोषण हो रहा है और उन जीवों के कई अंगों को नुकसान हो रहा है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा उजागर किए गए एक अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण 2050 तक चौगुना हो सकता है, जबकि माइक्रोप्लास्टिक्स संभावित रूप से 2100 तक पचास गुना बढ़ सकता है। यह समुद्री जैव विविधता के लिए खतरा तो है ही, कुछ प्रजातियों को विलुप्त होने के कगार पर पहुंचा सकता है।

## संपादकीय

# सख्त निर्णय जरूरी

भारत सीमापार से होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्री शुक्रवार को 'यह भारत क्यों मायने रखता हैः युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' विषय पर बोल रहे थे। 2008 में हुए मुंबई हमलों का जवाब देने को लेकर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी संप्रग सरकार पर निशाना साधने हुए उन्होंने कहा कि काफी चर्चा के बावजूद कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। उन्होंने माना पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत उस पर हमला न करने से अधिक होगी। 2014 में आतंकवाद की शुरूआत नहीं हुई, यह मुंबई हमले के साथ नहीं हुई, बल्कि यह 1947 में हो चुकी थी। उन्होंने कश्मीर हमले को आतंकवादी कृत्य माना। शिवशंकर ने कहा कि वे गांव और शहर जला रहे थे, लोगों की नृशंस हत्या कर रहे थे। 2014 के बाद भारत की विदेश नीति में आए बदलावों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस देश से संबंध बनाए रखना मुश्किल है, वह है पाकिस्तान है। पाकिस्तान समेत अन्य देशों में मारे गए आतंकवादियों के पीछे भारत का हाथ होने वाली ब्रिटिश अखबार 'गार्जियन' में छपी खबरों का भी उन्होंने तीव्र प्रतिकार करते हुए इन खबरों का तीव्र खंडन किया। ऐसा पहली बार नहीं है, जब विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी बात सख्ती से दोटूक अंदाज में रखी। विश्व पटल पर भारत की छवि मोदी सरकार ने लगातार बदली है। यह कहना कि आतंकवादी किसी नियम से नहीं चलते, उन्हें जवाब भी वैसे ही मुंहतोड़ तरीके दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय हितों का पालन करते हुए भारत दुनिया के तमाम देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा मानवाधिकारों का सम्मान और बहुपक्षवाद पर केंद्रित रहता है। आज भारत के लिए हालात इतने साजगार हो चुके हैं कि तमाम चुनौतियों के बावजूद वैश्विक अगुवा बने रहने और दुनिया को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखने में भारत हिचकता नहीं। निःसंदेह हम उभरती हुई अर्थव्यवस्था हैं, इसलिए विदेशी निवेश, संयुक्त उद्यम और निर्यात के क्षेत्र में भारत की अर्थव्यवस्था प्रदर्शन बेहतर नजर आ रहा है। ऐसे में सीमापार से होने वाले आतंकवादी उपद्रव को लेकर यदि कड़ाई नहीं बरती जाती है तो न केवल भारत की छवि धूमिल होती है, बल्कि आतंकवाद के प्रति सटीक और तत्काल निर्णय न लेने के कारण देश की अखंडता और शांति भी खंडित होती है जिसे बनाए रखना सरकार की महती जिम्मेदारी है।



## सूक्ति

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।
- रामायण

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।
- स्वामी ज्ञानानंद

## चिंतन-मनन

### संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात? पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है।

इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्त्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता।

शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुतः इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है।

इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

# देश की रक्षा हेतु आवश्यक है परमाणु अस्त्र



संजय गोस्वामी

देश की सुरक्षा सबसे पहले है क्योकि आज किसी देश पर हमला होता है जो किसी देश के भाग पर गलत तरीके से कब्जा हो जाता है। क्योंकि यदि उसके पास परमाणु अस्त्र नहीं है तो दूसरा देश हमेशा कब्जा करेगा। क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार है परमाणु अस्त्र के नष्ट करने के बारे में किसी भी नेताओं को सोचना नहीं चाहिए क्योंकि ऐ देश की एकता और ताकत देता है जैसे अगर आप किसी राह पर चल रहें हों और रात का समय हों तो आप अपनी रक्षा हेतु लाठी डंडा रखरखाव और अपने बचने के लिए करते है डंडा से सभी को पीटना मेटा उद्देश्य नहीं है लेकिन अगर मेंरी माँ बहने को छेरे तो पीटना आवश्यक है इसी तरह परमाणु हथियार है जो यदि कोई हमला करे तो डराया जा सके आज दुनिया परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ रहा है इसके परिणाम हम सभी जानते हैं 79 साल पहले 6 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर दुनिया का पहला परमाणु बम हमला किया था. इसके तीन दिन बाद जापान के ही नागासाकी शहर पर दूसरा परमाणु बम गिराया गया. दोनों शहर लगभग पूरी तरह तबाह हो गए. डेढ लाख से अधिक लोगों की पल भर में जान चली गई और जो बच गए वो अपंग हो गए और आज भी जो बच्चे जन्म लेते हैं वे अपंगता के शिकार होते हैं क्योंकि रेडिएशन का खतरा 100वर्षों ?ा इससे भी अधिक रहता है लेकिन सभी देशों में एक सहमति नहीं बनी की सभी नस्ट करें ऐसे में हमारा परोसी देश आतंकवादी हमला और परमाणु बम छोड़ने की बात करता है। कहता है इधर चीन है तो दूसरा पाकिस्तान दोनों के पास भरपूर एटम बम है अतः भारत को भी अपनी संप्रभुता और अखंडता के लिए जरुरी है। जब भारत में अटलजी जैसा प्रधानमंत्री हुआ तो 11 मई 1998 को उन्होंने इतिहासिक फैसला लिया परमाणु परीक्षण को मंजूरी देने के लिए भारत की अमेरिका का आर्थिक प्रतिबन्ध भी और दिया लेकिन पहले है। कागजी को थे जमीन सुरक्षा अमल की बहुत कठिन होता होड़ में सभी देश विज्ञान के आधार पर अपने देश को प्रगतिशील,समृद्धशाली, समृद्धशाली, शक्तिशाली बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इस होड़ अर्थात प्रतिस्पर्धा को लेकर सभी देश अपनी सुरक्षा के लिए अस्त्रा-शस्त्रों का उत्पादन करने में जुट गए हैं।अब ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध में कहीं परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल न हो जाए लेकिन ऐसा किस उद्देश्य के लिए हो रहा होगा उधर चीन और ताईवान मैं भी युद्ध के बादल मंडरा रहें हैं चीन और अमेरिका के इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है आज सारे देश में हथियार खरीदने की होड़ लगी है नित्य नये-नये घातक अस्त्रा-शस्त्रों का निर्माण हो रहा है ईरान अब इजराइल में युद्ध की आहट सुनाई दें रही है क्योंकि दोनों राष्ट्र में परमाणु अस्त्र है ऐसे में परमाणु अस्त्र को नष्ट करने की सोचना भी नहीं चाहिए ऐ हमारी रक्षा हेतु अति आवश्यक है हैं।रूस और यूक्रेन के युद्ध में निर्दोष नागरिकों की बहुत अधिक संख्या में जान जा रही है और लोगों का जीवन अस्त व्यस्थ हो गया है इस जंग में यूक्रेन व रूसी सैनिकों की भी मौत हो रही है एक देश दुसरे देश के शक्ति प्रदर्शन के चक्कर में अपने देश का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है व विश्व शांति पर खतरा मंडराने लगा है 2 साल व 3महीने से चल रहे इस युद्ध में केवल तबाही मची है व बेगुनाह लोगों की मौत हो रही है अब ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध में कहीं परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल न हो जाए लेकिन ऐसा किस उद्देश्य के लिए हो रहा होगा ऐ सीमा विवाद के कारण है चीन और ताईवान में भी युद्ध के बादल मंडरा रहें हैं जैसा चीन और अमेरिका के इस पर चिंतन करने की आवश्कता है हमारा भारत पर कोई आँख दिखाने की कोशिश तभी नहीं करेगा जब उसे मालूम होगा कि हमें भी अपनी सुरक्षा करने की आवश्यकता है उक्रेन के पास परमाणु हथियार जब तक थे उससे पंगा मोल लेने के लिए कोई सोचा भी होगा तो कर नहीं सका होगा लेकिन यूएस के कहने पर जैसे ही परमाणु अस्त्र नष्ट किया बाद मे हमला हो रहा है और हथियार के लिए दूसरे देश पर निर्भर होना पर रहा है नुकसान दोनों को हों रहा है भारत ने किसी का समर्थन ना कर उचित कदम उठाया है ऐसा इसलिए की हमारे वैज्ञानिक ने इतिहास रचा परमाणु इसके स्व स्व कलाम साहब ने अतुलनीय योगदान किया और देश की ताकत बेतहाशा बढ़ि सभी देशों मे डंका बजा और राष्ट्र एकजुट हुआ था उस वक्त उसी का देखा देखी कर पाकिस्तान ने बड़ी भारी कर्ज लेकर मामूली सा परमाणु परीक्षण किया तो बाद मे कर्ज का भार बढ़ते बढ़ते आज खाने के लाले पड़ रहें हैं अतः इसपर राजनीती करना बिलकुल सही नहीं है यदि किसी विपक्ष ने मैंनोफेस्टो मे डाला है तो ये बिलकुल देश हित मे नहीं है जैसा की प्रधानमंत्री जी के किसी भाषण में जिक्र किया है ऐ सही थे अतः हमें इसमें बिलकुल राजनीति करना उचित नहीं है नहीं तो फिर परोसी दो देश केवल आंखे दिखा रहा है वो हमला भी कर सकता है आप जरा सोचिये बैंक की सुरक्षा हेतु गार्ड मशीनगन लेकर खड़ा रहता है लेकिन कभी किसी पर गोली नहीं चलाता है लेकिन यदि किसी ने लूटने की कोशिश की तो सुरक्षा हेतु चलाना होता है.भगवान राम ने आखिर रावण से युद्ध क्यों किया अपने लिए नहीं माँ सीता की रक्षा हेतु अतः जब युद्ध होता है तो सबसे बड़ा नारी सुरक्षीत नहीं रहती है इसलिए गुरुगोविंद सिंहजी ने नारी की रक्षा हेतु शांति के साथ साथ तलवार भी देश की रक्षा के लिए उठाई जो पूज्यनीय है देश सर्वोपरि है और नारी सहित सभी की सुरक्षा हेतु परमाणु अस्त्र भी उतना ही जरूरी है मानवता की भलाई हेतु परमाणु अस्त्रों पर अंकुश लगाना जरुरी है लेकिन जब सभी राष्ट्र सही में नष्ट करें तभी नहीं तो परमाणु अस्त्र बहुत जरुरी है जिसे वैज्ञानिकों ने अपने पसीने से सींचा है नव भारत की रक्षा हेतु इस बात की आवश्यकता है कि उचित निदान द्वारा विश्वजनित मतभेदों को भुलाकर अशांति का माहौल खत्म किया जाए। अतः परमाणु निःशस्त्रीकरण कोई सही कदम नहीं है नहीं तो दूसरा देश मौके का फायदा उठा लेगा और युद्ध में कोई किसी की सुरक्षा की गारंटी नहीं लें सकता है.अतः देशहित में शांति और क्रांति दोनों जरुरी है.निःशस्त्रीकरणह्न का शाब्दिक अर्थ है-घातक हथियारों पर नियंत्रण रखना और शस्त्रों की बढ़ती संख्या को रोकना ना की नष्ट करना अपनी रक्षा हेतु परमाणु अस्त्र अति आवश्यक है।

# उत्तर प्रदेश : फिर से कसौटी पर



डॉ. सी.पी. राय

देश में राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश है, जहां की 80 सीट देश का भाग्य तय करती हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें से आधे उत्तर प्रदेश से रहे। पिछले दो चुनावों में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के लिए आधार का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से बनारस से सांसद हैं।

इस बार उत्तर प्रदेश बहुत खामोश है। यह खामोशी सभी दलों को बेचैन किए हुए है। राजनीतिक पंडितों का मानना है की अगर मतदाता का रु झान सत्ता की तरफ होता है तो वो चुनाव शुरू होने के साथ ही दिखाई देने लगता है। ज्यों-ज्यों चुनाव उठान लेता है, सत्ता समर्थक मतदाता ज्यादा मुखर होता जाता है। इस बार वो या तो खामोश है, या अलग-अलग खांचे में सत्ता से जुड़े प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी जता रहा है। भाजपा ने अपने काफी सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इनमें से अधिकांश जीतने के बाद लौट कर अपने क्षेत्र में गए ही नहीं या जिस केंद्रीकृत तरीके से भाजपा की सत्ता चल रही है, और उसमें केंद्र तथा प्रदेश के चंद लोगों को छोड़ कर किसी की भी प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां तक कि मंत्री, सांसद और विधायक का अधिकारी या दरोगा फोन तक उठाने की जहमत नहीं करते। जनप्रतिनिधि जनता या कार्यकर्ता की आवश्यक मदद करने में असफल रहे हैं, और इसलिए भी लोगों से कटे रहे। इसलिए उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध है। एक दूसरा विरोध, जो बड़े पैमाने पर हाल में दिखा, सहारनपुर में हुआ जब क्षत्रिय समाज ने विशाल सम्मेलन किया जिसमें भाजपा का विरोध करने का फैसला किया गया। कुछ राजनीतिक पंडित मानते हैं कि अज्ञात कारणों से एक हवा चल गई है कि यदि केंद्र में दुबारा मोदी सरकार आ गई तो उसमें न तो राजनाथ सिंह के लिए स्थान होगा और न गडकरी के लिए और उससे भी ज्यादा चर्चा व्यापक है कि उस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मोदी और अमित शाह तुरंत हटा देंगे क्योंकि योगी इन लोगों के सामने मजबूत विकल्प के रूप में उठ खड़े हुए हैं। इस अफवाह का असर भी मतदाता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित करता दिख रहा है।

इस बार के चुनाव को अचानक उठ खड़े हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के बवंडर ने भी ग्रहण लगा दिया है। इसके उजागर होने के बाद पीएमकेयर फंड को लेकर शंका के बादल घुमड़ने लगे हैं। देखा गया है कि जब भी कोई सत्ता नौकरशाही और व्यवस्था को सारी ताकत सौंप कर खुद को सुरक्षित समझने लगती है, दरअसल तभी वो ज्यादा असुरक्षित हो जाती है क्योंकि राजनीति नेता या कार्यकर्ता, कैसा भी हो, को जनता का लिहाज करना ही होता है। दरवाजे पर आए व्यक्ति के लिए निकलना ही होता है। नौकरशाही के साथ ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। जनता के साथ उनके व्यवहार का खमियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति इस बार नासूर जैसी दिख रही है।

उत्तर प्रदेश में कैराना से इकरा हसन, सहारनपुर से इमरान मसूद, आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र, मैनपुरी से डिंपल यादव, बांदा से शिवशंकर पटेल, बिजनौर से यशवीर सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिकी, फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबू लाल के पुत्र रामेर सिंह, अलीगढ़ से बृजेंद्र सिंह, लालगंज से दरोगा सरोज, मछली शहर से तूफानी सरोज, फरूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, रामपुर से विपक्षी प्रत्याशी, अमरोहा से दानिश अली, कानपुर से आलोक मिश्र, उन्नाव से अनु टंडन, गाजीपुर से अफजाल अंसारी, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, गोंडा से श्रेया वर्मा, घोसी से राजीव राय, बासगांव से सफल प्रसाद, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, संभल से जियाउर्रहमान वर्क सहित मुलायम सिंह यादव के परिवार वाली अन्य सीट तथा अमेठी और रायबरेली सहित करीब 45 सीटें ऐसी हैं, जो सत्ताधारियों के लिए कठिन डगर साबित हो रही हैं, और ये विपक्षी उम्मीदवार चुनौती देते दिख रहे हैं, तो भाजपा के नाराज लोग भितरघात करते भी दिखलाई पड़ रहे हैं। गौर करने की बात है कि जहां 2014 में भाजपा 71 सीट जीती थी, वहीं 2019 में पुलवामा और बालाकोट की लहर के बावजूद उत्तर प्रदेश में उसकी सीट घट कर 62 हो गई थीं, इस बार तो कोई लहर भी नहीं है। इस कारण लगता है कि मतदाता ने खामोशी बरतते हुए मतदान के दिन ही फैसला सुनाने का निश्चय कर लिया है।

राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियां और समीक्षकों की समीक्षा तथा एग्जिट पोल वालों को अक्सर मतदाता झुठलाता दिखता रहा है। बहरहाल, हमें 4 जून का इंतजार करना होगा और उसका इंतजार भविष्य को भी है, और भारत में रुचि रखने वाली दुनिया में भी सभी को।





# ट्रेंडी और स्टाइलिश लगने के लिए चुनें ये फैब्रिक, गर्मी में भी रहेंगे कूल एंड कंफर्टेबल

**गर्मियों में हम सब ज्यादातर हल्के और आरामदायक कपड़े पहनते हैं। बता दें कि गर्मी के मौसम में आप अपने स्टाइल के साथ सबसे ज्यादा एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं। जानिए कि किस तरह के फैब्रिक गर्मियों में आपको कूल और कंफर्टेबल लुक देंगे।**

जब भी गर्मियों में आरामदायक फैब्रिक्स की बात आती है, तो इस बात में कोई शक नहीं है कि सबसे पहला नाम कॉटन का होता है। लेकिन आपके वॉर्डरोब में शर्ट से लेकर कुर्ते, टॉप से लेकर बॉटम वेयर्स भी कॉटन में हो। ऐसा पॉसिबल नहीं है। क्योंकि कॉटन के कपड़ों को एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। साथ ही कॉटन फैब्रिक थोड़े महंगे भी होते हैं। हालांकि अपने स्टाइल के साथ सबसे ज्यादा एक्सपेरिमेंट गर्मी के मौसम में ही होते हैं। आइए जानते हैं कि गर्मी के मौसम में किस तरह के फैब्रिक आपको कूल और कंफर्टेबल लुक देंगे।

## कॉटन

कॉटन फैब्रिक में सबसे अच्छी बात यह होती है कि ब्रीदेबल होते हैं। जिसका मतलब इसे पहनने के बाद आपको ऊबन महसूस नहीं होगी। क्योंकि गर्मियों में यह आपकी बॉडी को ठंडा रखता है। अन्य फैब्रिक के मुकाबले कॉटन पसीने को आसानी सोख लेता है। कॉटन आउटफिट्स ढेरों स्टाइल और कलर में अवेलेबल होती है। इस फैब्रिक को आप कॉलेज से लेकर ऑफिस, किटी पार्टी से लेकर डे आउटिंग या फिर नाइट पार्टीज में भी कैरी कर सकती हैं। हालांकि इनके साथ सिर्फ यही समस्या होती है कि इन कपड़ों को बिना ऑयरन के नहीं पहना जा सकता है। लेकिन कॉटन-पॉलिस्टर मिक्स आउटफिट्स में यह समस्या नहीं होती है। साथ ही लंबे समय तक पहनने के बाद भी इनमें से बदबू नहीं आती है। कॉटन कपड़ों पर लगे दाग-धब्बों पर लगे दाग भी आसानी से छूट जाते हैं।

## लिनन

गर्मियों के लिए आरामदायक फैब्रिक्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर लिनन है। कॉटन की तरह ही यह भी हल्का और ब्रीदेबल होता है। लिनन भी पसीने और नमी को आसानी से सोख लेता है। बता दें कि रिंकल्स फैब्रिक की पहचान हल्के रिंकल्स है। यही इन्हें खास बनाते हैं। लेकिन लिनन फैब्रिक की सबसे अच्छी बात यह होती है कि इनको आप बिना ऑयरन के भी पहन सकते हैं। साथ ही यह आपको क्लासी लुक देने का काम करता है। इनमें बहुत ही सूदिंग कलर्स आते हैं, जो गर्मियों के लिए काफी बेस्ट होते हैं।


## रेयॉन

सिल्क फैब्रिक का सस्ता और अच्छा वर्जन रेयॉन है। यह पतले रेशे से बना होता है। जिसके कारण यह काफी लाइटवेट भी होता है और गर्मियों में यह शरीर में चिपकता भी नहीं है। कंफर्टेबल और ब्रीदेबल होने की वजह से इसको स्पोर्ट्स वेयर से लेकर समर ड्रेसेज़ तक में वैरायटी देखी जा सकती है। हालांकि रेयॉन के कपड़ों को गर्म पानी से नहीं धुलना चाहिए। क्योंकि गर्म पानी से यह सिकुड़ जाता है। इसलिए इसको नॉर्मल पानी से ही धोना चाहिए।

## नायलॉन

अधिकतर एक्टिव वेयर या एथलेक्टिस वेयर्स से बनाए जाते हैं। यह काफी लाइटवेट भी होते हैं। वहीं पसीने आदि से गीला होने पर यह जल्दी सूख भी जाता है। साथ ही नायलॉन स्ट्रेचबल भी होता है। बता दें कि लंबे इस्तेमाल के बाद भी इस फैब्रिक वाले आउटफिट्स जल्दी खराब नहीं होते।





**अगर ऑफिस में आपका कलीग आपके द्वारा किए गए काम का पूरा श्रेय खुद ले लेता है तो उससे डील करने के लिए आप कुछ आसान उपाय अपना सकती हैं।**

# बेहद ही अहम होता है ऑफिस में अपने काम को दक्षता या कुशलता के साथ करना

जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत करना बेहद आवश्यक होता है। आप ऑफिस में रहते हुए अपने काम को कितनी दक्षता या कुशलता के साथ करते हैं, यह बेहद ही अहम् होता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है कि सारी मेहनत आप करते हैं और उसका श्रेय कोई और ले जाता है। ऐसे में निराशा या दुख होना लाजमी है। अगर ऐसा बार-बार होता है तो व्यक्ति का मनोबल टूटता है। साथ ही उसकी प्रोफेशनल लाइफ सक्सेस में भी बाधा पैदा होती है। हो सकता है कि आपके साथ भी ऑफिस में ऐसा कुछ हो रहा हो और आप खुद को निराशा व अंधकार में महसूस कर रही हो। लेकिन इस दौरान आपको नकारात्मक होने की बजाय सकारात्मक अप्रोच के जरिए उस व्यक्ति को समझदारी से हैंडल करने की जरूरत है, जो आपके द्वारा किए गए सारे काम का श्रेय ले रहा है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे लोगों को हैंडल करने के कुछ आसान टिप्स –

## खुद को रखें शांत

यह सबसे पहला व जरूरी टिप है, जिस पर आपको ध्यान देना चाहिए। यदि कोई आपके काम का श्रेय ले लेता है तो स्वाभाविक रूप से आपको गुस्सा आएगा ही। लेकिन इसे सार्वजनिक रूप से जाहिर करना अच्छी बात नहीं है। आपकी यह छोटी सी हरकत आपकी छवि को पूरी तरह से बर्बाद कर देगी। बेहतर होगा कि आप अपनी प्रोफेशनल इमेज को बनाए रखें और हर किसी के सामने प्रतिक्रिया देकर अपना नाम खराब न करें।

## वरिष्ठों को करें शामिल

ऑफिस का माहौल बहुत मूल्यवान है क्योंकि यह न केवल काम से संबंधित कई चीजें सिखाता है बल्कि व्यवहार से लेकर निर्णय लेने की क्षमता तक बहुत सी चीजें सिखाता है। इसलिए, अगर आपको ऑफिस में क्रेडिट चोरी होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो समस्या को सुलझाने के लिए कुछ सबसे भरोसेमंद वरिष्ठ कर्मचारियों से संपर्क करना अच्छा होता है। आप उन्हें सीधे शामिल होने और समाधान प्राप्त करने में मदद करने के लिए कह सकते हैं। जब आप वरिष्ठ कर्मचारियों को इसमें शामिल करती हैं, तो इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि आपको उनसे सही समाधान मिल जाए।

## खुद को करें सीमित

अक्सर क्रेडिट चोरी होने की समस्या तब अधिक होती है, जब आपके कार्य और कार्य करने के तरीके के बारे में अधिकतर लोगों को पता होता है। ऐसे में आपके काम के कंप्लीट होने के बाद अन्य व्यक्ति उसका क्रेडिट ले जाता है। इसलिए, ऑफिस में अपने व्यवहार को सीमित रखें। ध्यान रखें कि ऑफिस में आप काम करने के लिए आए हैं और सिर्फ अपने काम से ही मतलब रखें। जब आप बहुत अधिक फ्रेंडली नहीं होते हैं तो कोई भी सहकर्मी आपके काम के बीच में आने का साहस जल्द नहीं करता है।



# वीकेंड पर बच्चों के लिए प्लान करें मजेदार एक्टिविटी, मौज-मस्ती के साथ बढ़ेंगी बॉन्डिंग

**इन दिनों पेरेंट्स अपने कामकाज में बहुत ज्यादा बिजी रहते हैं। ऐसे में बच्चों के साथ समय बिताना काफी ज्यादा मुश्किल होता है। समय की कमी के कारण जब पेरेंट्स बच्चों के साथ समय नहीं बिताते तों वह अपने बच्चों के साथ अच्छी बॉन्डिंग बनाने में फेल होते जाते हैं। लेकिन अगर आप कुछ बातों को अपनाते हैं तो आप बच्चों के साथ स्ट्रॉन्ग रिलेशन बना सकते हैं। वीकेंड पर आप और आपका बच्चा दोनों ही फ्री होते हैं ऐसे में आप इस दौरान बच्चों के साथ इन मजेदार एक्टिविटी को प्लान कर सकते हैं।**



## ट्रैज़र हंट करें प्लान

बच्चों के मन में उत्सुक्ता बनाए रखने के लिए आप ट्रैजर हंट प्लान कर सकते हैं। इसे प्लान करने के लिए बच्चों की फेवरेट चीजों को छुपाएं और फिर कुछ चिट्स बनाएं जिसे पढ़कर बच्चे को गिफ्ट ढूंढने की हिंट मिले। यह आपके बच्चे की रुचि के बारे में जानने का भी एक शानदार तरीका हो सकता है।

## सितारों को देखें

इस मजेदार पारिवारिक एक्टिविटी को शुरू करने के लिए, इंटरनेट से एक स्टार चार्ट डाउनलोड करें। फिर अपने यार्ड में एक स्थान बैठें जहां से आकाश के स्पष्ट नजारे दिखते हैं, और यह देखें कि दिन रात का आकाश कैसे बदलता है।

## मैजिक ट्रिक

फैमिली एक्टिविटी के लिए आप बड़ी स्क्रीन पर बच्चों के साथ जादू देख सकते हैं। कुछ ऐसी भी मैजिक ट्रिक्स हैं जिसे आप अपने बच्चे के साथ सीख सकते हैं और दूसरों के सामने पेश कर सकते हैं।

## घर में ही करें कैम्पिंग

बच्चों के साथ आप घर में ही कैम्पिंग भी कर सकते हैं। इसके लिए घर के गार्डन या छत पर टेंट लगाएं और फिर बच्चों के साथ उस टेंट में एंजॉय करें। इस दौरान आप बच्चों के फेवरेट गेम खेल सकते हैं और कुछ खा सकते हैं। ये काफी मजेदार हो सकता है।

## टाई एंड डाई

बच्चों के साथ आप टाई डाई भी कर सकते हैं। इसके लिए नई शर्ट, मोजे, कंबल और तकिए के केस पर कुछ डिजायन कर सकते हैं। ऐसा करने से बच्चे भी कुछ नया सीखते हैं।



# अगर सेलेब्स की तरह करना है मेकअप तो यूं करें अपनी स्किन को तैयार

हर कोई बॉलीवुड सेलेब्स को देखकर मुग्ध हो जाता है। ऐसा बॉलीवुड का सेलेब्स होने के कारण नहीं बल्कि उनकी सुंदरता के कारण होता है। खासकर तब, जब बात बॉलीवुड एक्ट्रेस की हो... उनकी सुंदरता तो देखने लायक होती है। बॉलीवुड एक्ट्रेस की सुंदरता को देखते ही हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। ऐसा इनके अच्छे मेकअप के कारण होता है। लेकिन जब यही मेकअप हम आम लड़कियां यूज़ करती हैं तो फिर सेलेब्स लुक क्यों नहीं आ पाता। ऐसा अनप्रिपेयर्ड स्किन के कारण होता है। दरअसल सेलेब्स की स्किन ही काफी अच्छी होती है जो मेकअप कर के और अधिक खूबसूरत हो जाती है। ये वैसे ही बात है कि आप बाइक से कहीं भी फास्ट तरीके से पहुंच सकती हैं लेकिन इसके लिए बाइक चलाना भी तो आना चाहिए। इसी तरह से मेकअप के साथ भी है। मेकअप कितना ही अच्छा क्यों हो... अगर स्किन खराब होगी तो कोई फायदा नहीं होगा।

तो आपको मालूम चल गया कि आप कहां गलती कर रही थीं। तो इस

आमना वहाब बताती हैं कि मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे तरीके से साफ कर लेना चाहिए और उसके बाद कुछ जरूरी स्टेप्स को फॉलो कर मेकअप एप्लाई करना चाहिए। इन जरूरी स्टेप्स के बारे में इस आर्टिकल में विस्तार से जानते हैं। क्योंकि स्किन सही तो समझ लेना कि सुंदर दिखने की आधी जंग आपने जीत ली है।

## शुरुआत करें क्लेंज़िंग से

सुंदर दिखने की शुरुआत साफ चेहरे से शुरू होती है। इसलिए हमेशा चेहरे को फेसवॉश से साफ करना ही काफी नहीं है। क्लेंज़िंग कैसा है ये भी आपके साफ चेहरे के लिए काफी जरूरी है। दरअसल सही क्लेंज़िंग ये आपके चेहरे पर मेकअप के लिए साफ़ कैन्वस देता है। आमना कहती हैं, जिनकी स्किन ऑयली है उन्हें हमेशा लैदर बनानेवाला फ़ेस वॉश लेना चाहिए। रूखी त्वचा वालों को हाइड्रेटिंग क्लेंज़र का चुनाव करना चाहिए।

## स्किन के अनुसार पीएच वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें

स्किन स्पेशलिस्ट क्लेंज़र चुनते वक्त पीएच लेवल का विशेष तौर पर ध्यान रखने की सलाह देते हैं। वे बताते हैं, हम बिज़ी शेड्यूल होने के कारण की बार पानी पीना भूल जाते हैं जिसके कारण स्किन में नमी की कमी हो जाती है। इस नमी से बचने के लिए हमेशा अपने स्किन के अनुसार पीएच लेवल देखकर क्लेंज़र चुनना चाहिए।

## इसके बाद ठंडक दें

इसके बाद अपनी स्किन को ठंडक दें। आमना बताती है कि मेकअप शुरू करने से 15 मिनट पहले चेहरे को ठंडक देने के लिए बर्फ़ के टुकड़ों से मालिश करनी चाहिए। इससे पोर्स बंद हो जाते हैं और पसीना नहीं निकलता है जिससे मेकअप ज़्यादा समय तक टिका रहता है। इससे मेकअप पोर्स के अंदर भी नहीं जाते और रैशेज होने का खतरा भी टल जाता है। इसलिए हमेशा मेकअप करने से पहले चेहरे की बर्फ से मालिश जरूर करनी चाहिए। इससे मेकअप से किसी भी तरह की स्किन इंफेक्शन की समस्या नहीं होती है। स्किन स्पेशलिस्ट भी ऑयली चेहरे के लिए बर्फ़ की मालिश को अचूक उपाय बता चुके हैं। इससे मॉइस्चराइज़र त्वचा के भीतर समा जाता है और स्किन के ऑयली दिखने की समस्या कुछ घंटों के लिए खत्म हो जाती है।

## मॉइस्चराइज़ का करें सही तरीके से इस्तेमाल

मेकअप की तैयारी का सबसे जरूरी स्टेप है अपने चेहरे की नमी को ज्यादा समय तक बनाए रखने के लिए लॉक करना तभी चेहरे पर पानी दिखेगा मतलब कि नमी दिखेगी और चेहरा ग्लोइंग नजर आएगा। इसलिए मॉइस्चराइज़र्स का इस्तेमाल अच्छे से करें। बर्फ से चेहरे की मालिश करने के बाद चेहरे की मॉइस्चराइज़र्स से मालिश करें। इससे मॉइस्चराइज़र्स स्किन के अंदर जाएगा और ज्यादा समय तक टिके रहेगा साथ ही स्किन के मांसपेशियों में रक्तसंचार भी बढ़ेगा। ब्यूटी एकस्पर्ट आमना मॉइस्चराइज़र्स से चेहरे की सर्क्युलर मोशन में मालिश करने की सलाह देती है। फिर इसके बाद ऊपरी दिशा में मतलब उंगुलियों को नीचे से ऊपर ले जाते हुए मालिश करनी चाहिए। इससे चेहरे पर मॉइस्चराइज़र अच्छी तरह से लग जाएगा।

## ऐसे लगाएं प्राइमर

उम्र बढ़ने के साथ होंठों के किनारे में सिलवटें दिखना शुरू हो जाती हैं। इन्हें आप प्राइमर का सही तरीके से यूज़ कर छुपा सकती हैं। मेकअप

इस्तेमाल करना। क्योंकि अगर आफ प्राइमर का सही तरीके से इस्तेमाल करती हैं तो इससे चेहरा चिकना नजर आता है और चेहरे पर से अनचाही झुर्रियों और सिलवटों को भी आप छुपा सकती हैं। आमना कहती हैं, ऐसे प्राइमर का इस्तेमाल करना चाहिए जिसमें सोडियम हाइएलुरनेट मिला हो। क्योंकि ये झुर्रियों को काफी अच्छे तरीके से छुपा देता है। तो ये तो था बेस्ट सेलेब लुक पाने के मेकअप टिप्स की तैयारी। इन्हें फॉलो कर आप मिनीमम मेकअप भी करके सेलेब लुक पा सकेंगी। तो आज से ही इन टिप्स को फॉलो करना शुरू करें और बने पार्टी की जान।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए बंधी रस्सी में फंसकर युवक की मौत


कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो राज्यों के दौरे पर हैं। पहले वह केरल में दो चुनावी रैलियां करेंगे। केरल के कोच्चि में पीएम मोदी की रैली स्थल के पास एक हादसा हो गया है। पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए बांधी गई एक रस्सी में बाइक सवार फंस गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। केरल की कोच्चि पुलिस ने मामले में सोमवार को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात साढ़े 10 बजे की है। वडुथला के रहने वाले मनोज उन्नी की पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए बांधी गई रस्सी में बाइक फंसी और वह हादसे का शिकार हो गया उन्नी को पास के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। उधर, हादसे के बाद युवक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक के परिजनों का कहना है कि बिना किसी चेतावनी के सड़क पर रस्सी बांध दी गई थी और रात के अंधेरे में रस्सी को देख पाना मुश्किल था। मृतक के एक रिश्तेदार ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे के लिए सुरक्षा इंतजाम के तहत रस्सी बांधी गई थी। रात के वक्त रस्सी दिखे, इसके लिए कोई संकेत चिह्न लगाया गया था।

## श्री अमरनाथ यात्रा चलेगी 52 दिन

जम्मू। श्री अमरनाथ मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से 52 दिनों तक चलेगी और इसका पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू किया जा चुका है। इससे पहले अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने रविवार को वार्षिक अमरनाथ यात्रा की घोषणा कर दी थी। बाबा बर्फानी के भक्त अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की वैबसाइट जेकेएसएएस बी.एनआईसी.इन पर जाकर इसका पंजीकरण किया जा सकता है। यात्रा का मार्ग 48 किलोमीटर लंबा है। श्राइन बोर्ड के अनुसार इस वर्ष यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। तीर्थयात्रियों को हैलीकॉप्टर सर्विस प्रोवाइडरों से बुकिंग करानी होगी। इसके लिए बालटाल रूट (नीलगरथ-पंजतरणी-नीलगरथ) के लिए ग्लोबल वैक्ट्रा हैलीकॉप्टर लिमिटेड और कन्सोर्टियम एरो एयर क्रॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड से बुकिंग करा सकते हैं। जबकि पहलगाम रूट के लिए एमएस हैरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड से बुकिंग करानी होगी। वहीं श्रीनगर-पहलगाम-श्रीनगर और श्रीनगर-नीलगरथ-श्रीनगर रूट के लिए एमएस पवन हंस लिमिटेड हैली सर्विस से बुकिंग करानी होगी। श्राइन बोर्ड ने अपनी वैबसाइट पर हैली सर्विस की बुकिंग अभी शुरू नहीं की है। अमरनाथ यात्रा का आयोजन जम्मू-कश्मीर सरकार और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के संयुक्त सहयोग से किया जाता है।

## मुस्लिम वोटर्स को लुभाने की कोशिश में उद्धव ठाकरे, कहा- पहले जो हुआ उसे...

मुंबई। लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में उद्धव ठाकरे ने माहिम में मुस्लिम भाइयों से मुलाकात की है। ये बैठक शिवसेना भवन में आयोजित की गई है। उद्धव ठाकरे ने माहिम में मुस्लिम समुदाय से समर्थन मांगा है। उद्धव ठाकरे ने मुस्लिम भाइयों से अपील की है कि वे पहले जो कुछ हुआ उसे भूल जाएं और देश और संविधान को बचाने के लिए एक साथ आएं। महाविकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे के शामिल होने के बाद से बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय शिवसेना ठाकरे समूह के पक्ष में नजर आ रहे हैं, इसलिए उद्धव ठाकरे ने इन मतदाताओं से बात कर उनका समर्थन मांगा है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में मुस्लिम समुदाय के साथ कई विषयों पर चर्चा हुई। इस चुनाव में मुस्लिम वोटर्स पर फोकस करने वाली शिवसेना ठाकरे पार्टी की तस्वीर सामने आ रही है। माहिम इलाके में बड़ी मुस्लिम आबादी है। माहिम दक्षिण मध्य मुंबई निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस सीट पर उद्धव ठाकरे ने अनिल देसाई को और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने राहुल शेवाले को उम्मीदवार बनाया है। इस बैठक के बाद शिवसेना भवन में पार्टी प्रवेश हुआ। पनवेल के कुछ पूर्व भाजपा नगरसेवक ठाकरे की शिवसेना में शामिल हो गए। पार्टी में शामिल होने वाले ये सभी नगरसेवक मावल निर्वाचन क्षेत्र से हैं। मावल में ठाकरे की पार्टी ने संजोग वाघेरे को उम्मीदवार बनाया है, जबकि शिंदे की शिवसेना ने मौजूदा सांसद श्रीरंग बार्ने को टिकट दिया है, इसलिए इस निर्वाचन क्षेत्र में भी ठाकरे और शिंदे के बीच मुकाबला होगा।




## आम चुनाव में अबतक 4650 करोड़ रुपये की जब्ती

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने आम चुनावों के दौरान देश में अबतक 4650 करोड़ रुपये की जब्ती की है। यह 75 साल के चुनावी इतिहास में अबतक की सबसे बड़ी जब्ती है। आयोग का कहना है कि आगे भी ऐसी ही तेज गति से कार्रवाई जारी रहेगी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार अबतक 395.39 करोड़ रुपये नकद, 489.31 करोड़ रुपये की शराब, 2068.85 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 562.10 करोड़ रुपये का सोना, 1142.49 करोड़ की मुफ्त सामग्री जब्त की है। पिछले आम चुनाव के मुकाबले इस बार ड्रग्स और मुफ्त सामग्री में अधिक जब्ती हुई है। आयोग की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल के खिलाफ ईसीआई की दृढ़ लड़ाई में 4650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है। पूरे 2019 के चुनावों के दौरान 3475 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी। 45 प्रतिशत जब्ती ड्रग्स और नशीले पदार्थों की है, जिन पर आयोग का विशेष ध्यान है।

## बीजेपी नेता की फिसली जुबान, महिला मंत्री को दे दी सलाह, रात में अच्छी नींद लेने के लिए एक एक्स्ट्रा पैग लें

बेंगलुरु। लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं और राजनीतिक पार्टियों के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे पर तंज कसने के साथ ही जनता को अपनी ओर खींचने के लिए कई वादे भी कर रहे हैं। वहीं कई बार नेता की भाषण देते समय जुबान भी फिसल जाती है और जनता कुछ चाहते हैं निकल कुछ जाता है ऐसा ही एक मामला कर्नाटक में सामने आया जहां बीजेपी नेता ने शराब पीने की सलाह दे दी। चुनाव प्रचार में कई दिग्गज नेता जनता से लोकलुभावन के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी पर हमले करने से नहीं चूक रहे। वहीं कर्नाटक में एक भाजपा नेता संजय पाटिल की जुबान फिसल गई और उन्होंने कांग्रेस नेता और राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर को शराब पीने की सलाह दे दी। संजय पाटिल ने कथित तौर पर कहा कि रात में अच्छी नींद लेना है तो एक एक्स्ट्रा पैग जरूर लगाएं। उनके बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने जवाब देते हुए भाजपा की कौरवों और रावण से तुलना कर दी। पाटिल ने शनिवार को बेलगावी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैंने कर्नाटक में आठ अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभारी के रूप में काम किया है। बेलगावी में, बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा के समर्थन में सामने आ रही हैं। वहीं पाटिल ने कर्नाटक की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर पर कटाक्ष करते हुए पूर्व भाजपा विधायक संजय पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा को बढ़ता देख हेब्बालकर को चिंता हो रही होगी, शायद उन्हें रात में नींद भी नहीं आती होगी। इसलिए मेरी सलाह है कि वह रात में अच्छी नींद लेने के लिए एक नींद की गोली या एक एक्स्ट्रा पैग लें। गौरतलब है कि लक्ष्मी हेब्बालकर के बेटे मृणाल रवींद्र हेब्बालकर भाजपा उम्मीदवार और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार के खिलाफ बेलगावी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।



### कांग्रेस ने किया पलटवार

कर्नाटक कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के संजय पाटिल ने लक्ष्मी हेब्बालकर पर की टिप्पणी से पूरे महिला समुदाय को निशाना बनाया और अपमानित किया है। कर्नाटक कांग्रेस ने कहा कि जो कोई भी महिलाओं को नीची दृष्टि से देखता है, इसका मतलब है कि उनका पतन शुरू हो गया है। भाजपा और जेडीएस पार्टियों का पतन शुरू हो गया है, इसलिए उनका महिला विरोधी रवैया बढ़ रहा है। कौरवों और रावण की तरह, भाजपा और जेडीएस का भी निश्चित रूप से विनाश होगा।

# जिस पर पीएम मोदी का हाथ है उसे जीतने से कोई नहीं रोक सकता

**– एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाह ने पवन सिंह के चुनाव लड़ने पर दिया बयान**



**पटना (एजेंसी)।** भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता पवन सिंह के लोकसभा से चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद काराकाट में सियासी हलचल तेज हो गई है। पवन सिंह के चुनाव मैदान में उतरने से एनडीए उम्मीदवार और आरएलएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि पवन सिंह लड़ें या कोई और लड़े जिस पर पीएम मोदी का हाथ है उसे जीतने से कोई नहीं रोक सकता है।

एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाह से सवाल पूछा जो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें उपेन्द्र कुशवाहा ने पवन सिंह के कारकाट लोकसभा में चुनाव लड़ने पर कहा कि इससे कोई फर्क पड़ता है कि कौन चुनाव लड़ता है, कौन नहीं। उन्होंने कहा कि पवन सिंह लड़ें या कोई और लड़े, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद मिला हो उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं है जो चुनाव जीतने से रोक दे। उमेंद्र ने कहा मैं काराकाट से जनता के आशीर्वाद से और भारी मतों से चुनाव जीतूंगा। कारकाट में एनडीए उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा और सीपीआई माले उम्मीदवार राजाराम सिंह के बीच मुकाबला है।

इसी बीच पवन सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- वह काराकाट से निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ेंगे, जिसके बाद काराकाट की सियासत गर्मा गई है। पवन सिंह के चुनाव लड़ने से राजपूतों के वोट बंटने की उम्मीद है, राजपूत समाज में पवन सिंह की अच्छी पकड़ है। इसका सीधा नुकसान एनडीए उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा को हो सकता है क्योंकि उपेन्द्र और राजाराम दोनों कुशवाहा समाज से आते हैं, ऐसे में काराकाट में राजपूत वोटरों की अहमियत बढ़ जाती है।

सूत्र के अनुसार पवन सिंह को मनाने के प्रयास किए जा रहे हैं और एनडीए को उम्मीद है कि पवन सिंह मान जाएंगे, जिसके बाद उपेन्द्र कुशवाहा को राहत मिल सकती है लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसका नुकसान भी उपेन्द्र कुशवाहा को होगा। पवन सिंह के आरा से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। इसे लेकर उन्होंने बीजेपी आलाकमान से मुलाकात भी की थी लेकिन बात नहीं बनी। आरा से आरके सिंह को भाजपा का टिकट मिला गया। उसके बाद बंगाल के आसनसोल से बीजेपी ने पवन सिंह को चुनाव लड़ने का निर्देश दिया लेकिन कुछ दिन बाद ही पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। ऐसा माना जा रहा है कि पवन सिंह काराकाट सीट से चुनाव लड़ते हैं तो यह मुकाबला काफी रोचक होगा।

## भारतीय अधिकारियों को जब्त मालवाहक जहाज के चालक दल से मिलने की अनुमति देगा ईरान

नई दिल्ली। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा है कि उनका देश भारतीय अधिकारियों को उस मालवाहक जहाज के चालक दल के 17 भारतीय सदस्यों से मिलने की अनुमति देगा, जिसे ईरान की सेना ने शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट अपने कब्जे में ले लिया था। ईरान की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अमीर-अब्दुल्लाहियन ने रविवार को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर को यह जानकारी दी। इस बातचीत में जयशंकर ने पुर्तगाली झंडे वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज़ पर सवार चालक दल के भारतीय सदस्यों को रिहा करने के लिये कहा था। बयान में अमीर-अब्दुल्लाहियन के हवाले से कहा गया है, 'हम जब्त किए गए जहाज के विवरण पर नज़र रख रहे हैं और जल्द ही भारत सरकार के प्रतिनिधियों के लिए उक्त जहाज के चालक दल से मिलना संभव होगा।' इसमें कहा गया कि जयशंकर ने चालक दल के 17 भारतीय सदस्यों की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की और इस संबंध में ईरान से सहायता का अनुरोध किया था। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) के विशेष नौसेना बलों ने कथित तौर पर इज़राइल के साथ उसके संबंधों को देखते हुए 'एमएससी एरीज़' को जब्त कर लिया था। एमएससी (मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी) ने शनिवार को कहा कि वह चालक दल के 25 सदस्यों की रिहाई और जहाज की वापसी के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है। ईरान की इस कार्रवाई के कुछ घंटे बाद, व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि जहाज के चालक दल में भारतीय, फिलिपीनी, रूसी, पाकिस्तानी और एस्टोनियाई नागरिक शामिल हैं। भारत में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अधिकारी 17 भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए ईरान के संपर्क में हैं।

## 'भाजपा से तानाशाही की बू आती है', नरेश टिकैत बोले- 2014 के लोकसभा चुनाव में हमने किया था समर्थन लेकिन...



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान नेता नरेश टिकैत का कहना है कि उनकी भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) ने 2014 के लोकसभा चुनाव में खुले तौर पर भाजपा का समर्थन किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद पार्टी उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। टिकैत ने अफसोस जताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र ने 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर 13 महीने लंबे विरोध प्रदर्शन के दौरान लगभग 750 किसानों की 'शहादत' को स्वीकार नहीं किया और दावा किया कि भगवा पार्टी में 'तानाशाही की बू आती है'। हालाँकि, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में प्रभावशाली जाट समुदाय के बालियान खाप के 'चौधरी' टिकैत ने कहा कि बीकेयू सदस्य आगामी लोकसभा चुनावों में किसी भी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। बीकेयू, संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का हिस्सा है? किसान संघों की एक छत्र संस्था ने अब निरस्त किए गए कृषि-विपणन कानूनों को लेकर 2020-21 में केंद्र के खिलाफ बड़े विरोध प्रदर्शन में भाग लिया था।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ एक बड़ा संगठन है जिसके हर सदस्य का किसी न किसी पार्टी से कोई न कोई संबंध या जुड़ाव है। कुछ उम्मीदवारों के रिश्तेदार हैं, कुछ एक ही समुदाय (उम्मीदवार के रूप में) से हैं या उनके साथ व्यक्तिगत स्तर पर संबंध हैं। इसलिए हम (बीकेयू सदस्यों के लिए) ऐसे निर्णय लेने में बहुत सफल नहीं हैं कि किसे समर्थन देना है।

किसान नेता ने कहा कि मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि हमने 2014 में भाजपा का खुलकर समर्थन किया था। मुझे इसे स्वीकार करने में कोई झिझक या अनिच्छा नहीं है। लेकिन वे हमारी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। उन्होंने 'राम राज' की बात की थी... उन्होंने अपने मानकों के अनुरूप अच्छा काम किया होगा लेकिन बहुत कुछ नजरअंदाज कर दिया गया।' यह देखते हुए कि भारत कई समस्याओं वाला एक विशाल देश है, उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा सकता है, लेकिन सरकार ने कई मुद्दों, विशेषकर किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर हिंदू पक्ष को दी राहत, नहीं मानी मुस्लिम पक्ष की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें अभी फिलहाल जो बात अदालत की तरफ से निकलकर सामने आई है, उसके अनुसार शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर फिलहाल रोक जारी रहेगी। हालांकि, इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट की तरफ से हिंदू पक्ष को राहत मिली है।

दरअसल, मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में सभी निचली अदालतों में चल रहे 15 मुकदमों को ट्रांसफर करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया था। साथ ही मुस्लिम पक्ष ने इस मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक की भी मांग की थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मुस्लिम पक्ष की इस मांग को खारिज कर दिया गया और हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहने का रास्ता साफ कर दिया।

बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की जिला अदालत में मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में चल रहे सभी केस को हाईकोर्ट ट्रांसफर कर लिया था। हाईकोर्ट ने तब कहा था कि सभी मुकदमे एक जैसे हैं और इनमें एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है। ऐसे में अदालत के समय को बचाने के लिए बेहतर यही होगा कि इन मुकदमों पर एक साथ सुनवाई हो। हाईकोर्ट के इसी फैसले को मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी मस्जिद के सर्वे पर रोक बढ़ाई जा रही है। मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर भी सुनवाई टाल दी है। इस मामले पर अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की कमेटी की याचिका पर नोटिस जारी किया और संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है, जहां फिलहाल इस पर सुनवाई टल गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि इस केस में हिंदू पक्ष की ओर से दायर मुकदमे की मेन्टेनेबिलिटी पर सवाल खड़े करने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हाईकोर्ट मंगलवार को सुनवाई करने जा रही है।

बता दें कि इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के ईदगाह मस्जिद सर्वे के आदेश पर रोक लगा दी थी। इस मामले पर कोर्ट ने कहा था कि हाईकोर्ट में इस पर सुनवाई जारी रहेगी। लेकिन, सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति पर अंतरिम रोक जारी रहेगी।

## बीजेपी को सत्ता से हटाने पर ही देश स्वतंत्र रहेगा, ममता का दावा भगवा पार्टी के जीतने पर भविष्य में देश में कोई चुनाव नहीं होगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यदि आप देश की आजादी की रक्षा करना चाहते हैं, तो भाजपा को (सत्ता से) हटा दें, तभी देश स्वतंत्र रहेगा। अगर यह पार्टी आगामी चुनाव जीत जाती है तो भविष्य में देश में कोई चुनाव नहीं होंगे। यह निरंकुश सरकार है। वे देश में एक नेता, एक राष्ट्र, एक भाषण, एक भोजन चाहते हैं।



बनर्जी ने कहा कि भाजपा भारत के संघीय ढांचे को नष्ट कर देगी और एक निरंकुश सरकार बनाना चाहती है। ÷जब मैंने यह कहा तो सभी ने कहा कि यह सच नहीं है। अब आप उनके (बीजेपी के) घोषणापत्र से उनकी नीति देख सकते हैं. एक मछली है जिसका सिर सीएए है, पूंछ एनआरसी है और पेट केंद्रीय नागरिक संहिता है। अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, माताओं-बहनों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा. आपको सुबह और रात में क्या खाना है, यह भी वही तय करेंगे।

उन्होंने कहा कि अगर यह सरकार सत्ता में लौटती है, तो इस देश में कोई चुनाव नहीं होगा। वे संघीय ढांचे को नष्ट कर देंगे. एक राष्ट्र और एक नेता होगा. एक निरंकुश सरकार बनेगी। भाजपा डकैतों की पार्टी है। गली गली में शोर है, बीजेपी चोर है। अगर उनमें हिम्मत है तो वे इस पर श्वेत पत्र प्रकाशित करें कि उन्होंने दो साल तक मनरेगा की मजदूरी क्यों नहीं दी। उन्हें पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गुजरात, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हुए भ्रष्टाचार का विवरण भी प्रकाशित करना चाहिए।

## प्रशांत किशोर ने की नीतीश कुमार की असंगत रणनीतियों की आलोचना

**–2025 के विधानसभा चुनाव में नीतीश को 20 सीटें भी मिलना मुश्किल**

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव कुछ ही दिन बचे हैं ऐसे में नेता एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इसी बीच राजनीति पंडित प्रशांत किशोर ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भविष्यवाणी कर दी है। प्रशांत ने लोकसभा चुनाव के बीच में एक साल बाद बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भविष्यवाणी की है। उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को 2025 के विधानसभा चुनाव में बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भविष्य को लेकर कहा कि 2025 के विधानसभा चुनावों में 20 सीटे जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। फिर चाहे वो महागठबंधन में चले जाएं या बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में ही बने रहे। राजनीतिक पंडित पीके ने नीतीश कुमार की घटती विश्वसनीयता पर जोर दिया और उनकी असंगत रणनीतियों की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की बिहार में साख अब बची नहीं है। सीएम नीतीश कुमार को खुद पता नहीं है कि 2025 में वो कितनी सीटें जीतेंगे। लेकिन नीतीश विधानसभा चुनाव में 20 सीटों से ज्यादा नहीं जीत सकेंगे। पीके ने आगे कहा कि पूर्वोत्तर और दक्षिणी राज्यों में बीजेपी के वोट शेयर में बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी बंगाल और ओडिशा में एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर कर आ सकती है। बीजेपी तेलंगाना में अच्छा प्रदर्शन करते हुए नंबर वन या नंबर-2 की पार्टी बन सकती है। तमिलनाडु में बीजेपी के वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी होने की संभावना है। अब देखा है कि राजनीतिक पंडित प्रशांत की यह भविष्यवाणी कहां तक सटीक बैठती है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्यों बर्खास्त नहीं किया गया : कांग्रेस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह के मणिपुर दौरे से पहले सोमवार को आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में कानून - व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त होने के बावजूद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को बर्खास्त क्यों नहीं किया गया?

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्यों बचा रहे हैं? गृहमंत्री अमित शाह आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के समर्थन में सोमवार को मणिपुर में प्रचार करेंगे।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री ने मणिपुर में भाजपा निर्मित संकट को लेकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। हालाँकि, उनके गृहमंत्री को आज राज्य में प्रचार करने का समय मिल गया है। हमें उम्मीद है कि वह प्रधानमंत्री की ओर से कुछ सवालों के जवाब देने की पहल करेंगे।'

उन्होंने कहा, 'तीन मई, 2023 के बाद से जब मणिपुर में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़की, प्रधानमंत्री ने एक बार भी राज्य का दौरा नहीं किया। उन्होंने राज्य के विधायकों या किसी अन्य राजनीतिक प्रतिनिधि को न तो मिलने का समय दिया है और न ही उन्हें फोन किया है। इस बीच, राहुल गांधी ने स्थिति को समझने और मणिपुर के लोगों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए दो बार राज्य का दौरा किया।'

रमेश ने सवाल किया कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री के इनकार की क्या वजह है, उदासीनता या कायरता? उनका कहना था, 'मणिपुर में स्थिति गृह युद्ध की कगार पर है, कानून और व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। 200 से अधिक लोग मारे गए हैं, 60,000 से अधिक विस्थापित हुए हैं और राज्य पुलिस के हजारों हथियार चुरा लिए गए हैं। बीएसएफ जवानों पर गोली चलाई गई है, पुलिसकर्मी मारे गए हैं और भीड़ ने सरकारी कार्यालयों में घुसकर आगजनी की है। '

रमेश ने प्रश्न किया, 'प्रधानमंत्री बीरेन सिंह को क्यों बचा रहे हैं? क्या यह मणिपुर की वास्तविकता के प्रति उदासीनता है, या यह हिंसा का मौन समर्थन है?'

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना दावा किया, 'मणिपुर में बड़े पैमाने पर हिंसा और प्रशासन के पतन की हकीकत दुनिया भर में पहले पन्ने की खबर बन गई है। जब दुनिया एक भारतीय राज्य में इस स्तर की अराजकता देख रही है, तो प्रोपेगैंडा के पापा 'विश्वगुरु' होने के अपने दावों को सही ठहराते हैं। '

कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि यदि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में युद्ध रूकवा दिया तो वह मणिपुर में गृहयुद्ध जैसी स्थिति को क्यों नहीं रोक सके? रमेश ने यह सवाल भी किया, 'प्रधानमंत्री मणिपुर में भारतीय लोकतंत्र के इस अंतिम स्वरूप - मतदान - को संरक्षित करने के लिए क्या कर रहे हैं?'

उन्होंने दावा किया,'तमाम अराजकता के बीच मणिपुर में भाजपा के राज्यसभा सदस्य, मणिपुर रियासत के पूर्व शाही परिवार के संजाओबा लीशेम्बा, संसद सदस्य के रूप में अपने आधिकारिक लेटरहेड पर खुद को 'मणिपुर का महाराजा' घोषित कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18 का उल्लंघन है जो सभी सामंती उपाधियों को प्रभावी ढंग से समाप्त करता है।' रमेश ने यह सवाल भी किया, 'क्या प्रधानमंत्री या गृह मंत्री इस उपाधि को स्वीकार करते हैं? उन्होंने इस प्रथा को ख़त्म क्यों नहीं किया?'

## मायावती ने फिर चला पुराना दांव, 'जाट लैंड' को लेकर किया बड़ा वादा, घोषणापत्र को लेकर भी ऐलान

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने पश्चिमी यूपी को राज्य का दर्जा देने और केंद्र में सत्ता में आने पर क्षेत्र में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक पीठ स्थापित करने की बड़ी घोषणा की। मुजफ्फरनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, बसपा प्रमुख ने लंबे समय से लंबित 'हरित प्रदेश' मुद्दे को एक बार फिर उठाया। गौरतलब है कि यह डॉ. अंबेडकर ही थे जिन्होंने बेहतर शासन के लिए यूपी को तीन अलग-अलग राज्यों - पश्चिमी, मध्य और पूर्वी - में विभाजित करने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कट्टर प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जब सपा सत्ता में थी तो पश्चिमी यूपी में भाईचारा और सौहार्द दफन हो गया था, जबकि बसपा शासन में पश्चिमी यूपी में कभी भी सांप्रदायिक हिंसा नहीं देखी गई।

लोकसभा चुनाव 2024 एक सप्ताह से भी कम समय में शुरू होने वाला है। मतदान के लिए सात चरणों में से पहला चरण 19 अप्रैल, 2024 को शुरू होगा। विभिन्न राजनीतिक दल बेहद सक्रिय हैं और पिछले कुछ महीनों से वोटों के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची और अपना घोषणापत्र भी जारी कर रहे हैं। जहां कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है, वहीं एक पार्टी ऐसी भी है जिसने आगामी चुनावों के लिए कोई भी घोषणापत्र जारी करने से इनकार कर दिया है। यह राजनीतिक दल है बहुजन समाज पार्टी (बसपा) जो आम चुनाव में अकेले उतरेगी।

बसपा प्रमुख मायावती ने इसकी वजह का भी ऐलान कर दिया है यानी सफाई भी दे दी है कि वह पार्टी की ओर से घोषणा पत्र क्यों नहीं जारी करेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के लोगों को हमारे प्रतिद्वंद्वियों के लुभावने घोषणापत्र से विचलित नहीं होना चाहिए... हमारी पार्टी ने किसी भी चुनाव में कोई घोषणापत्र जारी नहीं किया. हम केवल शब्दों के बजाय कार्यों में विश्वास करते हैं। मायावती ने आरोप लगाया, भाजपा का सबसे ज्यादा समय अमीर कारोबारियों को और अमीर बनाने और उन्हें हर स्तर पर बचाने में बीता है। भाजपा और दूसरी पार्टियां इन्हीं कारोबारों के सहारे अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ती हैं, जिसका खुलासा चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए आरक्षित खाली सीटों पर लोगों की भर्ती नहीं करने और पदोन्नति में आरक्षण को निरर्थक बनाने के लिए विपक्षी दलों पर हमला बोला।

मायावती ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में केंद्र और ज्यादातर राज्यों में भाजपा सरकार होने से मुसलमानों की प्रगति काफी हद तक रुक गई है। यहां धर्म के नाम पर हिंसा भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा शासन में सामान्य वर्ग को भी कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने अपने समर्थकों को सचेत किया कि वे भाजपा के पक्ष में मीडिया द्वारा किये जा रहे प्रचार और अन्य राजनीतिक दलों द्वारा जारी किये गये झूठे वादों वाले घोषणापत्रों के प्रलोभन में न आयें। मायावती ने गरीबों को मुफ्त राशन मुहैया कराने को लेकर भी केंद्र पर निशाना साधा और कहा



कि सच्चा विकास तभी हो सकता है जब लोगों को रोजगार दिया जाए। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा के प्रजापति का मुकाबला भाजपा के संजीव कुमार बालियान और सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से है।

# अब इंडोनेशिया में चलेगी भारत में बनी सिट्रोन ईसी3 इलेक्ट्रिक कार

**नई दिल्ली।**

भारत पहले दूसरे देशों पर निर्भर रहता था लेकिन कुछ सालों से भारत में रक्षा उपकरण से लेकर कई क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल कर ली है और अब कई देश में बनी चीजें एक्सपोर्ट कर रहा है। वहीं भारत में बनी सिट्रोन ईसी3 इलेक्ट्रिक कार अब इंडोनेशिया में चलती नजर आएगी क्योंकि भारत ने यह कार इंडोनेशिया को एक्सपोर्ट की है।

भारत निर्मित सिट्रोन ईसी3 इलेक्ट्रिक कार इंडोनेशिया में एक्सपोर्ट की गई है। यह दुनिया में स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती इलेक्ट्रिक कारों की खरीद को प्रोत्साहित करने में एक महत्वाकांक्षी कदम साबित होगा। सिट्रोन ने कहा है कि यह कदम मेक इन इंडिया की पहल के अनुरूप है। भारत में तैयार की गई ई-सी3 का पहला बैच इंडोनेशिया एक्सपोर्ट किया गया है। कंपनी के सीईओ और एमडी ने कहा कि भारत न केवल एक रणनीतिक बाजार है, बल्कि वाहनों, घटकों और प्रौद्योगिकियों, कंपोनेट और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी के लिए एक प्रमुख सोर्सिंग का केंद्र भी है। यह मेक इन इंडिया सिट्रोन ईसी3 भारतीय-फ्रांसीसी औद्योगिक सहयोग की ताकत का प्रतीक है।



असल में सिट्रोन ईसी3 को विदेशों में एक्सपोर्ट करने की पहल के साथ ही भारत-फ्रांसीसी देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि सिट्रोन ईसी3 भारतीय बाजार में भी सफल होगी। पिछले साल हजारों कारें बिकीं है। अब पहली खेप इंडोनेशिया के लिए बनाई जा रही है। आसियान देशों को मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्यात के लिए लक्षित किया जा रहा है। किफायती कीमतों पर ग्रीन मोबिलिटी साल्यूशन प्रदान करने के लिए हमने यह पहल की है।

# थोक मुद्रास्फीति मार्च में हल्की बढ़कर 0.53 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली ।**

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्च तेल महंगा होने की वजह से थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2022 में यह 5.02 प्रतिशत के स्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आंकड़ों पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत रही। आलू की मुद्रास्फीति मार्च 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च 2024 में 52.96 प्रतिशत रही। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई। हालांकि मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में



खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 5.66 प्रतिशत हो गई। यह फरवरी में 5.09 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी।

# गूगल लॉन्च कर रहा नया स्मार्टफोन, ग्राहकों को मिलेंगे जबर्दस्त फीचर




**नई दिल्ली।**

गूगल अपना नया स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। गूगल का नया स्मार्टफोन गूगल पिक्सल 8ए अगले महीने 14 मई को होने वाले एक इवेंट में लॉन्च कर सकता है। फोन लॉन्च होने से पहले इस अपकमिंग फोन के फोटोज सामने आए हैं। इन फोटो में गूगल पिक्सल 8ए के कलर ऑप्शन्स को दिखाया गया है। यह डिवाइस बे (ब्लू), मिंट (ग्रीन), ऑब्सीडियन (ब्लैक) और पोर्सिलेन (वाइट) कलर ऑप्शन्स में नजर आएगा। स्मार्टफोन फोन के जो फोटो शेयर किए गए हैं उन्हें देख कर लगता है कि यह फोन कुछ हद तक गूगल पिक्सल 8 जैसा ही होगा। पिछले साल लॉन्च हुआ यह फोन हेजल, मिंट, ऑब्सीडियन और रोज कलर ऑप्शन में आता है। नए गूगल स्मार्टफोन लॉन्च पिक्सल 8ए की बात करें तो यह फोन पिक्सल 8 की तरह ही रियर कैमरा सेटअप ऑफर करने वाला है। एक रिपोर्ट में कंपनी इस फोन में 64 मेगापिक्सल मेन कैमरा और एक 13 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड ऐंगल कैमरा दे सकती है। फोन में 5000 मेगाहार्स की बैटरी लगी होगी, जो 27 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी। रिपोर्ट के अनुसार फोन में 1080×2400 पिक्सल रेजॉल्यूशन के साथ 6.1 इंच का फुल एचडी+ओएलईडी पैनल लगा हो सकता है। यह डिस्प्ले 120हट्र्ज के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट कर सकता है। डिस्प्ले का पीक ब्राइटनेस लेवल 1400 निट्स का हो सकता है और यह एचडीआर ब्राइटनेस फीचर से लैस होगा। कंपनी पिक्सल 8ए को अपने टेनसोर जी3 चिपसेट से साथ लॉन्च कर सकती है। इस चिपसेट को पहले पिक्सल 8 और पिक्सल 8 प्रो में देखा जा चुका है। ओएस की जहां तक बात है तो फोन ऐंड्रॉयड 14 पर काम करेगा।

# देश का वस्तुओं का निर्यात मार्च में मामूली घटकर 41.68 अरब डॉलर पर

**नई दिल्लीः**

देश का वस्तुओं का निर्यात भू-राजनीतिक तनाव की वजह से मार्च में मामूली रूप से घटकर 41.68 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में यह 3.11 प्रतिशत गिरकर 437.06 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों के मुताबिक, मार्च के महीने में देश का आयात भी 5.98 प्रतिशत घटकर 57.28 अरब डॉलर रहा। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम महीने में देश का व्यापार घाटा 15.6 अरब डॉलर का रहा। निर्यात और आयात आंकड़ों के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल आयात 677.24 अरब डॉलर रहा, जो वर्ष 2022-23 के 715.97 अरब डॉलर से 5.41 प्रतिशत कम है। इस दौरान देश का व्यापार घाटा 240.17 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने व्यापार आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के हालात पर मंत्रालय की नजर बनी हुई है और उसके हिसाब से 'उचित कार्रवाई की जाएगी। बर्थवाल ने कहा कि देश से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात वर्ष 2022-23 के उच्चतम रिकॉर्ड स्तर से आगे निकलकर 776.68 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। उन्होंने कहा कि मार्च में 41.68 अरब डॉलर का वस्तु निर्यात हुआ जो बीते वित्त वर्ष में सबसे अधिक है। समूचे वित्त वर्ष में माल निर्यात वृद्धि इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, दवाएं एवं चिकित्सा, इंजीनियरिंग वस्तु, लौह अयस्क, सूती धागा, हथकरघा उत्पाद और सिरेमिक उत्पाद एवं कांच के बर्तनों की वजह से हुई है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्यात 2022-23 के 23.55 अरब डॉलर से 23.64 प्रतिशत बढ़कर 29.12 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान दवाओं और औषधि का निर्यात 25.39 अरब डॉलर से 9.67 प्रतिशत बढ़कर 27.85 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 2.13 प्रतिशत बढ़कर 109.32 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि देश का कुल व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के 121.62 अरब डॉलर से 35.77 प्रतिशत सुधरकर 2023-24 में 78.12 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

# एप्पल को पछाड़कर सेमसंग बनी दुनिया की नंबर वन मोबाइल कंपनी


**मुंबई ।**

दिग्गज टेक कंपनी एपल को पछाड़कर कोरियाई कंपनी सैमसंग दुनिया की नंबर वन मोबइल कंपनी बन गई है। वर्ष 2024 की पहली तिमाही में एपल के स्मार्टफोन शिपमेंट में 10 प्रतिशत की गिरावट हुई है। एक रिपोर्ट में जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से मार्च के बीच वैश्विक स्तर पर मोबाइल का शिपमेंट 7.8 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ हो गया है। वहीं कोरियाई कंपनी सैमसंग का मार्केट शेयर इसमें 20.8 प्रतिशत का रहा है, जो कि एपल से ज्यादा है। एपल के आईफोन की बिक्री में दिसंबर तिमाही के जोरदार प्रदर्शन के बाद गिरावट देखने को मिली है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सैमसंग को पछाड़ कर एपल दुनिया की नंबर वन मोबाइल कंपनी बन गई थी लेकिन बीती तिमाही में कंपनी 17.3 प्रतिशत के मार्केट शेयर के बाद दोबारा से दूसरे नंबर पर आ गई है। चीनी मोबाइल ब्रांड शाओमी 2024 की पहली तिमाही में 14.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। वहीं अन्य चीनी ब्रांड हुआवेई जैसे चीनी ब्रांडों के मार्केट शेयर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

सैमसंग की ओर से साल की शुरुआत में अपना नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन लाइनअप गैलेक्सी एस 24 सीरीज को लॉन्च किया था। इस अवधि के दौरान 60 मिलियन से अधिक फोन शिप किए हैं। डस बीच एप्पल ने 50.1 मिलियन आईफोन की शिपिंग की, जो पिछले साल की समान अवधि की 55.4 मिलियन यूनिट से कम है। गौरतलब है कि एपल के मोबाइल के शिपमेंट में गिरावट चीनी सरकार के उस निर्णय के बाद आई है, जब चीनी कंपनियों और सरकारी एजेंसियों में एपल के मोबाइल उपयोग को सीमित क्कर दिया गया है।

## रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश 16 प्रतिशत घटा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** विदेशी निवेशकों की कमजोरी के दौरान रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 16 प्रतिशत घटकर 3.67 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने अपनी रिपोर्ट कैपिटल फ्लक्स में बताया कि भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी (पीई) सौदों का आकार 2023-24 में घटकर 367.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 435.8 करोड़ अमरीकी डॉलर था। रियल एस्टेट में पीई प्रवाह 2019-20 में 513.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2020-21 में 637.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2021-22 में 423.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। एनारॉक कैपिटल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रियल एस्टेट में पीई निवेश में गिरावट की प्रमुख वजह वैश्विक वृहद आर्थिक कारक और भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण विदेशी निवेशकों की कम गतिविधि रही। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में कुल निवेश में विदेशी पूंजी की हिस्सेदारी घटकर 65 प्रतिशत रह गई, जो उससे पिछले वित्त वर्ष में 76 प्रतिशत थी। पिछले वित्त वर्ष में कुल पूंजी प्रवाह में घरेलू निवेशकों द्वारा पीई निवेश की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत रही जो उससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में 24 प्रतिशत थी।




## एलन मस्क की कार में लगेंगे टाटा के सेमीकंडक्टर चिप्स

**मुंबई ।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला और टाटा इलेक्ट्रानिक्स के बीच एक समझौता हुआ है। टेस्ला ने अपनी कारों के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से सेमीकंडक्टर चिप्स खरीदने के लिए यह सौदा किया है। यह सौदा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को टॉप ग्लोबल क्लांट के लिए विश्वसनीय सप्लायर के रूप में स्थापित करेगा। यह समझौता कुछ ही महीनों में पूरा हो जाएगा। इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली दुनिया की यह टॉप कंपनी भारत में प्रवेश करना चाहती है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने पीएम मोदी से मिलने भारत आ रहे हैं।मस्क के इस भारत दौरे से टेस्ला के जरिए भारी निवेश की उम्मीद है। एक खबर के मुताबिक टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और टेस्ला के बीच सौदे की रकम को लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। दोनों कंपनियों ने इस सौदे पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। सौदे की यह खबर सूत्रों के हवाले से दी गई है। इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि टेस्ला का यह फैसला इलेक्ट्रानिक्स के लोकल स्प्लायर्स के लिए एक इकोसिस्टम क्रिएट करेगा, जो यह बताता है कि अब एक बाजार पर निर्भर नहीं है। टेस्ला और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, जो सेमीकंडक्टर विनिर्माण में टाटा समूह के प्रवेश का नेतृत्व कर रहे हैं, ने इस डेवलपमेंट पर कोई टिप्पणी नहीं की। इसके साथ ही टेस्ला-टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सोर्सिंग सौदे का मूल्य और अन्य विवरण का भी पता नहीं चल सका है।

## अब रवींद्रन संभालेंगे बायजू का कामकाज

**नई दिल्ली ।** शिक्षण प्रौद्योगिकी कंपनी थिंक एंड लर्न के संस्थापक बायजू रवींद्रन कंपनी के कामकाज संभालेंगे। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्जुन मोहन के इस्तीफे के बाद यह फैसला किया गया। थिंक एंड लर्न के पास बायजू ब्रांड का स्वामित्व है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा` कि बायजू रवीन्द्रन कंपनी के दैनिक परिचालन को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएंगे। मोहन अब एक बाहरी सलाहकार की भूमिका निभाएंगे। बदलाव के इस चरण में कंपनी तथा उसके संस्थापकों को शिक्षण प्रौद्योगिकी को लेकर अपनी विशेषज्ञता के जरिए मार्गदर्शन देंगे।

## टीसीएस कर्मचारियों की नियुक्ति जारी रखेगीः सीएच आरओ

**नई दिल्ली ।** आईटी सेवा क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएच आरओ) मिलिंद लक्कड़ का कहना है कि कंपनी पहले की तरह ही बड़ी संख्या में लोगों को काम पर रखना जारी रखेगी। लक्कड़ ने कहा` कि व्यक्तिगत रूप से मैं मानता हूं कि हम लोगों को नियुक्ति देना जारी रखेंगे। यहां तक कि वित्त वर्ष 23 में भी हमने अतिरिक्त सकल कर्मचारियों के बावजूद बहुत से लोगों को नियुक्त किया। हम कह रहे हैं कि वित्त वर्ष 25 वित्त वर्ष 24 की तुलना में बेहतर रहेगा। मुझे उम्मीद है कि हम नियुक्तियां करने जा रहे हैं और हम पहले ही कैंपस में पहुंच चुके हैं। अलबत्ता वे फर्म की कुल भर्ती संख्या साझा करने से बचे। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या पिछली तिमाही की तुलना में 1,759 कम हो गई थी। तीसरी तिमाही में कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में 5,580 की गिरावट आई थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या में 13,249 तक की कमी आई थी। पिछले 19 साल में पहली बार ऐसा हुआ था।




## ईरान-इजरायल वॉर से शेयर बाजार में निवेशकों के डूबे 5 लाख करोड़

मुंबई ।

घरेलू शेयर बाजार में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन हाहाकार मचा हुआ है। बाजार खुलते ही सेंसेक्स 727 अंकों की गिरावट के साथ 73,531 अंकों के स्तर पर पहुंच गया था। कारोबारी सत्र के दौरान बाजार में बिकवाली हावी है। निफ्टी में भी गिरावट देखने को मिल रही है। निफ्टी 200 अंकों से ज्यादा टूटकर 22,315.20 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस गिरावट के बीच शेयर बाजार निवेशकों को करीब 5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। 12 अप्रैल 2024 को बीएसई पर लिस्टेड सभी शेयरों का कुल मार्केट कैप 3,99,67,051.91 करोड़ रुपए था। सोमवार को यह 3,94,68,258.03 करोड़ रुपए पर आ गया। इसका मतलब हुआ कि निवेशकों की पूंजी 4,98,793.88 करोड़ रुपए घट गई है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट रही थी। वहीं टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और नेस्ले के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए थे। इससे पहले गुरुवार को ईद-उल-फितर के अवसर पर बाजार बंद रहे थे। वहीं बीते बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 354.45 अंक चढ़कर 75,038.15 अंक के अब तक के उच्च स्तर पर बंद हुआ था। एशियाई बाजारों में भी चौतरफा गिरावट देखी जा रही है। कोस्पी, हैंगसेंग, शंघाई कंपोजिट, निक्केई सभी में कमजोरी का लाल निशान हावी है। ईरान-इजरायल तनाव और क्रूड में तेजी का असर एशियाई बाजारों पर खराब असर डाल रहा है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स आज 845 , निफ़्टी 246 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिराव दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली दर्ज करने से आई हैं। इसके अलावा ईरान और इज़राइल के बीच तनाव बढ़ने से भी निवेशक आशंकित हैं और उन्होंने खरीददारी से दूरी बना ली है। इसी का प्रभाव भारतीय बाजार पर भी पड़ा है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 845.12 अंक करीब 1.14 फीसदी टूटकर 73,399.78 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी भी 246.90 तकरीबन 1.1 फीसदी नीचे आकर 22,272.50 के स्तर पर बंद हुआ। निफ़्टी की 50 कंपनियों में से 44 के शेयर नीचे आये जबकि केवल 6 कंपनियों के शेयर ऊपर आये। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो का शेयर सबसे ज्यादा 2.47 फीसदी गिरा। इसके साथ ही आईसीसीआई बैंक , बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, एचडीएफ़सी बैंक, एक्सिस बैंक, टीसीएस के शेयर नीचे आये। वहीं नेस्ले इंडिया, मारुति और भारतीय एयरटेल के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। बाजार जानकारों के अनुसार मुध्य पूर्व में तनाव भारतीय इक्विटी बाजार में बिकवाली हावी रही कयोंकि निवेशकों में घबराहट का माहौर है। इसके आलावा वैश्विक बाजारों में बिकवाली से भी घरेलू बाजार पर दबाव बना है। इसी कारण आज एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग निचले स्तर पर कारोबार कर रहे थे जबकि शंघाई




पॉजिटिव क्षेत्र में था। वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को गिरावट में बंद हुआ। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में बढ़त से भी निवेशकों की चिंता बढ़ी है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें छह महीने के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई हैं। इससे मुद्रास्फीति भी बढ़ रही है। इससे पहले आज सुबह दुनिया भर के बाजारों के कमजोर रुख के बीच ही शुरुआती कारोबार में गिरावट आई और सेंसेक्स 929.74 अंक टूट गया। विदेशी कोष की निकासी और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के उम्मीद से ज्यादा रहने का भी भारतीय शेयर बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अपने पिछले कारोबारी` दिनों में गिरावट जारी रखते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 929.74 अंक गिरकर 73,315.16 पर खुला। इसी तरह एनएसई निफ्टी 216.9 अंक गिरकर 22,302.50 पर आ गया

# डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने वाली कंपनियों के लिए भारत पसंदीदा स्थल: नैसकॉम

**नई दिल्लीः**

प्रौद्योगिकी उद्योग के शीर्ष संगठन नैसकॉम ने सोमवार को कहा कि डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने वाले उद्यमों के लिए भारत शीर्ष प्राथमिकता वाला देश बना हुआ है। साथ ही यह उम्मीद है कि कंपनियां (कृत्रिम मेधा) एआई, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा पर खर्च बढ़ाएंगी। नैसकॉम ने यह बात 'डिजिटल उद्यमों की परिपक्वता 5.0ः एआई के युग में डिजिटल तैयारी% शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कही है। यह 11 प्रमुख क्षेत्रों और सात प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों में 550 उद्यमों के सर्वेक्षण पर आधारित है। सर्वे में पाया गया कि बीते वर्ष देश में 71 प्रतिशत उद्यमों ने अपने तकनीकी खर्च का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा डिजिटल पर व्यय किया। इसमें कहा गया है, ''लगभग 90 प्रतिशत कंपनियों ने 2024 में एआई, मशीन लर्निंग, बिग डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन सहित प्रमुख डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने की योजना का संकेत दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही तक कंपनियों का ध्यान मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा की ओर होने की उम्मीद है। इसका कारण काफी संख्या में कंपनियों ने 'जेनेरिक एआई अपनाने की बात कही है। यह बीते साल एक प्रमुख तकनीक के रूप में उभरी है। नैसकॉम ने कहा कि 'जेनरेटिव एआई में जो प्रगति हुई है, उसमें डिजिटल प्रतिभा पर अधिक जोर दिया गया है। सर्वे में 83 प्रतिशत उद्यमों ने कहा कि उनके कुल कार्यबल का छह प्रतिशत से अधिक डिजिटल भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा (बीएफएसआई), उच्च प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, मीडिया और मनोरंजन के साथ ही ऊर्जा और बिजली कंपनियों जैसे क्षेत्र अपने




डिजिटल सेवा अनुबंधों का विस्तार कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत अपने डिजिटल सेवाओं के पोर्टफोलियो को बनाने और विस्तार देने का लक्ष्य रखने वाली कंपनियों के लिए पसंदीदा 'आउटसोर्सिंग गंतव्य बना हुआ है। यात्रा और परिवहन, दूरसंचार, मीडिया और मनोरंजन तथा निर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों की 50 प्रतिशत से अधिक कंपनियां अपनी 'आउटसोर्सिंग जरूरतों के लिए इसे चुन रही हैं।

## रामनवमी उत्सव के लिए जश्न मना रहे एण्डटीवी के कलाकार

मुंबई : रामनवमी के दिन भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस दिन का हिन्दू त्यौहारों में काफी महत्व है। भगवान राम का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। रामनवमी से पहले भक्त चैत्र नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों की नौ दिनों तक पूजा करते हैं और इसका समापन



नौवें दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के साथ होता है। रामनवमी आने के साथ ही एण्डटीवी के कलाकार नेहा जोशी (अटल की कृष्णा देवी वाजपेयी), गीतांजलि मिश्रा (हप्पू की उलटन पलटन की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव (भाबीजी घर पर हैं की अनीता भाबी) भगवान राम की गौरवशाली विरासत और इसके उत्सव पर बात कर रहे हैं। इस उत्सव के साथ आने वाले आध्यात्म के भाव से वे सराबोर हैं। इस साल हम रामनवमी के मौके पर अपने घर एक छोटी-सी पूजा रखेंगे। हम भगवान राम के सद्गुणों की प्रशंसा में मंत्र पढ़ेंगे। रामनवमी का उत्सव भगवान विष्णु के अलौकिक अवतारों की भक्ति और श्रेष्ठता की सदाबहार विरासत का प्रमाण है। यह प्रेम, धर्म और आध्यात्मिक जागरण के सदियों से चले आ रहे संदेश से दिल और दिमाग को प्रेरणा देता है।

# आईपीएल में आज होगा केकेआर और राजस्थान रॉयल्स में रोमांचक मुकाबला

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को यहां आईपीएल 2024 के एक अहम मुकाबले में आमन-सामने होंगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी मे केकेआर यहां अपने घरेलू मैदान पर रॉयल्स को हराकर लीग में नंबर एक पर पहुंचने के लिए पूरा जोर लगा देगी। वहीं संजू सैमसन की कप्तानी में अब तक शानदार प्रदर्शन करती आई रॉयल्स भी जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। रॉयल्स ने अब तक शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर विरोधी टीमों पर अपना दबदबा बनाया है पर इस मैच में उसे केकेआर के सुनील नरेन से सतर्क रहना होगा।

नरेन ने अब तक अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया है। केकेआर ने जिस प्रकार से इस सत्र में प्रदर्शन किया है उससे वह खिताब की प्रबल दावेदारों में शामिल हो गयी है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 लेकर टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी।

केकेआर ने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इस मैच में फिल सॉल्ट ने तेज अर्धशतक लगाया था पर इसके बाद भी जीत में नरेन की गेंदबाजी ने ही अहम भूमिका निभाई थी। नरेन के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना पायी थी। इस सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर अब नरेन का सामना किस प्रकार करते हैं ये देखना होगा।

इस मैच में रॉयल्स के जोस बटलर का खेलना तय नहीं है। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। इस सत्र में नरेन ने केकेआर की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की है जिस पर राजस्थान के गेंदबाजों को रोक लगाना आसान नहीं रहेगा। उन्होंने अब तक 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल में सबसे




महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिए थे। जिससे भी केकेआर की ताकत बढ़ेगी।

केकेआर की बड़ी परेशानी कप्तान श्रेयस का फार्म में नहीं होना है। लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रेयस को तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ सहज नहीं देखा गया। अब तक टीम की ओर से शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण ने आक्रामक बल्लेबाजी की है। वहीं डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल की गेंदबाजी से भी टीम हावी रही है।

टीम की चिंता रिंकू सिंह का लय में होना नहीं है। रिंकू ने अब तक केवल 3 रन ही बना पाए हैं। उप कप्तान नितीश राणा चोट के कारण नहीं खेल पा रहे। वहीं ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान, कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच बेहद रोमांचक रहेगा क्योंकि सत्र की दो शीर्ष प्रदर्शन करने वाली टीमें आमने-सामने होंगी।

### टीम

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

# टी20 विश्व कप में सबसे कम स्कोर है डच टीम के नाम

## –100 रनों के अंदर सिमटी हैं कई टीमें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 की तैयारियों में सभी टीमें लगी हुई हैं। टी20 विश्व कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के अब तक के सफर में सबसे कम स्कोर पर आउट होने का अनचाहा रिकार्ड डच टीम नीदरलैंड के नाम दर्ज है। हैं। टी20 विश्व कप में अब तक कई टीमें 100 रनों के अंदर भी आउट हुई है। इसमें सबसे कम स्कोर नीदरलैंड का है। वह एक बार 10 ओवर में 79 रन पर ही आउट हो गयी थी। वहीं इसमें भारतीय टीम का सबसे कम स्कोर 79 रन रहा है।

तब श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में नीदरलैंड की टीम 39 रन पर ही आउट हो गयी थी। बांग्लादेश में हुए इस मैच में नीदरलैंड का केवल एक बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाया था जबकि 5 बल्लेबाज एक भी रन नहीं बना पाये थे। श्रीलंका ने तब 5 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया था। यह टी20 विश्व कप में किसी टीम का सबसे छोटा स्कोर है। वहीं दूसरा सबसे छोटा स्कोर भी डच टीम के नाम ही है. 2021 के टी20 विश्व कप में श्रीलंका ने नीदरलैंड्स को 44 रनों पर आउट कर दिया था।

वहीं भारतीय क्रिकेट टीम को 2016 के टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने 79 रन पर ऑलआउट कर दिया था। तब नागपुर में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम 18.1 ओवर में 79 रन ही बन पायी थी। टी20 विश्व कप में सबसे कम स्कोर पर आउट होने के मामले में नीदरलैंड पहले और दूसरे नंबर पर है जबकि 55 रन के साथ ही वेस्टइंडीज तीसरे जबकि 60 रन के साथ न्यूजीलैंड चौथे नंबर पर है. स्कॉटलैंड 60 रन के साथ पांचवें, आयरलैंड 68 रन के साथ छठे जबकि हांगकांग 69 रन के साथ सातवें और बांग्लादेश 70 रन के साथ ही आठवें नंबर पर है। वहीं भारतीय टीम 13 वें नंबर पर है।

# 42 के धोनी की धमाकेदारी बल्लेबाजी को देखकर हैरान हुए पंड्या




**मुम्बई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने एक बार फिर साबित किया है कि बढ़ती उम्र के बाद भी वह कितने फिट हैं। धोनी ने जिस प्रकार 42 साल की उम्र में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले के अंतिम ओवर में चार गेंदों पर तीन छक्के लगाये उससे गेंदबाजी कर रहे हार्दिक पंड्या भी देखते रह गये।

आईपीएल के हर सीजन में धोनी के संन्यास की बातें होती हैं पर वह हार बार अपनी बल्लेबाजी से साबित करते हैं कि उनमें काफी क्रिकेट शेष है। इस सत्र में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच हुए मैच में भी कुछ ऐसा हुआ जिसके बाद उनके संन्यास की बातें एक सत्र और आगे बढ़ सकती हैं। आखिरी ओवर में धोनी ने 500 के स्ट्राइक रेट से रन मैदाना के सभी ओर छक्के लगाये। इससे सीएसके ने मुम्मई को उसके घरेलू मैदान में ही हरा दिया। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के हाथों में गेंद थी और धोनी ने तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के मारे इसके बाद अंतिम गेंद पर 2 रन लिए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 4 गेंदों पर तीन लगातार छक्के और 2 रन लेकर 20 रन बनाए। मुंबई ने 6 विकेट पर 186 रन बनाए और सीएसके ने 20 रन से मैच जीता। वहीं अगर धोनी ने यह 20 रन नहीं बनाए होते तो परिणाम कुछ और होता।

# टीम इंडिया की जल्द होगी घोषणा, रिंकू-राहुल-संजू समेत शामिल हो सकते हैं ये 15 खिलाड़ी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत में कुछ ही दिन बचे हैं, और इसके लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है। टीम का चयन अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग में किया जाएगा, जो कि इस महीने की आखिरी तारीख या अगले माह के पहले दिन हो सकती है। इसी बीच टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है।

आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है। इसके लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है। यानी इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है। भारतीय फैन्स को भी अपनी टीम के चुने जाने का बेसब्री से इंतजार है। भारतीय चयनकर्ता तो अपनी टीम चुनेंगे ही, उससे पहले हम आपको बताते हैं कि कौन से वे खिलाड़ी हैं, जिन्हें टी20 वर्ल्ड कप खेलने का मौका मिल सकता है।

## टीम के प्रमुख खिलाड़ी




**बल्लेबाज (5):** कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली, नंबर-1 बल्लेबाज सूर्यकुमाय यादव, ओपनर यशस्वी जायसवाल, और रिंकू सिंह।

**विकेटकीपर (2):** विकेटकीपर बल्लेबाजों के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन। पंत ने आईपीएल 2024 के जरिए प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी की है। पंत ने कुछ धमाकेदार पारियां खेलकर फॉर्म में होने के संकेत दिए हैं। विकेट के पीछे भी पंत का प्रदर्शन शानदार रहा है। उधर संजू सैमसन को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिल सकती है। संजू मौजूदा आईपीएल सीजन में राजस्थान रॉयल्स (ऋक्र) के लिए बल्ले से शानदार खेल दिखा रहे हैं।

**ऑलराउंडर (3):** ऑलराउंडर्स की बात करें तो हार्दिक पंड्या की टीम में एंट्री हो सकती है। हार्दिक आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हैं। इसके अलावा रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे भी इस लिस्ट में शामिल हैं।

**स्पिनर्स (2):** विशेषज्ञ स्पिन गेंदबाजों के तौर पर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया जा सकता है। लेग-स्पिनर चहल भारत के लिए टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है और वह आईपीएल में शानदार खेल दिखा रहे हैं।

**तेज गेंदबाज (3):** फास्ट बॉलिंग यूनिट में जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की जगह पक्की लग रही है। वहीं मोहम्मद सिराज को भी तीसरे स्पेशलिस्ट तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल किया जा सकता है।सिराज मौजूदा आईपीएल सीजन में महंगे साबित जरूर हुए हैं। मगर इंटरनेशनल लेवल उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।


## चयनकर्ताओं के दावेदार

केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, मयंक यादव (फिलहाल चोटिल), शुभमन गिल, रियान पराग, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार। टी20 वर्ल्ड कप में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुनने का मौका है, और इसकी डेडलाइन 1 मई है। भारतीय फैन्स को भी अपनी टीम के चुने जाने का बेसब्री से इंतजार है।

# हेड की नजरें टी20 विश्वकप पर लगीं

## –आईपीएल की लय बनाये रखने का प्रयास करेंगे

बेंगलुरु ।अभी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने कहा है कि उनकी नजरें आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट पर लगी हैं।हेड आईपीएल के जरिये विश्व कप के लिए अपनी तैयारी और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिए उनके ऊपर दबाव भी है।हेड एक आक्रामक बल्लेबाज हैं और अपनी टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अलावा एकदिवसीय विश्वकप में जीत दिलाने में इनकी अहम भूमिगा रही है। हेड ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और हर जगह मैं उसी प्रकार से खेलता हूं। अब मेरे पर लगातार अच्छा खेलने का दबाव है।उन्होंने कहा, 'सभी प्रारूपों में मेरा प्रयास मूल बातों का ध्यान रखना रहा है।यही मेरी तकनीक ओर रणनीति रहती है। उन्होंने कहा, 'विश्व कप अब करीब है और उम्मीद है कि सनराइजर्स टीम में रहने और शीर्षक्रम पर खेलने से मेरी तैयारी बेहतर होती रहेगी।साथ ही कहा कि मैं



इस लय को विश्व कप में भी बनाये रखने का प्रयास करंगा।आईपीएल में खेलने से विश्व कप से पहले थकान या चोटिल होने के खतरे को लेकर इस बल्लेबाज ने कहा, 'यह अहम है कि मैं पूरे आईपीएल में मानसिक रूप से तरोताजा रहूं और अपने खेल पर ही ध्यान दूं।

# हरभजन ने कहा पथिराना नहीं, धोनी ने बदला मैच



मुम्बई । दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ महेन्द्र सिंह धोनी की अंतिम ओवरों में की गयी आतिशी बल्लेबाजी से मिली थी।हरभजन ने कहा कि धोनी के तीन छक्को ने मैच पलट दिया था। धोनी ने अंतिम ओवर में हार्दिक पांड्या की गेंद पर छक्कों की हैट्रिक लगाई जिससे सीएसके का स्कोर 206/4 हो गया और ये तीन छक्के जीत में सहायक भी बने।वहीं मथीशा पथिराणा ने इस मैच में 28 रन देकर 4 विकेट लिए।हरभजन ने धोनी की छोटी पर प्रभावी भूमिका के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, धोनी ने सिर्फ चार गेंदें खेलीं और तीन छक्के लगाए।उन्होंने 20 रन बनाए और यही अंतर जीत का कारण बना।साथ ही कहा कि अगर आप उन चार गेंदों को हटा दें, तो मुम्बई ने पहले ही इतने रन बना लिए थे कि उसे लक्ष्य मिल जाता।धोनी का व्यक्तित्व ऐसा है कि जब उन्होंने कदम रखा तो क्रीज पर लोग उसके लिए नारे लगा रहे थे।हरभजन ने यह भी कहा कि धोनी को ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आना चाहिए।उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने प्रदर्शन किया उससे ऐसा नहीं लगा कि वह खेल से दूर हैं।उनमें आत्मविश्वास साफ झलक रहा है। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं कि हर कोई हैरान है कि वह ऊपर के क्रम में बल्लेबाजी क्यों नहीं कर रहे हैं।जब धोनी बल्लेबाजी करने आए। ऐसा लगा जैसे पूरा स्टेडियम उन्हें देखने आया हो, इससे पुरानी यादें ताजा हो गईं।

# टी20 विश्वकप के लिए पांड्या से अधिक मजबूत है शिवम की दावेदारी: मनोज तिवारी


**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) के ऑलराउंडर शिवम दुबे की जमकर प्रशंसा की है। तिवारी के अनुसार आगामी टी20 विश्वकप में इस क्रिकेटर को जरुर जगह मिलनी चाहिये। साथ ही कहा कि टीम में जगह के लिए उसकी दावेदारी मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या से अधिक मजबूत है। इसलिए अगर चयन के समय उसे पांड्या से अधिक वरीयता मिली चाहिये। तिवारी के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में पांड्या का प्रदर्शन कोई विशेष नहीं रही रहा है। बल्लेबाजी में वह रन नहीं बना पाये हैं इसके अलावा गेंदबाजी भी काफी कम की है। उन्होंनें पिछले तीन मैचों में केवल एक ओवर ही किया है। साथ ही कहा कि अगर हार्दिक को टी20 विश्वकप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करनी है तो उन्हें अपने को साबित करन होगा।



साथ ही कहा कि अब तक हार्दिक ने इस सत्र में काफी रन दिये हैं। ऐसे अबर वह एक ऑलराउंडर के रूप में खेलना चाहते हैं, तो उन्हें आने वाले मैचों में बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। इसके साथ ही तिवारी ने यह भी कहा किया कि अगर शिवम को टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिलती है तो इसके लिए सीएसके जिम्मेदार मानी जाएगी क्योंकि सीएसके उन्हें गेंदबाजी के अवसर नहीं दे रही। साथ ही कि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर हमें साहसी फैसले लेते है। ऐसे में वह शायह ही हार्दिक को अवसर दें। साथ कहा कि हार्दिक अगर अच्छा नहीं खेल रहे हैं तो उनके विकल्प के तौर पर शिवम को तैयार किया जाना चाहिये। उन्होंने शिवम को एक चालाक गेंदबाज बताया। उन्होंने कहा, एक समय हमारे पास वेंकटेश अय्यर भी थे। अचानक दोनों ने गेंदबाजी करना बंद कर दिया। हमें बड़े लक्ष्य को देखना चाहिए। हम एक दशक से विश्वकप नहीं जीत पाये हैं। इसलिए हमें उसके लिए समय से पहले योजना बनानी होगी। अभी हार्दिक फॉर्म में नहीं हैं और शिवम को आईपीएल में गेंदबाजी के अधिक अवसर नहीं मिले हैं। ऐसे में वह कैसा प्रदर्शन करते हैं ये कहा नहीं जा सकता है।

# स्टार्क के बचाव में उतरे गंभीर, उसे खराब गेंदबाज कहना ठीक नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर पाये है। स्टार्क आईपीएल इंतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। ऐसे में उनसे सभी को धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद थी पर वह विफल रहे हैं। इस कारण ये गेंदबाजी आलोचनाओं का शिकार भी हुआ है। इसी को लेकर अब टीम के मेंटोर गौतम गंभीर उनके बचाव में उतरे हैं। गंभीर ने कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन से अधिक टीम की सफलता पर उन्होंने ध्यान दिया है। इसलिए स्टार्क को खराब




गेंदबाज कहना ठीक नहीं है।

गंभीर ने उनका बचाव करते हुए कहा ,'' खराब आंकड़े मायने नहीं रखते। टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों की पिटाई भी होती ही है। हमने चार में से तीन मैच जीते हैं।'' गंभीर ने कहा ,'' टीम खेल में जीत मायने रखती है। हमने चार में से तीन मैच जीते हैं। मैं किसी के प्रदर्शन से खुश क्यों नहीं रहूंगा। अच्छा बुरा दिन खेल में आता है पर टीम की जीत सबसे अहम होती है।'' साथ ही कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन पर अधिक ध्यान देना अहम नहीं है। मैरा मानना है कि स्टार्क ने अच्छा खेला है। वह जल्दी ही लय में नजर आयेगा। उन्होंने कहा ,'' पहले चार मैच में हमें अच्छे परिणाम मिले। हमें पता है कि स्टार्क क्या कर सकता है। चार मैच उसे खराब या अच्छा गेंदबाज नहीं बनाते। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है।''

# बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक



पेरिस। एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा।'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं। ट्रैक को कवर करने के लिए 'वल्केनाइज्ड रबर' के 1,000 से अधिक रोल का उपयोग किया जाएगा। इसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा और कुल मिलाकर गोंद के 2,800 डब्बे लगेंगे। तीन साल पहले तोक्यो में लाल ट्रैक पर तीन विश्व और 12 ओलंपिक रिकॉर्ड बने थे। 'मोंडो' ने 1976 में मॉन्ट्रियल के बाद से हर ग्रीष्मकालीन खेलों का एथलेटिक ट्रैक तैयार किया है और कंपनी को पेरिस में और भी बेहतर ट्रैक बनाने की उम्मीद है।

# बीसीसीआई ने आईपीएल मैच के वीडियो और तस्वीरें पोस्ट करने पर रोक लगायी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के लाइव मैच के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर रोक लगा दी है। बीसीसीआई ने ऐसा किसी भी प्रकार के विवाद को न होने देने के लिए किया है। टूर्नामेंट के दौरान वीडियो और तस्वीर पोस्ट करने से कभी–कभी विवाद भी पैदा हो जाते हैं। हाल ही में एक पूर्व बल्लेबाज ने आईपीएल मैच की कमेंट्री करते हुए अपनी तस्वीर खींची और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जिसपर सवाल उठा गये थे। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद इस पूर्व बल्लेबाज को पोस्ट को हटाने का आदेश दिया गया। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने कमेंटेटर्स, खिलाड़ियों और टीमों कोआईपीएल मैच के दौरान फोटो, वीडियो बनाने या अपलोड न करने को कहा है। अगर इन नियमों का उल्लंघन करना है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी अधिकारियों ने यह भी कहा कि कुछ खिलाड़ियों ने हाल ही में मैच के दिनों की तस्वीरें शेयर की थी और इसके बाद उन्हें इन पोस्ट को डिलीट करने को कहा गया। यहां तक कि एक आईपीएल टीम ने मैच का लाइव वीडियो स्ट्रीम कर दिया था, जो कि नियमों के विपरीत है। इस कारण बीसीसीआई ने उस पर 9 लाख का जुर्माना लगाया था।

# महान भारतीय क्रिकेटर ने हार्दिक पर साधा निशाना, कहा- बेहद साधारण गेंदबाजी और कप्तानी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को मौजूदा आईपीएल में मुंबई इंडियंस की चौथी हार के बाद प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा और पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अब तक 'बिलकुल साधारण गेंदबाजी और साधारण कप्तानी' के लिए उनकी आलोचना की। मुंबई की कप्तानी संभालने के बाद से प्रशंसकों की हूटिंग का सामना कर रहे पांड्या को रविवार रात चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ टीम की 20 रन की हार के बाद गावस्कर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की आलोचना झेलनी पड़ी। पांड्या ने पारी के अंतिम ओवर में 26 रन लुटाए जिसमें महेंद्र सिंह धोनी ने लगातार तीन छक्के मारे।

गावस्कर ने कहा, 'ओह, बेहद साधारण गेंदबाजी, साधारण कप्तानी। शिवम दुबे के साथ रुतुराज गायकवाड़ के काफी अच्छी बल्लेबाजी करने के बावजूद उन्हें कम स्कोर पर रोका जाना चाहिए था। मेरा मानना है कि उन्हें 185-190 रन तक रोका जाना चाहिए था।' उन्होंने कहा, 'संभवत–सबसे बदतर गेंदबाजी जो मैंने काफी लंबे समय में देखी है।' पांड्या ने तीन ओवर में 43 रन देकर दो विकेट चटकाए और बल्लेबाजी करते हुए भी छह गेंद में सिर्फ दो रन बना पाए।

पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की 63 गेंद में नाबाद 105 रन की पारी के बावजूद मुंबई की टीम 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 186 रन ही बना सकी। पीटरसन का मानना है कि इस स्टार ऑलराउंडर पर बाहरी आलोचना का असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में सोचता हूं कि खेल के इतर की चीजें हार्दिक पांड्या पर बहुत प्रभाव डाल रही हैं। जब वह टॉस के लिए जाता है तो वह बहुत मुस्कुराता है। वह ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहा है जैसे वह बहुत खुश है। वह खुश नहीं है। यह मेरे साथ हुआ है। मैं इसका सामना कर चुका हूं और मैं आपको बता सकता हूं कि यह आप पर प्रभाव डालता है।'

उन्होंने कहा, 'अभी हम जो हूटिंग सुन रहे हैं। मुझे पता है कि वे सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान (धोनी) द्वारा मैदान के हर तरफ उसके (पांड्या) खिलाफ शॉट खेलने से खुश थे, इससे आपको दुख होता है। क्योंकि उनमें भावनाएं हैं। वह एक भारतीय खिलाड़ी और वह नहीं चाहता कि उसके साथ इस तरह का व्यवहार किया जाए इसलिए जब यह होता है तो इसका उस पर असर होता है। यह उसके क्रिकेट पर असर डाल रहा है।' पीटरसन ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब सुपरकिंग्स के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बना रहे थे तो पांड्या ने अपने स्पिनरों का उपयोग क्यों नहीं किया।



# कमजोर गेंदबाजी के कारण आईपीएल में असफल हो रही मुम्बई इंडियंस – लारा

मुंबई ।वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा है कि कमजोर गेंदबाजी के कारण मुम्बई इंडियंस टीम आईपीएल में विफल हो रही है।इसलिए उसे इस क्षेत्र में काफी सुधार करना होगा।लारा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो अन्य गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे हैं। बुमराह ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चार ओवर में 27 रन दिये पर उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।ये गेंदबाजी भी उनके स्तर के गेंदबाज के अनुरुप नहीं कही जा सकती है।वहीं हार्दिक पंड्या के पारी के अंतिम ओवर में महेंद्र सिंह धोनी ने लगातार तीन छक्के मारे। लारा ने कहा, 'जब हम मुंबई इंडियंस को देखते हैं तो बहुत से लोग उन्हें प्रबल दावेदार मानते हैं।ये इसलिए कि वे इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे।उन्होंने इस सत्र में 230 रन बनाए, उन्होंने 196 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया था।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 ग्रामीणों की मौत



जकार्ता। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से लगभग 14 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य लापता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में चार घर भूस्खलन में दब गए। आधी रात से लगातार हुई भारी बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। उन्होंने कहा कि बचावकर्मी अभी भी पहाड़ी दक्षिण मकाले गांव में एक लापता ग्रामीण की तलाश कर रहे हैं। हालांकि बिजली की कमी, क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण ताना तोराजा के ऊंचे इलाकों में सड़कें अवरुद्ध होने से बचाव कार्य में बाधा आ रही है।

## अफगानिस्तान में अचानक बाढ़ आने से 33 लोगों की मौत

काबुल। भारी बारिश के चलते अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ के कारण तीन दिन में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के लिए तालिबानी प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बाढ़ संबंधी जानकारी देते हुए बताया, कि राजधानी काबुल और कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई है। बाढ़ के कारण 600 से अधिक मकान नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए जबकि करीब 200 मवेशियों की मौत हो गई है। बाढ़ से 800 हेक्टेयर कृषि भूमि भी नष्ट हो गई है। उन्होंने बताया कि अचानक बाढ़ से 85 किलोमीटर से अधिक का सड़क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बाढ़ से पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल और कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से अधिकांश में आने वाले दिनों में और बारिश होने का अनुमान जताया है।

## पश्चिम कांगो में भारी बारिश व भूस्खलन से 15 लोगों की मौत, 60 लापता

इडियोफा। दक्षिण पश्चिम कांगो में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में रविवार को कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 60 लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इडियोफा शहर के निकट बंदरगाह से कुछ दूरी पर शनिवार को हुए भूस्खलन के बाद सात लोग जीवित पाए गए हैं। स्थानीय अधिकारी ढेधे मुपासा ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि बंदरगाह से आगे एक पहाड़ी है और बारिश के कारण पहाड़ की मिट्टी खिसक गयी है। प्रांत के अंतरिम गवर्नर फिलसीन किवे ने संवाददाताओं को बताया कि लापता लोगों की तलाश के लिए एक टीम को भेजा गया है जिन्होंने 7 लोगों को जीवित पाया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि 60 लोग अभी भी लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि लापता लोगों की सटीक संख्या बता पाना मुश्किल है क्योंकि हर शनिवार को इस जगह एक बाजार लगता था। अधिकारी ने बताया कि यह इलाका एक तरह का बंदरगाह है जहां मछुआरे मछली बेचने और साबुन खरीदने आते हैं।

## पापुआ न्यू गिनी में 6.5 तीव्रता का भूकंप

पापुआ न्यू गिनी ।पापुआ न्यू गिनी में सोमवार को 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। अभी सुनामी का कोई अलर्ट नहीं है न ही किसी तरह के नुकसान की सूचना है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने एक बयान में बताया कि दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश में स्थानीय समयानुसार सुबह 7 बजे भूकंप आया। भूकंप का केंद्र वेस्ट न्यू ब्रिटेन की प्रांतीय राजधानी किम्बे से 110 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में 68 किलोमीटर की गहरायी में था। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने बताया कि अभी सुनामी का कोई अलर्ट नहीं है। पापुआ न्यू गिनी भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है।

## पाकिस्तान के डॉन सरफराज की गोली मारकर हत्या

लाहौर। पाकिस्तान के अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की लाहौर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह वही इंसान है, जिसने भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की उस वक्त हत्या कर दी थी, जब वे लाहौर की लखपत जेल में कैद थे। बताया जा रहा है कि अज्ञान हमलावरों ने सरफराज को एक के बाद एक कई गोलियां मारी, जिससे घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया. अमीर सरफराज को आतंकवादी संगठन लश्कर के सरगना हाफिज सईद का करीबी माना जाता है। बता दें 2013 में सरबजीत की आईएसआई के इशारों पर हत्या कर दी गई थी। दिसंबर 2018 में, एक पाकिस्तानी अदालत ने सरबजीत सिंह की हत्या के मामले में अमीर सरफराज उर्फ ??तांबा और मुदस्सर – को सबूतों के आभाव में बरी कर दिया था। सभी गवाहों के मुकर जाने के बाद लाहौर सेशन कोर्ट ने दोनों आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया था. उस वक्त एक अधिकारी ने कहा था कि अदालत में दोनों संदिग्धों के खिलाफ एक भी गवाह ने गवाही नहीं दी।

## इजराइल ने एहतियात के तौर पर लगाए प्रतिबंध हटाए

जेरूसलम ।इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार तड़के कहा कि ईरान के शनिवार रात के हमले से पहले एहतियात के तौर पर लगाए गए सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले से पहले इजराइल ने शनिवार को सभी शैक्षणिक गतिविधियों और बड़े आउटडोर समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया था। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि स्थिति के आकलन के बाद रविवार मध्यरात्रि से इन प्रतिबंधों को हटाने का फैसला किया गया। बयान में कहा गया है, अब पूरे इज़राइल में शैक्षिक गतिविधियों को बहाल कर दिया गया है और सभाओं पर से भी प्रतिबंध हटा दिया गया है।

## बाल्टीमोर ब्रिज गिरने के मामले में एफबीआई ने फौजदारी जांच शुरू की



वाशिंगटन ।अमेरिका के बाल्टीमोर स्थित फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के ध्वस्त होने के मामले में संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने फौजदारी जांच शुरू की है। मामले से अवगत एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच मुख्य रूप से इस बिंदु पर केंद्रित होगी कि किन परिस्थितियों में घटना हुई और क्या सभी संघीय कानूनों का अनुपालन किया गया था। पूरे प्रकरण की जानकारी सार्वजनिक रूप से देने के लिए अधिकृत नहीं होने की वजह से व्यक्ति ने पहचान गुप्त रखते हुए एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। एजेंसी ने सोमवार को बताया कि उसकी टीम मालवाहक जहाज डाली पर सवार है और अदालत द्वारा अधिकृत कानून प्रवर्तन गतिविधि को अंजाम दे रही है। पूरे प्रकरण की एफबीआई जांच की खबर सबसे पहले वाशिंगटन पोस्ट ने दी थी।



यंगून में थिंग्यान वाटर फैस्टीवल में एक दूसरे पर पानी छिड़कते हुए लोग।

## दुनिया का सबसे अमीर अरबपति भारत का समर्थक, एलन मस्क से मुलाकात पर क्या बोले पीएम मोदी?

टेस्ला प्रमुख एलन मस्क की भारत यात्रा से पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया का सबसे अमीर अरबपति भारत का समर्थक है। सोमवार को प्रसारित एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में जब पीएम मोदी से भारत में टेस्ला कारों और स्टारलिंक को देखने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि एलन मस्क का मोदी का समर्थक होना एक बात है, लेकिन मूल रूप से वह भारत के समर्थक हैं। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क इस महीने



भारत का दौरा करने वाले हैं और उम्मीद है कि वह कई निवेश प्रस्तावों का अनावरण करेंगे। टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक वाहन प्लांट स्थापित करने पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम से मुलाकात के दौरान एलन मस्क स्पेसएक्स के सैटेलाइट बिजनेस स्टारलिंक पर चर्चा कर सकते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट संचार लाइसेंस के लिए सशर्त मंजूरी मिल सकती है। शर्तों में डेटा रूटिंग प्रतिबंध और स्थानीय साझेदारी की आवश्यकता शामिल हो सकती है। स्टारलिंक वर्तमान में वैश्विक स्तर पर 26 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।

# ईरान के हमले के बाद जी7 ने इजरायल के प्रति 'पूर्ण समर्थन' जताया

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को वर्चुअल मुलाकात की और 'इजरायल और उसके लोगों के प्रति पूर्ण एकजुटता और समर्थन' जताया और 'इसकी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता' की पुष्टि की।

व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक बयान में उन्होंने कहा, 'हम जी7 के नेता इजरायल के खिलाफ ईरान के सीधे और अभूतपूर्व हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। ईरान ने इजरायल की ओर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागीं। मगर इजरायल ने अपने सहयोगियों की मदद से ईरान को हरा दिया।''

जी7 देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ-साथ यूरोपीय संघ भी शामिल हैं।

उन्होंने बयान में कहा, 'हम इजरायल और उसके लोगों के प्रति अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन व्यक्त करते हैं और इसकी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।'

उन्होंने कहा कि इजरायल पर हमला शुरू करके ईरान ने क्षेत्र को अस्थिर करने की दिशा में कदम बढ़ाया है और एक बेकाबू क्षेत्रीय तनाव को भड़काने का जोखिम उठाया है। इससे बचा जाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि वे 'गाजा में संकट को खत्म करने के लिए हमारे सहयोग को मजबूत करेंगे, जिसमें तत्काल और स्थायी युद्धविराम व हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की दिशा में काम करना और जरूरतमंद फिलिस्तीनियों को बढ़ी हुई मानवीय सहायता प्रदान करना शामिल है'।





राष्ट्रपति बाइडेन ने 'इजरायल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अलग से बात की। बाइडेन ने एक बयान में कहा 'मैंने उनसे कहा कि इजरायल ने अभूतपूर्व हमलों से भी बचाव करने और उन्हें हराने की उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन किया है - अपने दुश्मनों को एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि वे प्रभावी रूप से इजरायल की सुरक्षा को खतरे में नहीं डाल सकते।'

## इजराइली सेना ने फलस्तीनी लोगों को युद्धग्रस्त गाजा में नहीं लौटने की फिर से दी चेतावनी

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी) (एजेंसी)।** इजराइली सेना ने सोमवार को फलस्तीनी लोगों को युद्धग्रस्त गाजा के उत्तरी हिस्से में नहीं लौटने की फिर से चेतावनी दी। इससे एक दिन पहले गाजा स्थित एक अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि बड़ी संख्या में विस्थापित निवासियों द्वारा युद्धग्रस्त इलाके में अपने-अपने घर पहुंचने के प्रयास के दौरान पांच लोग मारे गये। उत्तरी गाजा हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध का प्रारंभिक लक्ष्य था और इसके बड़े हिस्से को समतल कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र की अधिकांश आबादी दक्षिण की ओर भागने को मजबूर हो गई है। हालांकि, बताया जाता है कि लगभग 2,50,000 लोग अब भी उत्तर में रह रहे हैं। इजराइली सेना ने छह महीने से जारी युद्ध के दौरान अधिकांश विस्थापित लोगों को यह कहकर उत्तरी हिस्से में लौटने से रोक दिया कि यह इलाका एक सक्रिय युद्ध क्षेत्र है। सेना ने गाजा में अपने सैनिकों की संख्या कम कर दी है और कहा है कि उसने उत्तर पर हमास के नियंत्रण को कमजोर कर दिया है। लेकिन इजराइल अब भी उस क्षेत्र विशेष रूप से गाजा स्थित मुख्य अस्पताल शिफा में हवाई हमले और लक्षित अभियान चला रहा है, जिसके बारे में उसका कहना है कि वहां आतंकवादी फिर से संगठित हो रहे हैं। शिफा पिछले महीने दो सप्ताह तक जारी छापेमारी और लड़ाई के बाद खंडहर में तब्दील हो गया है। इजराइली सैन्य प्रवक्ता अविचे अद्राई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि फलस्तीनियों को दक्षिणी गाजा में रहना चाहिए, जहां उन्हें आश्रय लेने के लिए कहा गया है क्योंकि उत्तर एक 'खतरनाक युद्ध क्षेत्र' है। लोग रविवार को हुई हिंसा के बाद नई चेतावनी पर ध्यान देते दिखे। गाजा में अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि उत्तर में स्थित अपने घरों की ओर जाने की कोशिश कर रहे पांच लोगों की इजराइली बलों ने हत्या कर दी। रिकॉर्ड से पता चलता है कि इस घटना में 54 अन्य लोग घायल हो गए। इजराइली सेना ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। उत्तरी शहर बेत हनून से विस्थापित और घर लौटने की कोशिश करने वालों में शामिल अनाम मोहम्मद ने कहा कि सेना महिलाओं और बच्चों को जाने की अनुमति दे रही थी, लेकिन जब फलस्तीनी लोगों के एक समूह ने उनके लिए जगह नहीं बनाई तो दो टैंक आए और गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए धुएं वाले बम भी फेंके।

## इस्लामी जगत फ़िलिस्तीन की आज़ादी का मनाएगा जश्न

### –ईरान के सुप्रीम लीडर ने सोशल मीडिया पर किया इशारा

**तेहरान (एजेंसी)।** इजरायल पर ईरान से एक और बड़े युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। ईरान ने शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला कर दिया था, जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि इजरायल भी जवाबी हमला कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने चिंता जताते हुए दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। वहीं ईरान के सुप्रीम लीडर सोशल मीडिया की गई पोस्ट से आशंका जताई जा रही है कि इजरायल पर ईरान अभी और हमले कर सकता है। ईरान के सुप्रीम लीडर सोशल मीडिया पर प्लेटफॉर्म एक्स पर येरूशलम स्थित मुस्लिमों के सबसे पवित्र स्थलों में से एक मस्जिद अल-अक्सा के ऊपर से गुजरते मिसाइल का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुष्ट शासन को दंडित किया जाएगाज' उन्होंने पोस्ट में यहूदी राष्ट्र इजराइल का नाम तो नहीं लिया, लेकिन वह 'इजरायल' को ही दुष्ट नाम से संबोधित करते रहे हैं। खामनेई ने इसके साथ ही अपने एक अन्य पोस्ट में लिखा, 'कुद्स शरीफ़ (येरूशलम) मुसलमानों को दिया जाएगा और इस्लामी जगत फ़िलिस्तीन की आज़ादी का जश्न मनाएगा।' सुप्रीम लीडर की इस पोस्ट से आशंका जताई जा रही है कि ईरान अभी और हमले कर सकता है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ जनरल मोहम्मद हुसैन बघेरी ने कहा कि अभियान खत्म हो गया है। उन्होंने कहा है कि इजरायल के खिलाफ अभियान जारी रखने का हमारा कोई इरादा नहीं है। बता दें सीरिया में 1 अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में दो ईरानी जनरल समेत कई अधिकारों के मारे जाने के बाद ईरान ने बदला लेने की कसम खाई थी। ईरान ने इस हमले का इजरायल को दोषी ठहराया था। हालांकि इजरायल ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। दोनों देश वर्षों से एक दूसरे से कट्टर विरोध हैं और कई बार हमले भी कर चुके हैं।

## बंदूकधारियों ने बस से उतारा नौ पंजाबियों को मारी गोली

### –बलूच उग्रवादियों ने ली हत्या की जिम्मेदारी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में बलूच, पख्तून और मुहाजिरों की पहचान के आंदोलन लंबे समय से चलते रहे हैं। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में 11 लोगों को मौत के घाट उतार दिया, जो मूलत~पाकिस्तानी पंजाबी के थे। बलूच उग्रवादियों ने अलग-अलग हमलों में 11 लोगों की हत्या की जिम्मेदारी ली है।

बांग्ला भाषा और पहचान के नाम पर पाकिस्तान 1971 में एक विभाजन झेल चुका है। इसके बाद भी वहां अलगाववाद थम नहीं रहा तो उसकी वजह यह है कि पाकिस्तान में पंजाब सूबे का प्रभुत्व सबसे ज्यादा है। पाकिस्तानी सेना से लेकर सत्ता तक में पंजाबियों का दबदबा है। ऐसे में कई जगहों पर पंजाबी विरोध हिंसक रूप लेता जा रहा है।

पंजाब प्रांत के रहने वाले नौ युवकों को शनिवार को बलूचिस्तान प्रांत के नोशकी इलाके में बंदूकधारियों ने एक बस से नीचे उतारा और उनकी पंजाबी होने की पहचान के बाद उनकी बंदूकधारियों ने गोलीकर हत्या कर दी और उनके शवों को पुल के नीचे फेंक दिया। वहीं एक अलग घटना में उसी राजमार्ग पर दो लोगों की मौत हो गई, जब बंदूकधारियों ने उनकी कार पर गोलीबारी की। पाकिस्तानी अखबार के अनुसार प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। खबर में बताया गया है कि पंजाब प्रांत के यी नौ लोग ईरान जा रहे थे, जहां से वे तुर्किये के रास्ते यूरोप में जाने वाले थे, लेकिन उन्हें रास्ते में उतार कर मौत के घाट उतार दिया।

इस घटना के बाद पाकिस्तान सरकार ने उग्रवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई बात कही है। बलूच राष्ट्रवादी अकसर पंजाब के लोगों के खिलाफ हिंसा की ऐसी वारदातों को अंजाम देते रहते हैं। उनका आरोप है कि बलूचिस्तान की खनिज संपदा का दोहन करने में पंजाब प्रांत के लोग शामिल हैं। यही नहीं बलूचिस्तान में उन चीनी नागरिकों को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो वहां चल रही परियोजनाओं में काम कर रहे हैं।

बता दें पख्तून मानते रहे हैं कि उनकी पहचान 5000 साल पुरानी है और वे इस्लाम एवं पाकिस्तान से भी पुरानी सभ्यता वाले हैं। यही वजह है कि अफगानिस्तान से लेकर खैबर पख्तूनख्वा तक को वे एक यूनिट मानते हैं और पाकिस्तान की सीमा को भी खारिज करते रहे हैं। बीते 6 महीने से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चमन बॉर्डर पर हजारों पख्तूनों का आंदोलन इसकी बानगी है। वहीं बलूचों का मानना है उन्हें पाकिस्तान में शामिल करा गलत किया गया और उनके संसाधनों का दोहन तो हो रहा है, लेकिन सत्ता में भागीदारी उनकी ना के समान है। गौरतलब है कि 1947 में भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान जब अस्तित्व में आया था तो बलूचिस्तान के एक शासक कलात खान उसमें विलय के पक्ष में नहीं थे। इस पर मोहम्मद अली जिन्ना ने वादा भी किया था कि वह सबकी राय लेंगे। अंत में सेना के जोर पर उसका विलय कर दिया गया। वह विलय तो हो गया, लेकिन बलूचों में आज भी पाकिस्तान को लेकर गुस्सा है और पंजाबी प्रभुत्व से एक वर्ग में गहरी नफरत है।

## सुरक्षा कारणों से सीन नदी के बजाय स्टेडियम में हो सकता है ओलंपिक उद्घाटन समारोह : मैक्रों

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि योजना के अनुसार सीन नदी पर होने वाले पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों से राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डि फ्रांस' में कराया जा सकता है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक से पहले फ्रांस में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये जा रहे हैं क्योंकि इस दौरान लाखों दर्शकों के देश पहुंचने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में करीब 10,500 खिलाड़ियों को नावों में बिठाकर सीन नदी पर छह किलोमीटर (3.7 मील) दूर तक परेड करायी जायेगी और दर्शक किनारे से बैठकर उन्हें देखेंगे। लेकिन 26 जुलाई को होने वाले इस समारोह के लिए सुरक्षा के कई स्तरों की जरूरत होगी और अगर ऐसा होता है तो स्टेडियम के बाहर होने वाला यह पहला ओलंपिक उद्घाटन समारोह होगा। फ्रांस की मीडिया 'बीएफएम-टीवी' और 'आरएमसी' से बात करते हुए मैक्रों ने कहा, ''अगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास 'बी' और 'सी' योजना भी है।''

# परिषद को एक्शन लेना होगा, इजराइल नहीं पूरी दुनिया के भविष्य के लिए

### – संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान और इजरायल ने एक दूसरे पर साधा निशाना

**जेनेवा (एजेंसी)।** पिछले दिनों ईरान ने इजराइल पर अचानक हमला कर दिया। ईरानी हमले को लेकर इजराइन ने दावा किया है कि उसने कई ईरानी मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया है। इन घटनाक्रमों के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान और इजरायल ने एक दूसरे पर जमकर निशाना साधा। इजरायल ने ईरान की आतंकी गतिविधियों पर खामोश रहने पर संयुक्त राष्ट्र को भी घेरा है।

संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत ने कहा कि इजरायल बेवजह का रोना नहीं रोता। हम सालों से अपना पक्ष रखते आ रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को समझाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इसका फायदा नहीं हुआ। अगर यूएनएससी हमारे बातों पर अमल कर लेता तो ईरानी हमलों की गूंज से उसे जागना नहीं पड़ता।

इजरायली राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से कहा कि उन्होंने ईरान की निंदा क्यों नहीं की? इसके बजाए आपने हमास के लिए लाल कार्पेट बिछाया। आप उनके साथ ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं, जैसे वे इस मौजूदा स्थिति को कम करने के इच्छुक हैं जबकि आपको पता है ऐसा कुछ नहीं है। ईरान की रणनीति रही है कि वे दुनियाभर में आतंकी को फंडिंग करने और आतंकियों को ट्रेनिंग देता है ताकि वह वर्चस्व की अपनी योजना को अमलीजामा पहना सके लेकिन आज ईरान का चेहरा दुनिया के सामने आ गया है। ईरान ने अपनी जमीं से इजरायल पर हमला किया है।

इजरायली राजदूत ने कहा कि इस हमले ने सभी सीमाएं लांघ दी है और इजरायल को पूरा हक है कि वह इसका जवाब दे। हम सिर्फ शोर मचाने वाले देश नहीं हैं। इजरायल पर इस तरह का सीधा हमला होने के बाद हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में अब कोई मान मनौव्वल नहीं होगा। कोई तुष्टिकरण नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक्शन लेना होगा। ईरान के हमले की निंदा करनी होगी। आज और अभी एक्शन लेना होगा इजरायल या मिडिल ईस्ट के लिए नहीं बल्कि दुनिया के भविष्य के लिए। ईरान को आज ही रोकना होगा।

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरानी राजदूत ने कहा कि ईरान की सेना ने इजरायल के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर 51 का पालन करते हुए आत्मरक्षा की वजह से यह कदम उठाया है। इसमें साफ कहा गया है कि कोई भी देश खुद पर हमले और खतरे के मद्देनजर आत्मसुरक्षा में जवाबी हमला कर सकता है।





ईरानी राजदूत ने यूएनएससी में अमेरिका को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि ये देश, विशेष रूप से अमेरिका गाजा नरसंहार में इजरायल की जवाबदेही से उसे बचाने के लिए ढाल बनकर खड़ा है जबकि ये हम पर इजरायली हमले को लेकर अपनी आंख मूंद लेते हैं और गाजा नरसंहार को न्यायोचित ठहराते हैं। यह उनकी दोहरी नीति है। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट में ईरान की अमेरिका से दो-दो हाथ करने की कोई मंशा नहीं है। हमने शांति के लिए प्रतिबद्धता जताई है लेकिन अगर अमेरिका, ईरान के खिलाफ सैन्य ऑपरेशन शुरू करता है तो हम उसका जवाब जरुर देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑल इंडिया पाया ने की शीतल पेयजल की व्यवस्था



**जादूगोड़ा:** ऑल इंडिया पाया में इंसानियत फोरम हेल्दी पोखर शाखा के द्वारा पोटका के हल्दीपोखर टीओपी के सामने गर्मी का मौसम एवं वैशाख महीना दस्तक देते ही कड़े धूप में आने -जाने वाले इंसान की सेवा में शीतल पेयजल का व्यवस्था किया गया। जिसकी शुभारंभ आज कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के हाथो फीता काटकर किया गया। ऑल इंडिया पाया में इंसानियत हल्दी पोखर शाखा के मौलाना जाहिद हुसैन नदवी ने कहा कि इंसान बगैर प्रेम के नहीं जी सकता है। इंसान को समाज में हर समय प्रेम और भाईचारे की आवश्यकता रहती है। उन्होंने कहा हमें मानवी और हिंदुस्तानी सभ्यता को बरकरार रखते हुए आपस में प्रेम और भाईचारे के साथ रहना चाहिए, इसी में इंसान की जीवन में मजा है। पूर्व मुखिया सैयद जबीउल्ला ने कहा ऑल इंडिया पाया में इंसानियत फोरम हर मौके पर मानव सेवा के लिए तत्पर रहती है। इस मौके पर असगर अली, साबिर भाई, दुलाल मुखर्जी, बबलू चौधरी, राजू कुंडू, ओम प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### विहिप सदस्य को दी गई भावभीनी श्रधांजलि



**लोहरदगा:** नगर के पावरगंज चौक पर सोमवार की दिवंगत विहिप सदस्य स्व. नरेश कुमार साहू उर्फ शिबू के चित्र पर जिला विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर जिले के प्रबुद्धजनों के साथ-साथ विहिप एवं बजरंग दल के सदस्यों ने पुष्प अर्पित करते हुवे भावपूर्ण श्रधांजलि दी। शिबू साहू की निर्मम हत्या गत 8 अप्रैल को अपराधियों द्वारा गोली मार कर, कर दी गई थी। दिवंगत नरेश साहू के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। श्रधांजलि सभा मे उपस्थित लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुवे दो मिनट का मौन रख कर श्रधांजलि अर्पित की। मौके पर विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, जिला मंत्री सतीश पाण्डे, जिला सह मंत्री रंजीत कुमार साहू, जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख चंदन गोयल , बजरंग दल जिला संयोजक सचिन सिंघानिया,नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो, प्रान्त प्रावर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, प्रान्त कार्यसमिति सदस्य लाल ओंकार नाथ साहदेव, जिला कोषाध्यक्ष सोहन साहू,जिला प्रचारक दीपक , नगर संयोजक आकाश पंकज , काली साहू, चंदन गोप, आर्यन साहू, अमित कुमार, राज साहू, राहुल रजक, संतोष रजक,चंदन साहू केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तामड़ा, जीप सदस्य संदीप कुमार , कवलजीत सिंह, अजय पंकज, अभय महतो, सरोज वर्मा, मदन उरांव, संजय पांडे, प्रतुष साहू, शम्भू शर्मा, राजीव रंजन, सचिन कुमार (बुलु), किशोर साहू , मनोज साहू , जागेश्वर साहू, विकास साहू, नंदू साहू, गुंजन गोयल, योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, जयश्रीराम समिति के अजय सोनी, तापस राय के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी पर्व को लेकर डीसी ने शांति समिति सदस्यों के साथ की बैठक

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** सोमवार 15 अप्रैल को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में रामनवमी-2024 को लेकर आवश्यक बैठक जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों व शांति समिति सदस्यों के साथ जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति रामनवमी का त्यौहार बहुत धूमधाम से हम सभी मनाते आये हैं। इतनी भीड़ होने के बावजूद यह त्यौहार शांति से मनाया जाता रहा है। भगवान श्रीराम के जन्म के समय अयोध्या में एक अलग ही उत्सव का माहौल था जिसका वर्णन महर्षि वाल्मिकी द्वारा रचित रामायण और कवि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस में किया गया है। अगर उसी माहौल को अपनाया जाय तो यह त्यौहार काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। अक्सर रामनवमी के मौके पर डीजे का इस्तेमाल विभिन्न अखाड़ों द्वारा किया जाता रहा है लेकिन उसमें सावधानी यह बरती जानी चाहिए कि किसी के भावनाओं को आहत करनेवाला या उन्मादित करने का गाना उसमें ना बजाया जाय। किसी के द्वारा डीजे संचालक पर किसी विशेष गाना को बजाने के लिए दबाव ना बनाया जाय। जुलूस के दौरान वॉलेंटियर्स पर्याप्त संख्या में रखे जाएं और उनका संपर्क अपने थाना प्रभारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी के साथ अवश्य हो। किसी भी आशंका या असहजता की सूचना अपने संबंधित पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों को दी जाय ताकि ससमय कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन के पास आवश्यक बल पर्याप्त संख्या में है। रामनवती का त्यौहार जिला में शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण संपन्न हो इसके लिए आप सभी प्रशासन का सहयोग करें।

#### आपसी सहयोग से रामनवमी का त्यौहार होगा शांतिपूर्ण संपन्नः पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा थाना स्तर व जिला स्तरीय शांति समिति की बैठकों के कारण आपस में बातचीत का जो माहौल बना है वह संस्कृति बहुत ही अच्छी है। आपसी सहयोग से ही रामनवमी का यह त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण संपन्न होगा। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेवारी लें। शांतिदूतों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वॉलेंटियर्स में सभी समुदाय के लोग रहें तो यह और भी अच्छा होगा। लोकसभा आम निर्वाचन को देखते हुए अखाड़ा संचालकों को कई सावधानियां बरतनी होगी। लाइसेंसी अखाड़ा अपने निर्धारित रूट का पालन करेंगे। गैर-लाइसेंसी अखाड़ा संचालक लाइसेंस के लिए आवेदन दें और निर्धारित रूट की जानकारी थानों को दें।

आदर्श आचार संहिता को देखते हुए रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। किसी भी जुलूस में किसी व्यक्ति विशेष का प्रचार नहीं किया जाएगा। आप सभी यह त्यौहार अनुशासन, हर्षोल्लास और नियमानुसार मनायें।

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि अखाड़ा संचालक अपने जुलूस के निर्धारित रूट का पालन अवश्य करेंगे। दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मौजूद अवश्य रहेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। रामनवमी का त्यौहार हमारी संस्कृति का हिस्सा है। लोहरदगा जिला को उदाहरण के रूप में कायम करें। असामाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार की गड़बड़ी पर आप त्वरित सूचना प्रशासन को दें।

बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## आजसू कार्यकर्ता एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगेः नीरू शांति भगत



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में सदर प्रखंड लोहरदगा आजसू पार्टी के पदाधिकारियों की एक बैठक प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा जिला प्रभारी सह आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने प्रखंड पदाधिकारियों को कहा की ग्राम कमेटी तक के एक-एक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और एनडीए की जीत लोहरदगा सीट पर सुनिश्चित करेंगे।लोहरदगा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को इस बार रिकार्ड मतों से हम लोगों को विजयी बनाना है। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा प्रखंड प्रभारी सह पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह ,केंद्रीय सचिव विश्वनाथ उरांव ,जिला अल्पसंख्यक आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश उरांव, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मालती टोप्पो ,सचिव हेमंती देवी प्रखंड पदाधिकारी ब्रजेश महतो, राकेश कुमार नायक ,महेंद्र उरांव, रुपेश मिश्रा, सामवीर भगत, चंद्रनाथ भगत ,बानो उरांव, करमी भगत ,युवा मोर्चा के सह संयोजक राहुल राजबाला, रजत तमेडा, राजेश मुंडा अंजलि उरांव अंगद महतो , विजय महतो आयुष मेहता आकाश मेहता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्तने कोषांग से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश

**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा आज दिनांक-15 अप्रैल 2024 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में रांची लोकसभा क्षेत्र के द्वारा दिनांक 29/04/2024 से प्रारंभ होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर कोषांग के पदाधिकारी कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा सभी कोषांग से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को उनको दिए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया की सभी अपने दिए गए उत्तरदायित्व का निर्वाहन अच्छे से करेंगे।

## पुरानी रंजिश में हुई थी महिला की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

#### गन्ने के खेत में बेटी और मजदुरो के सामने किया था अपराधियों ने हत्या

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी भेसलेटा टांड़ के समीप गन्ने के खेत में घास निकाई के दौरान 50 वर्षीय महिला की हत्या मामले की गुंथी सुलझाते पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी भेसलेटा टाड़ स्थित खेत में रविवार को कुंदगड़ी गांव निवासी स्व.बिमला मांझी के 50 वर्षीय पत्नी कलावती देवी की गांव के ही तीन अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेत कर बेटी और मजदूरों के सामने हत्या कर दिया था। घटना को लेकर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने हत्या कांड की गुंथी को सुलझाते हुए तीनो अपराधियों को गिरिफ्तार कर पूछ ताझ कर रही है। पुलिस की सक्रिय से 24 घंटा के अंदर तीनो को गांव से गिरिफ्तार किया है। बताया जाता है की मृतक महिला अर्जुन उरांव के खेत में मजदूरी के काम कर रही थीं तभी तीन अपराधी ने पूरानी आपसी रंजिश में हत्या रविवार को कर दिया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर ने कहा की हत्या की तीनो अपराधी स्व सिद्धार्थ उरांव के पुत्र अशोक उरांव, स्व ताजे महतो के पुत्र काशी नाथ महतो एवं रामेशर मांझी के 30 वर्षीय पुत्र विनोद मांझी को गिरिफ्तार किया गया है। गिरिफ्तार तीनो अपराधी को नियम संगत कारवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।


## भाजपा का संकल्प पत्र आम लोगों के सुझाव से बनाः सुनीता सिंह

बिभा संवाददाता



**लोहरदगाः** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर मंडल स्थित अटल भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने घोषणा पत्र संकल्प पत्र के संबंध में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र आम लोगों के सुझाव से बनाया गया है। इसमें कुल 15 लाख सुझाव प्राप्त हुए उसमें से नमो एप एवं वीडियो के माध्यम से 10 लाख सुझाव प्राप्त हुए। भारतीय जनता पार्टी बिगत 10 वर्षों में जितने भी संकल्प जनता के बीच लिए थे वह मोदी जी के नेतृत्व में पूरी किए हैं और यही कारण है कि मोदी जी की गारंटी यानी गारंटी की गारंटी हम सभी कहते हैं। जिस प्रकार से बड़े पैमाने पर आम गरीब जनता सभी वर्गों का उत्थान से संबंधित है बनाई गई योजनाएं एवं उस योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर हुए हैं।समाज में बैठे हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंची है । ठीक उसी प्रकार से आगामी देश की प्रगति के लिए देश के किसान ,युवा, महिलाओ ,रेल क्षेत्र, धर्म एवं संस्कृति विकास योजना बनी है। युवाओं के लिए पेपर लीक की समस्या भविष्य के लिए एक बड़ी परेशानी का कारण बन गया है इसे देखते हुए भाजपा ने कहा है कि हमने भारत सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है अब हम इस कानून को शक्ति से लागू करके युवाओं के भविष्य के साथ है खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे। ताकि सरकारी भर्तियां समय बद्ध और पारदर्शी तरीके से कर पाएं। साथ युवाओं के लिए स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग विस्तार ,स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन , मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसर अधिक अवसर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से रोजगार में अवसर,उद्यमिता का भावना को बढ़ावा देगी। वहीं किसानों के लिए 6,000 रुपये प्रति वर्ष से सहायता प्रदान की है जिससे किसान मजबूत हुए हैं आने वाले दिनों में अन्य विश्व सुपर फूड के रूप में स्थापित किया जाएगा अनुसंधान और जागरूकता को भी सरकार बढ़ावा देगी। सरकार सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा साथी सहकारिता के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत पर्याप्त भंडारण की क्षमता का विकास किया जाएगा। कीटनाशक के प्रयोग सिंचाई सॉइल हेल्थ मौसम पूवार्नुमान जैसी कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए एक स्वदेशी भारत कृषि डिटेल लाइट की लॉन्चिंग होगी। वह महिलाओं को सग को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा महिला सग उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। सत्तर वर्ष से अधिक सभी को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा।दु व्यांग्य और किन्नरों को योजनाओं में प्राथमिकता, आवास योजना की लक्षयों बढ़ोत्तरी, महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किए जाएंगे महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय का निर्माण और रखरखाव की सुविधा सरकार करेगी वहीं एनीमिया ,स्तन कैंसर ,ऑस्टियोपोरोसिस ,सर्वाइकल कैंसर इस समस्याओं का विशेष ध्यान देकर महिलाओं के स्वास्थ्य जीवन के लिए अधिक प्रयास एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता दूर किया जाएगा। रेल के क्षेत्र में भी कई प्रकार की सुविधाओं को और भी बढ़ाएगी कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार होगा टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्राथमिकता की ओर कार्य कर रही है विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण होगा नहीं रेल पुत्री का और भी बढ़ाएगी कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार होगा टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रथानता की ओर कार्य कर रही है विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण होगा । 1300 रेलवे स्टेशन का विश्व स्तरीय मानकों पर पूर्ण विकास हो रहा है इस परियोजना विस्तार उन सभी बड़े और मध्य आकर के स्टेशनों तक किया जाएगा उसका एक उदाहरण जिला का रेलवे स्टेशन है जो कि पिछले 2014 के बाद जिस प्रकार से विकास हुआ वह जनता के समक्ष है आज यह स्टेशन लगभग सुविधा उपलब्ध हैं कार्य अभी भी जारी है राजधानी जैसी एक्सप्रेस ट्रेन लोहरदगा में रुकना एक सपने को पूर्ण होने के समान है। वही धर्म और संस्कृति को लेकर विभाजन जनता पार्टी लगातार धर्मस्थल पर कई कॉरिडोर निर्माण एवं क्षेत्रीय कलाओं को अवसर प्रदान कर रही है।

वहीं विपक्ष के घोषणा पत्र केवल घोषणाओं तक सीमित रह जाती है इसका जीता जागता उदाहरण हमारा प्रदेश है जहां केवल जल जंगल जमीन के नाम पर राजनीति करने वाले लोग इस आम गरीब आदिवासी का जमीन छीनकर राज्य के मुख्यमंत्री ही जेल में कैद है। भारतीय जनता पार्टी मोदी जी के नेतृत्व में आदिवासी समाज को एक पहचान दी है उसके समग्र विकास के लिए उनके उपयोग में ले जाने वाली चाहे वह खाद्य सामग्री हो शिक्षा का क्षेत्र हो सभी को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। आज हर एक आदिवासी भी अपने हक का लाभ सीधे जन धन खाते के माध्यम से बिना बिचौलियों के लाभ पा रहे हैं। सरकार इसीलिए तुष्टिकरण की नीतियों को खत्म करने के लिए समान नागरिक संहिता को लागू करने का वादा किया है। ताकि सभी समाज में समानता आ सके। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस एवं सोशल मीडिया प्रभारी सेजल कुमार उपस्थित थे।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com